आषाढ़ शुक्ल पक्ष पंचमी 09:24 तक उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 30 जून 2025
वर्ष 6, अंक 220, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ट्रंप ने अब किया गाजा में युद्ध समझौते का आह्वान 14

जिनके हाथ में हथियार, उनसे बात नहीं : शाह 12

## आईवीआरआई के दीक्षांत में उपाधियां बांटेंगी राष्ट्रपति

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सुबह 9.50 बजे एयरफोर्स स्टेशन पहुंचेंगी, राज्यपाल-मुख्यमंत्री करेंगे स्वागत

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के 11वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करेंगी। वह सुबह करीब 9.50 बजे त्रिशूल एयरफोर्स स्टेशन पर पहुंचेंगी। यहां राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ राष्ट्रपति का स्वागत करेंगे।

नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री के अनुसार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आईवीआरआई के स्वामी विवेकानंद ऑडिटोरियम में आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग करेंगी। करीब 11.30 बजे राष्ट्रपति को लेकर वायुयान एयरफोर्स हवाई अड्डे से गोरखपुर के लिए उड़ान भरेगा।

इससे पहले सुबह 8.50 बजे मुख्यमंत्री योगी लखनऊ से राजकीय वायुयान से एयरफोर्स स्टेशन पहुंचेंगे, जबकि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल 9.20 बजे पहुंचेंगी। दीक्षांत समारोह में 576 छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की जाएंगी।

# सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से 95 करोड़ लोग हो रहे लाभान्वित

**मन की बात** प्रधानमंत्री ने कहा 2015 तक 25 करोड़ तक ही पहुंचती थीं योजनाएं, कहा-देश हर क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि करीब 95 करोड़ लोग अब किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना से लाभान्वित हो रहे हैं, जबकि 2015 तक सरकारी योजनाएं 25 करोड़ से भी कम लोगों तक पहुंची थीं।

मोदी ने अपने मासिक 'मन की बात' रेडियो प्रसारण में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की एक रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि भारत की 64 प्रतिशत से अधिक आबादी को किसी न किसी रूप में सामाजिक सुरक्षा लाभ मिल रहा है। मोदी ने कहा कि फिलहाल भारत की अधिकांश आबादी किसी न किसी रूप में सामाजिक सुरक्षा लाभ उठा रही है। मोदी ने कहा कि आज देश के लगभग 95 करोड़ लोग किसी-न-किसी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ उठा रहे हैं, जबकि, 2015 तक 25 करोड़ से भी कम लोगों तक सरकारी योजनाएं पहुंच पाती थीं।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक, देश हर क्षेत्र में परिपूर्णता की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा कि यह सामाजिक न्याय की भी एक बेहतरीन तस्वीर है। इन सफलताओं ने यह विश्वास जगाया है कि आने वाला समय और भी बेहतर होगा। भारत हर कदम पर और भी मजबूत होगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत को 'ट्रेकोमा' मुक्त घोषित किए जाने को भी उल्लेखनीय उपलब्धि बताया और इस सफलता के लिए स्वास्थ्य कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। 'ट्रेकोमा' एक अत्यधिक संक्रामक जीवाणु संक्रमण है, जो दृष्टिहीनता का एक प्रमुख कारण रहा है। मोदी ने कहा कि स्वच्छ भारत अभियान ने भी इसे खत्म करने में मदद की। जल जीवन मिशन ने भी इस सफलता में बहुत योगदान दिया।

### आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों को याद किया जाना चाहिए

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आपातकाल के दौरान लोगों पर अत्याचार को लेकर तत्कालीन कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। आपातकाल का विरोध करने वाले प्रमुख नेताओं की टिप्पणियां सुनाईं और कहा कि इन्हें हमेशा याद रखा जाना चाहिए क्योंकि इससे हमें अपने संविधान को सशक्त बनाए रखने के लिए निरंतर सजग रहने की प्रेरणा मिलती है। मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने आपातकाल लगाया, उन्होंने ना सिर्फ संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी गुलाम बनाए रखने का था। मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का नाम लिए बिना कांग्रेस की निंदा की।

### कैलाश और अमरनाथ यात्रा का भी जिक्र

मोदी ने विभिन्न धार्मिक यात्राओं पर जाने वाले श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं भी दीं। कहा कि लंबे समय के बाद कैलाश मानसरोवर यात्रा पुन: शुरू हुई है। कैलाश मानसरोवर भगवान शिव का धाम है। इसे हर परंपरा में आस्था और भक्ति का केंद्र माना जाता है, चाहे वह हिंदू हो, बौद्ध हो या जैन हो। तीन जुलाई से शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि सावन माह में कुछ ही दिन बचे हैं।

अशोका फोम
SUMMER SALE
UPTO 70%
CURTAIN & SOFA FABRIC
MATTRESS & PILLOW
BED SHEET & BED COVER
TOWEL | WALL PAPER
Readymade Garments
FLAT 50% TO 80%
मिशन अस्पताल के सामने बरेली
मो. +91-9720031000

# 1 अप्रैल 2026 से जनगणना का पहला चरण, होगी घरों की गिनती

## हर घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं का डेटा एकत्र होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- 1 फरवरी 2027 से दूसरे चरण में जुटाया जाएगा जनसांख्यिकी विवरण, जातियों की भी गिनती



आगामी जनगणना के लिए घरों की गिनती का कार्य 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होगा, जो इस दशकीय प्रक्रिया के पहले चरण की शुरुआत होगी। भारत के महापंजीयक ने यह जानकारी दी है।

राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में भारत के जनगणना आयुक्त और महापंजीयक मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा कि घरों का सूचीकरण अभियान और आवास गणना एक अप्रैल, 2026 से शुरू होगी। पत्र में कहा गया है कि उससे पहले राज्यों एवं जिला प्रशासन के सहयोग से निरीक्षकों एवं गणकों की नियुक्ति की जाएगी तथा उनके बीच कामों का विभाजन किया जाएगा। जनगणना दो चरणों में होगी।

पहले चरण में यानी घरों के सूचीकरण अभियान (एचएलओ) में प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं के बारे में जानकारी एकत्र की जाएगी। पत्र के अनुसार, इसके बाद दूसरे चरण यानी जनसंख्या गणना (पीई) में हर घर में प्रत्येक व्यक्ति का जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य विवरण एकत्र किया जाएगा और यह चरण एक फरवरी, 2027 से शुरू होगा। एक सरकारी बयान में कहा गया था कि जनगणना में जातियों की भी गिनती की जाएगी। जनगणना कार्य के लिए 34 लाख से अधिक गणक और पर्यवेक्षक तथा लगभग 1.3 लाख जनगणना कार्यकर्ता तैनात किए जाएंगे। यह अब तक की 16वीं और आजादी के बाद आठवीं जनगणना है। आगामी जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन की मदद से डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। महापंजीयक और जनगणना आयुक्त कार्यालय ने नागरिकों से पूछे जाने वाले लगभग तीन दर्जन प्रश्न तैयार किए हैं। सर्वेक्षण के दौरान विभिन्न घरों में फोन, इंटरनेट, वाहन (साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, कार, जीप, वैन) और उपकरणों (रेडियो, टीवी, ट्रांजिस्टर) आदि के स्वामित्व के बारे में पूछा जाएगा। लोगों से अनाज उपभोग, पेयजल और प्रकाश के स्रोत, शौचालयों के प्रकार और सुलभता, अपशिष्ट जल निपटान, स्नान और रसोई की सुविधाओं, खाना पकाने के लिए प्रयुक्त ईंधन और एलपीजी/पीएनजी कनेक्शन के बारे में भी पूछा जाएगा। अन्य प्रश्नों में घर के फर्श, दीवारों और छत के लिए प्रयुक्त सामग्री, इसकी स्थिति, घर में रहने वालों की संख्या, कमरों की संख्या, विवाहित जोड़ों की उपस्थिति और क्या घर की मुखिया महिला है या अनुसूचित जाति या जनजाति से संबंधित है, आदि शामिल हैं।

### इकाइयों की सीमा में 31 दिसंबर के बाद बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** केंद्र ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से कहा है कि वे प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं में कोई भी प्रस्तावित परिवर्तन 31 दिसंबर से पहले कर लें, क्योंकि इस दिन तक किए गए बदलाव जनगणना कार्य के लिए अंतिम माने जाएंगे। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने कहा है कि जनगणना के लिए सभी गांवों और कस्बों को एक समान गणना प्रखंडों में विभाजित किया जाता है और प्रत्येक प्रखंड के लिए एक गणक नियुक्त किया जाता है, ताकि जनसंख्या की गणना के दौरान किसी भी चूक या दोहराव से बचा जा सके। नियमों के अनुसार, जनगणना प्रशासनिक इकाइयों जैसे जिला, उप-जिला, तहसील, तालुका और थाना की सीमा निर्धारित होने के तीन महीने बाद ही की जा सकती है। एक बार गणना प्रखंडों को अंतिम रूप दे दिए जाने के बाद प्रशासनिक इकाइयों की सीमाओं में कोई बदलाव नहीं होना चाहिए।

## एक नजर

### आप ने विधायक विजय प्रताप को किया निलंबित

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को अमृतसर उत्तर सीट से विधायक एवं पूर्व आईपीएस अधिकारी कुंवर विजय प्रताप सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में पांच साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया। सिंह ने कुछ दिन पहले आय से अधिक संपत्ति के मामले में शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के अमृतसर स्थित आवास पर सतर्कता ब्यूरो की छापेमारी के तरीके पर सवाल उठाया था।

# पुरी में रथ यात्रा के दौरान भगदड़ मचने से तीन श्रद्धालुओं की मौत

## गुंडिचा मंदिर के पास भोर में हुए हादसे में 50 घायल, छह गंभीर

- दो पुलिस अधिकारी निलंबित, डीएम और एसपी का किया तबादला
- मुख्यमंत्री ने दिए प्रशासनिक जांच के आदेश, मुआवजा देने की घोषणा

पुरी, एजेंसी



पुरी में वार्षिक रथ यात्रा उत्सव के दौरान एकत्र श्रद्धालु। ● एजेंसी

ओडिशा के पुरी में श्री गुंडिचा मंदिर के निकट रविवार को मची भगदड़ में तीन लोगों की मौत हो गई और लगभग 50 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना तड़के लगभग चार बजे हुई जब हजारों श्रद्धालु रथ यात्रा उत्सव देखने के लिए मंदिर के निकट एकत्र हुए थे। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिस अस्पताल में घायलों का इलाज हो रहा है, वहां के एक अधिकारी ने कहा कि 50 घायलों में से छह की हालत गंभीर है।

अधिकारियों ने बताया कि अनुष्ठान के लिए सामग्री ले जा रहे दो ट्रकों के भगवान जगन्नाथ और उनके भाई बलभद्र एवं देवी सुभद्रा के रथों के पास भीड़भाड़ वाले स्थान पर घुसने के बाद अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवताओं की एक झलक पाने के लिए तड़के से ही मंदिर के बाहर एकत्र हो गए थे, क्योंकि अनुष्ठान के तहत भगवान के चेहरों पर से पाहुड़ा (कपड़ा) हटाया जाना था।

मृतकों की पहचान बोलागढ़ निवासी बसंती साहू (36) और बालीपटना निवासी प्रेमकांत मोहंती (80) और प्रवती दास (42) के रूप में हुई है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने जिलाधिकारी सिद्धार्थ एस. स्वैन और एसपी विनीत अग्रवाल का तबादला करने का आदेश दिया। माझी ने दो पुलिस अधिकारियों- डीसीपी बिष्णु पति और कमांडेंट अजय पाधी को निलंबित करने की भी घोषणा की। उन्होंने विकास आयुक्त की निगरानी में मामले की प्रशासनिक जांच के आदेश दिए।

### मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख की सहायता

ओडिशा सरकार मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। वरिष्ठ अधिकारी अरविंद अग्रवाल को रथ यात्रा की समग्र निगरानी के वास्ते प्रभारी नियुक्त किया गया है। इससे पहले मुख्यमंत्री माझी ने एक्स पर कहा कि भगदड़ की घटना के लिए मैं और मेरी सरकार सभी जगन्नाथ भक्तों से क्षमा मांगते हैं। माझी ने कहा कि महाप्रभु के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में उत्सुकता अधिक थी... धक्का-मुक्की और अफरा-तफरी के कारण यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई।

# गांवों के कायाकल्प की तैयारी, 2.15 लाख करोड़ से होगा विकास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उतरने से पहले योगी सरकार ने की तैयारी
- 17 नगर निगमों के ढांचागत विकास के लिए भी 1.29 लाख करोड़ रुपये

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उतरने से पहले गांव, ब्लाक और जिला पंचायत क्षेत्रों के कायाकल्प के लिए 5 साल का रोडमैप तैयार किया है। इसमें 2.15 लाख करोड़ रुपये खर्च होंगे। योगी का मिशन 2031 गांवों को आधुनिक और समृद्ध बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है। इसी के साथ प्रदेश के 17 नगर निगमों के लिए भी 1.29 लाख करोड़ से विकास का रोडमैप तैयार किया गया है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2026 में अप्रैल से मई के बीच होने हैं। इसे लेकर गांव से लेकर ब्लाक और जिला पंचायत स्तर तक विकास कार्यों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरने की तैयारी करनी शुरू कर दी है। ऐसे में सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था, रोजगार से लेकर ढांचागत विकास में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती।

राज्य सरकार ने केंद्रीय वित्त आयोग को ग्रामीण विकास के लिए विस्तृत योजना पेश की है। इसमें ग्राम पंचायतों के लिए 1,74,755 करोड़, ब्लॉक के लिए 17,334 करोड़ और जिला पंचायतों के लिए 22,940 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शामिल है। कुल मिलाकर 2.15 लाख करोड़ रुपये की यह राशि मरम्मत, रखरखाव और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए इस्तेमाल होगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संकल्प जताया है कि साल 2031 तक प्रदेश के गांव आत्मनिर्भर और समृद्ध होंगे। इस मिशन के तहत सड़क, पानी, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने पर जोर दिया जा रहा है।

केंद्रीय वित्त आयोग के सामने यह प्रस्ताव रखकर सरकार ने साफ कर दिया है कि ग्रामीण विकास उसकी प्राथमिकता में शीर्ष पर है। सरकार का मानना है कि यह योजना गांवों की तस्वीर बदलने में बड़ी भूमिका निभाएगी।

### विकास कार्यों के साथ रोजगार भी मिलेगा

राज्य सरकार के इस कदम से न सिर्फ ग्रामीण इलाकों की दशा में व्यापक रूप से सुधार आएगा, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में 2.15 लाख करोड़ रुपये का निवेश रोजगार सृजन और बेहतर जीवन स्तर का भी आधार बनेगा। इस योजना से न सिर्फ विकास को गति देगी, बल्कि सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में भी मदद करेगी।

# यूपी सहित कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

- आंधी चलने के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने की आशंका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



नई दिल्ली में बारिश के दौरान कर्तव्य पथ पर आगंतुक। ● एजेंसी

**अमृत विचार :** मध्य भारत के बाद अब उत्तर भारत में भी मानसून पूरी तरह सक्रिय होने जा रहा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 48 घंटों में मानसून पूरे देश को कवर कर लेगा। इसके चलते उत्तर प्रदेश, दिल्ली-एनसीआर, बिहार, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब में तेज बारिश होने का अलर्ट है। आंधी चलने, गरज-चमक और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है।

उधर, पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश हो रही है, जो आने वाले दिनों में भी जारी रहने की संभावना है। आईएमडी ने चेतावनी दी है कि पहाड़ी और मैदानी इलाकों में आकाशीय बिजली, ओलावृष्टि और बाढ़ जैसी आपदाओं का खतरा बढ़ सकता है। खासकर तराई और नदी किनारे बसे इलाकों में रहने वालों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।

मानसूनी बारिश से चहुंओर मौसम में ताजगी और ठंडक घुल गई है। फिलहाल मानसून ने राजस्थान, पश्चिम उत्तर प्रदेश, हरियाणा, झारखंड और सम्पूर्ण दिल्ली को प्रभाव में ले लिया है।

### नौ दिन पूर्व ही पूरे देश में पहुंचा मानसून

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मानसून ने अपनी सामान्य तिथि 27 जून के दो दिन बाद दस्तक दी और देश के शेष हिस्सों में यह सामान्य तिथि 8 जुलाई से नौ दिन पहले ही पहुंच गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ओर से रविवार को जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, 2020 के बाद यह पहला मौका है जब मानसून पूरे देश में इतनी जल्दी पहुंचा है। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि मॉनसून रविवार 29 जून 2025 को राजस्थान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा के शेष हिस्सों और दिल्ली में पहुंच गया। सात दिनों तक उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्वी और पूर्वोत्तर में अत्याधिक बारिश होगी।

# ट्रेन छूटने के 8 घंटे पहले तैयार होगा आरक्षण चार्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

- रेलवे यात्री आरक्षण प्रणाली में मंगलवार से बड़ा बदलाव

भारतीय रेलवे यात्री आरक्षण प्रणाली में एक जुलाई से बड़ा बदलाव करने जा रही है जिसके फलस्वरूप टिकट बुकिंग क्षमता में विस्तार और तत्काल टिकट बुकिंग में उपयोगकर्ता के आधार से प्रमाणीकरण के साथ आरक्षण चार्ट बनाने का तरीका भी बदला जा रहा है। अब ट्रेन के प्रस्थान से आठ घंटे पहले ही आरक्षण चार्ट बन जाएगा।

वर्तमान व्यवस्था में अभी आरक्षण चार्ट ट्रेन प्रस्थान के चार घंटे पहले बनाया जाता है जिससे यात्रियों में अनिश्चितता बनी रहती है, विशेषकर उन लोगों के लिए जो आस-पास के क्षेत्रों से ट्रेन पकड़ने आते हैं। अब नई प्रणाली के लिए रेलवे बोर्ड ने प्रस्ताव किया है कि चार्ट ट्रेन प्रस्थान से आठ घंटे पहले तैयार किया जाए। यदि ट्रेन अपराह्न दो बजे से पहले प्रस्थान करती है तो चार्ट एक दिन पहले रात नौ बजे ही तैयार कर लिया जाएगा। रेल मंत्री ने चरणबद्ध तरीके से इसे लागू करने के निर्देश दिए हैं। इससे वेटिंग टिकट वाले यात्रियों को स्थिति का जल्दी पता चलेगा और वैकल्पिक व्यवस्था के लिए अधिक समय मिलेगा।

# कपलिंग के टूटने से दो भागों में बंटी हरदुआ जा रही मालगाड़ी

संवाददाता, शाहजहांपुर/रोजा

- अप लाइन पर डेढ़ घंटे संचालन रहा प्रभावित रहा



मालगाड़ी की टूटी कपलिंग।

**अमृत विचार :** गोंडा से हरदुआ जा रही मालगाड़ी की कपलिंग अटसलिया रेलवे फाटक के पास टूट जाने से गाड़ी दो भागों में बंट गई। इस कारण अप लाइन पर डेढ़ घंटे तक संचालन प्रभावित रहा। काठगोदाम और शहीद एक्सप्रेस को रोजा रेलवे स्टेशन पर रोक दिया गया।

गोंडा से मालगाड़ी हरदुआ जा रही थी। रविवार तड़के 3:45 बजे अटसलिया क्रासिंग के निकट उसकी कपलिंग अचानक टूट गई जिससे मालगाड़ी दो भागों में बंट गई। लोको पायलट और गार्ड ने रेलवे कंट्रोल और रोजा स्टेशन मास्टर को सूचना दी तो रेल अधिकारी-कैरिज विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। गार्ड की तरफ के वैगन को इंजन में जोड़कर रोजा यार्ड की तरफ वापस किया गया। मुख्य रेल लाइन पर संचालन ठप हो गया।

# रेल ट्रैक के नीचे से पानी का रिसाव, नहीं चलेंगी ट्रेनें

संवाददाता पलिया कलां/मैलानी (लखीमपुर खीरी)



पलिया-भीरा के मध्य रेल लाइन के नीचे से पानी का रिसाव होने से दरकती जमीन।

- पलिया की अतरिया रेलवे क्रासिंग के पास तेज धार से कटान का बढ़ा खतरा

> मैलानी-पलिया के बीच अतरिया क्रासिंग के निकट बनबसा डैम से पानी छोड़ने से जलभराव है। हालांकि ट्रैक सुरक्षित है। फिर भी संभावित खतरे को देखते हुए कॉसन लिया गया है।
> **-महेश गुप्ता**, जनसंपर्क अधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल।

**अमृत विचार :** पहाड़ों पर हुई भारी बारिश से उफनाई शारदा नदी का पानी शनिवार की रात से भीरा-पलिया के बीच रेलवे ट्रैक के नीचे से रिसाव कर तेजी से बहने लगा है। इससे मैलानी-नानपारा रेल प्रखंड के धंसने और कटान की आशंका बढ़ गई है।

वहीं आसपास के गांवों में भी बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। भाजपा विधायक रोमी साहनी ने डीएम को चिट्ठी लिखकर कड़ी नाराजगी जाहिर की है। साथ ही रेल अधिकारियों से रिसाव रोक कर रेलवे ट्रैक को ठीक कराने को कहा है। मैलानी-पलिया के बीच अतरिया क्रासिंग के निकट रविवार को शारदा का जलस्तर अचानक बढ़ गया। इससे रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचने की आशंका बन गई। बढ़ते जलस्तर से करीब 10 मीटर तक कटान होने और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेलवे ने मैलानी-नानपारा के बीच चलने वाली ट्रेनों का संचालन बंद करने का निर्णय लिया है। बताते हैं कि दिन में कटान और ट्रैक की सुरक्षा का जायजा लेने के लिए रेलवे के पीडब्ल्यूआई मौके पर गए थे। उन्होंने ट्रैक कटान के खतरे को भांपते हुए रेल संचालन बंद करने की रिपोर्ट अधिकारियों को सौंपी है। टीआई चंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया रिपोर्ट पर रेल प्रशासन ने अगले आदेश तक मैलानी-पलिया रेलखंड पर चलने वाली ट्रेनों का संचालन सोमवार से न करने का निर्णय लिया है।

## एक नजर

### दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

शाहजहांपुर, अमृत विचार : अभियान के तहत सदर बाजार पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उप निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि पुवायां का विशाल एक किशोरी को अगवा करके ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया था। किशोरी के परिवार वालों ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस ने आरोपी को रविवार की दोपहर गदियाना चुंगी से गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

### तमंचे संग युवक गिरफ्तार

शाहजहांपुर, अमृत विचार : बंडा थाना के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार को सूचना मिली कि क्षेत्र में एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। पुलिस ने उसे पकड़ लिया और तलाशी में तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पकड़ा गया आरोपी नितिन यादव भानपुर थाना बंडा है। पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

### आरोपी को किया गिरफ्तार

शाहजहांपुर, अमृत विचार : चौक कोतवाली के अपराध निरीक्षक पवन शर्मा ने बताया कि एक युवती ने अप्रैल माह में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शादी का झांसा देकर आरोपी सोनू गुप्ता ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। आरोपी फरार चल रहा था। पुलिस ने हरदोई में आरोपी को गिरफ्तार करके चालान कर दिया। आरोपी चौक कोतवाली का मोहल्ला बिजलीपुरा का रहने वाला है। आरोपी पर पहले से दो मुकदमे दर्ज है।

# बारिश ने खोली आदर्श नगर पंचायत की पोल

## साहूकार मोहल्ले की गलियां बनीं दलदल, वाहन निकालना तो दूर, ग्रामीणों का पैदल जाना भी हुआ मुश्किल

संवाददाता, कलान

अमृत विचार : बारिश के पानी ने आदर्श नगर पंचायत की पोल खोल दी है। कहने के लिए तो कस्बे को नगर पंचायत का दर्जा दिया गया है, लेकिन जरूरी सुविधाओं से कस्बे लोग वांचित है। यहां सड़के, पीने का पानी और सफाई को लेकर अव्यवस्थाएं है। लोगों को बरसात में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

साहूकार मोहल्ले की गली का हाल खराब है। वाहन निकलना तो दूर की बात रही, यहां पैदल भी निकलना मुश्किल है। मोहन आदर्श इंटर कॉलेज को जाने वाली गली का भी हाल बेहद खराब है। यह गली दलदल का रूप ले चुकी हैं। इस गली से गुजरा मुश्किल हो गया है और अगर कोई निकलता है तो वह कीचड़ से लथपथ हो जाता है। वर्षा से जगह-जगह जल भराव की समस्या उत्पन्न हो रही है। स्टेट हाईवे मुरादाबाद फर्रुखाबाद पर कई जगह जानवरों की समस्या है। वहीं स्टेट हाईवे मुरादाबाद फर्रुखाबाद एवंपरौर मार्ग पर स्थित नाला चोक हो गए हैं। इनसे वर्षा का पानी निकालना मुश्किल हो गया है। इतना ही नहीं वर्षा होने से थाना ब्लॉक रोड बिल्कुल पानी से लबालब हो जाते हैं। उल्टा पानी घरों में घुसना शुरू हो जाता है। वहीं ब्लॉक एवं साधन सहकारी संघ के परिसर में बारिश का पानी भरा हुआ है। अगर यह पानी नहीं निकला तो सड़ना शुरू हो जाएगा और संक्रामक रोग पनपने लगेंगे। क्योंकि यह प्रांगण खाली होने की वजह से गंदे पानी के निकास की व्यवस्था नहीं है। इस कारण समस्या उत्पन्न हो सकती है। विभागीय अधिकारी कर्मचारी को चाहिए की इस गंदे पानी की निकास की व्यवस्था किए जाने की कार्रवाई अमल में लाई जाए।


दलदल बनी सड़क से गुजरता बालक। ● अमृत विचार


बारिश के कारण सड़कों पर हुआ जलभराव। ● अमृत विचार

- बारिश होने से नगर में जगह-जगह जलभराव, घरों में घुसा पानी

"कुछ लोग अनावश्यक रूप से गलियों में घरों का पानी बहा रहे हैं और कूड़ा भी नालों व नालियों में डाल रहे हैं। इससे जलभराव की समस्या होती है। मेरा प्रयास है कि कस्बे की सभी गलियां व सड़कें बेहतर हो किसी को दिक्कत न हो इसके लिए कार्य करा रहे हैं।

– **हरिनारायण गुप्ता**, कलान चेयरमैन

### जलभराव में नहीं दिखे गड्ढे, गिरकर चोटिल हुए लोग

शाहजहांपुर, अमृत विचार : बारिश से महानगर की तमाम टूटी सड़कों में पानी भर जाने से राहगीरों को परेशानी हुई। गड्ढों में पहिया जाने से कई लोग चोटिल भी हो गए। टाउनहाल, गदियाना, सदर, मुख्य बाजार, चौक समेत तमाम मोहल्लों की टूटी सड़कों में पानी भर गया। तमाम लोग गिकर चोटिल हो गए। दूसरी ओर शहर में सीवर लाइन बिछाने के बाद सड़कों की हुई मरम्मत पर प्रश्न चिह्न लग रहा है। इसका कारण जगह–जगह सड़क ऊबड़ खाबड़ होना है। केरुगंज से कचहरी तक सीवर लाइन का काम पूरा होने के बाद सड़क का निर्माण करवाया गया था। इसके बाद भी तमाम स्थानों पर सड़क ऊबड़–खाबड़ है। पुलिस लाइन के पास और गदियाना रोड की सड़क भी अब तक ठीक नहीं हो सकी है। यहां से गुजरने वालों को रविवार को परेशानी का सामना करना पड़ा। राहगीरों व वाहन चालकों को उससे बचते हुए गुजरना पड़ा। इसी तरह से पंखी चौराहा से लाल पंखी चौराहा से निशात रोड तक भी सड़क स्मूथ नहीं है। जिससे भी लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।


टूटी सड़क से गुजरता बाइक सवार और ई–रिक्शा चालक।

# सुबह से रही उमस, दोपहर बाद बारिश से मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 15.8 मिली मीटर हुई बारिश अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री सेल्सियस रहा

अमृत विचार : उमस भरी गर्मी से जूझ रहे लोगों को रविवार दोपहर बाद बारिश की फुहारों से राहत मिली। सुबह से लेकर दोपहर तक लोग उमस भरी गर्मी से परेशान रहे, लेकिन दोपहर बाद बारिश की फुहारें गिरनी शुरू हो गईं। जिससे तापमान में गिरावट आने की संभावना जताई गई है।

गन्ना शोध संस्थान के मौसम वैज्ञानिक डॉ. मनमोहन सिंह ने बताया कि रविवार को अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि 15.8 मिली मीटर बारिश हुई। शनिवार को अधिकतम तापमान 36.2 और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। इस तरह देखें तो शनिवार के मुकाबले रविवार को अधिकतम तापमान में 3.4 डिग्री की गिरावट आई और न्यूनतम तापमान में 8.6 की बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले 24 घंटे में बारिश होने की संभावना जताई गई है।


बारिश में भीगते हुए जाते स्कूटी सवार युवा। ● अमृत विचार






# सहयोग संस्था ने गांधी पार्क में किया पौधरोपण

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सहयोग संस्था ने रविवार को पौधरोपण अभियान को बरसात के महीने में और तेजी से करने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में रविवार को गांधी पार्क में पौधरोपण किया। इसमें कुछ छायादार वृक्ष और कुछ फलदार वृक्ष लगाए।

संस्था की वरिष्ठ उपाध्यक्ष और पौधारोपण प्रभारी नुजहत अंजुम ने कहा कि पौधों का महत्व हम सभी जानते हैं कि कितना है इसीलिए अगर हम पौधे लगाए तो उनको सुरक्षित रखना भी हमारी जिम्मेदारी है। इस मौके पर संरक्षक अनिल गुप्ता प्रधान, शाहनवाज खां एडवोकेट, संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता, डायरेक्टर तराना जमाल, महासचिव विकास सक्सेना, स्तुति गुप्ता, सुमन, मोहम्मद नाजिम, शालू यादव, रासु, अलका गुप्ता, सैयद अनवर, सबाब, सुधीर आदि मौजूद रहे।

# सांसद ने की एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत


पौधरोपण करते सांसद अरुण कुमार सागर। ● अमृत विचार

शाहजहांपुर, अमृत विचार : वार्ड नंबर 6 अजीजगंज में भाजपा सांसद अरुण सागर ने अलग-अलग वार्ड के भाजपा पार्षदों के साथ पौधरोपण कर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की। सभी से अपील की है कि जीवन को सरल बनाने के लिए पेड़ों का भी बहुत बड़ा योगदान होता है। इसलिए सभी को मां के नाम एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए।

सांसद अरुण सागर ने कहा कि यह अभियान सतत विकास के लिए देश की आवश्यकता के अनुरूप की गई पहल है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाना है। यह सरल कार्य दोहरे उद्देश्य को पूरा करता है। इस दौरान शक्ति केंद्र संयोजक संजय कुमार, राजीव गुप्ता, वर्षा अवस्थी, जेपी मिश्र, विपिन गुप्ता, सुभाष, श्री कृष्ण गिरिजाशंकर, अभिषेक यादव, वैभव खन्ना, सत्यम शर्मा, पार्षद मनीष गुप्ता और पार्षद वेद प्रकाश मौर्य मौजमपुर रहे।

# व्यापार मंडल की अजीजगंज इकाई के कैलाश बने अध्यक्ष


नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ जिला व महानगर अध्यक्ष।

शाहजहांपुर, अमृत विचार : उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश की बैठक रविवार को अजीजगंज स्थित महानगर वरिष्ठ मंत्री गोपाल सक्सेना के प्रतिष्ठान पर जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में व्यापारियों की समस्याओं को लेकर चर्चा हुई। इसमें व्यापारियों ने अनगिनत समस्याओं से रूबरू कराया। इस पर तत्काल जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता के निर्देश पर महानगर अध्यक्ष मोहम्मद सलाउद्दीन ने अजीजगंज इकाई का चुनाव पूर्वक गठन कराया। इसमें कैलाश चंद्र को अध्यक्ष और गुलजार अहमद को महामंत्री सर्व सहमति से चुना गया। बैठक जिला वरिष्ठ महामंत्री सुशील गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सैयद अनवर मियां, जिला कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, महानगर महामंत्री मोहम्मद रफी खान, महानगर उपाध्यक्ष आबिद हसन खां, महानगर वरिष्ठ मंत्री गोपाल सक्सेना, महानगर संगठन मंत्री निहाल गुप्ता, दीपक मिश्रा, मनसुख कुमार, सतीश पांडे, रवि शर्मा, प्रीतम सिंह आदि मौजूद रहे।





# निपुण अस्पताल के मेडिकल स्टोर में 20 लाख का गबन

## महंगी दवाइयों का स्टॉक रजिस्टर में नहीं चढ़ाते थे दोनों आरोपी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- हिसाब मांगने पर लापता हो गए गबन करने के आरोपी
- डॉक्टर ने जताई दो करोड़ रुपये के घोटाले की आशंका

**अमृत विचार :** निपुण अस्पताल में स्थित मेडिकल स्टोर के दो कर्मचारियों ने 20 लाख रुपये का गबन कर लिया। शक होने पर डॉक्टर ने कर्मचारियों से हिसाब लेना चाहा, लेकिन वह अचानक लापता हो गए। अस्पताल संचालक ने दोनों के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। साथ ही उन्होंने आशंका जताई है कि जांच में यह धनराशि दो करोड़ तक पहुंच सकती है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला बहादुरगंज स्थित निपुण अस्पताल के संचालक डॉ. नीरज अग्रवाल ने बताया कि अस्पताल में अग्रवाल डिस्पेंसरी के नाम से मेडिकल स्टोर संचालित होता है। मेडिकल स्टोर में मनमोहन गुप्ता निवासी बाबूजई थाना कोतवाली चार साल और विवेक कुमार सिंह

> दोनों आरोपी मनमोहन गुप्ता व विवेक कुमार सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।
>
> – अश्वनी सिंह, प्रभारी निरीक्षक

निवासी करीमनगर थाना दातागंज जिला बदायूं तीन साल से कार्यरत थे। मेडिकल स्टोर में धनराशि अस्पताल की लगी हुई है। दोनों कर्मचारियों के क्रियाकलापों को लेकर संचालक डॉ. नीरज को शक हुआ कि दोनों मेडिकल स्टोर की धनराशि और दवाइयों की बिक्री के रुपये का गबन कर रहे हैं। उन्होंने दोनों कर्मचारियों से मेडिकल स्टोर पर बिक्री हुई दवाइयों का हिसाब-किताब चेक करके बताने के लिए कहा। आरोप है कि 21 मई को बिना हिसाब-किताब कराए दोनों कर्मचारी मनमोहन गुप्ता व विवेक कुमार सिंह अचानक गायब हो गए। उन्होंने मेडिकल स्टोर का हिसाब मिलाया तो पता चला कि पिछले छह माह में दोनों कर्मचारियों 20 लाख 34 हजार 260 रुपये का गबन किया है।

उन्होंने कहा कि यह मोटा-मोटा हिसाब है। दोनों कर्मचारियों के कार्यकाल का पूरा हिसाब मिलाने में और समय लगेगा। अस्पताल संचालक को अंदेशा है कि दोनों आरोपियों ने सिर्फ 20 लाख 34 हजार 260 रुपये का ही गबन नहीं किया है बल्कि यह रकम इससे कहीं ज्यादा लगभग दो करोड़ तक हो सकती है। दोनों आरोपी महंगी दवाइयां स्टॉक रजिस्टर में नहीं चढ़ाते थे। पैसा मांगने पर दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी दी है।

# फूटा कुआं के पास बाइक से गिरकर महिला की मौत

- नगरिया बुजुर्ग में बीमार बहन को देखने बेटे संग जा रही थी महिला

**पुवायां, अमृत विचार :** पीलीभीत के थाना बीसलपुर क्षेत्र के गांव मीरपुर निवासी 50 वर्षीय मंजू देवी पत्नी नेत्रपाल बेटे तेजपाल सिंह के साथ पुवायां थाना क्षेत्र के गांव नगरिया बुजुर्ग में बीमार बहन सरला देवी को देखने जा रही थीं। दोपहर करीब 1:30 बजे सिंधौली क्षेत्र के फूटा कुआं गांव के पास अचानक बाइक से गिरकर मंजू देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं।

घटना के बाद उन्हें एंबुलेंस से पुवायां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां उनकी गंभीर हालत देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां एम्बुलेंस पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार कई बार एम्बुलेंस को फोन करने पर भी 108 एंबुलेंस करीब 3:25 बजे पहुंची, तब तक मंजू देवी की मौत हो चुकी थी।महिला की मौत की घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। कोतवाल पुवायां रवि करन सिंह ने बताया घटनास्थल सिंधौली क्षेत्र होने के कारण सिंधौली पुलिस को जानकारी दे दी गई है।






## एक नजर

### ट्रक से 200 लीटर डीजल चोरी, दिया शिकायती पत्र

**जैतीपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव गौहपुर निवासी देवेंद्र ने तहरीर में बताया कि वह ट्रक ड्राइवर है। उसने ग्राम प्रधान के घर के सामने स्कूल के पास ट्रक खड़ा किया था। रात में अज्ञात चोरों ने करीब 200 लीटर डीजल चोरी कर लिया। ट्रक ड्राइवर ने ग्राम प्रधान से सीसीटीवी कैमरे चेक करने को कहा तो ग्राम प्रधान ने मना कर दिया।

### कुएं से निकाला नंदी

**पुवायां, अमृत विचार :** शनिवार रात क्षेत्र के गांव सुनारा बुजुर्ग में एक नंदी गांव के गहरे कुएं में गिर गया। दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से बमुश्किल नंदी को कुएं से बाहर निकलवाया।

# विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर कबूतरबाजी

- ठगों ने वर्क बीजा पर पुर्तगाल में नौकरी लगवाने का दिया झांसा
- पीड़ितों ने सीएम, डीएम और पुलिस अधिकारी से की शिकायत

**बंडा, अमृत विचार :** नौकरी के लिए विदेश भेजने के नाम पर ठगी के मामले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। बंडा पुलिस इन मामलों में हीलाहवाली कर रही है। इसके चलते ठगों के हौसले बुलंद हैं। बंडा सहित खुटार के तीन लोगों ने धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पीड़ितों ने रविवार को मुख्यमंत्री समेत डीएम व पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

बंडा के गांव धीमरपुर निवासी गुरजीत सिंह, लुकमानपुर बहेड़ा निवासी हरजिंदर सिंह व थाना खुटार के गांव मलूकपुर निवासी सुखवीर सिंह ने मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल समेत डीएम व पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजकर बताया कि उन सभी से एक व्यक्ति अलग अलग जगहों पर मिला। यहां उसने बताया कि वह लोगों को विदेश भेजने का काम करता है। लोगों ने पूछा की वह उन्हें कहां भेजेगा तब उसने वर्क बीजा पर पुर्तगाल भेजने की बात कही। उसने हरजिंदर से 9 लाख, सुखवीर से 9 और गुरजीत सिंह से 8 लाख रुपये में भेजने की बात कही। पीड़ित सुखवीर सिंह के मुताबिक उसने तीन लाख रुपये नगद आरोपियों को दिए। वहीं पीड़ित गुरजीत सिंह के मुताबिक सात लाख नगद बाकी लोगों के खाते में दिए। पीड़ित हरजिंदर के मुताबिक तीन लाख रुपये बाकी लोगों के खाते में दिए। कई माह बीतने के बाद भी उन्हें विदेश नहीं भेजा गया। काफी कहने के बाद आरोपी उन्हें एक अन्य व्यक्ति के पास लेकर पहुंचा और कहा कि तुम लोगों को दुबई के रास्ते पुर्तगाल भेजा जाएगा और लोगों को दुबई भेज दिया गया। लगभग 15 दिन बाद दुबई से अजरबाइजान भेज दिया। एक माह तक आगे भेजने के लिए टाल मटोल करते रहे। तब तक लोगों का वीजा समाप्त हो गया। इससे उन्हें जुर्माना भरकर वापस आना पड़ा। पीड़ितों का आरोप है कि वापस आने के बाद जब वह लोग आरोपी से मिले तब उसने पुनः विदेश भेजने की बात कही, लेकिन जब उसके द्वारा काफी दिनों तक विदेश नहीं भेजा गया तो पीड़ितों ने अपने पैसे वापस मांगे। आरोप है कि पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए पैसे वापस करने से मना कर दिया। पीड़ितों ने बंडा थाने में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन पुलिस अब तक कोई कार्रवाई नहीं कर सकी है। पीड़ितों ने मुख्यमंत्री, जिला अधिकारी व पुलिस कप्तान को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# सड़क हादसों में बोरिंग मिस्त्री समेत दो की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर


मृतक अरविंद।


मृतक वेदराम।

- पुवायां में अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर
- कटरा में वाहन ने साइकिल को मारी टक्कर

**अमृत विचार :** अलग-अलग स्थानों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

खुटार थाना क्षेत्र के गांव चमराबोझी निवासी 26 वर्षीय अरविंद कुमार बोरिंग मिस्त्री थे। वह खुटार से शहर किसी काम से आए थे। शनिवार रात 9:30 बजे शहर से खुटार बाइक से जा रहे थे। खुटार-पुवायां रोड पर गंगसरा और करनापुर के बीच अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अरविंद घायल हो गए। पुवायां पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी पर लेकर आए। डॉक्टर ने बोरिंग मिस्त्री को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायल की रात में इलाज के दौरान मौत हो गई। उधर, मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर निवासी 55 वर्षीय वेदराम रविवार की दिन में 11:30 बजे साइकिल से सब्जी लेने के लिए जा रहे थे। जलालाबाद-मदनापुर रोड पर चार पहिया वाहन ने साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार वेदराम की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी बनेंगे आपदा मित्र, मिलेगी ट्रेनिंग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में प्रदेश विधान परिषद की दैवीय आपदा प्रबंधन जांच समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में बदायूं जिले के अधिकारी, एमएलसी और विधायक उपस्थित रहे।

समिति के सभापति अवनीश कुमार सिंह ने सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को आपदा मित्र के रूप में प्रशिक्षित करने का सुझाव दिया। स्कूलों में सर्पदंश जैसी घटनाओं से बचाव के लिए विशेष कदम उठाए जाएंगे। प्रत्येक सप्ताह प्रार्थना सभा में बच्चों को आपदा से बचाव के तरीकों की जानकारी दी जाएगी। वेस्टेज वाटर की समस्या के समाधान के लिए एक विशेष समिति का गठन किया जाएगा। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने सभी निर्देशों के पालन का आश्वासन दिया है।

### किशोर की गुमशुदगी दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला सराय काइयां निवासी निखिल जोशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका 13 साल का पुत्र कृष्णा जोशी 16 जून को बिना बताए कही चला गया है। उन्होंने पुत्र को तलाश किया और नहीं मिला। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। पुलिस किशोर की तलाश में जुट गई है।

# मालगाड़ी की चपेट में आकर व्यक्ति की कटकर मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** टाउनहाल पुल के निकट रोजा की ओर जा रही मालगाड़ी की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत हो गई।

मालगाड़ी रविवार की सुबह 10 बजे शाहजहांपुर से रोजा की ओर जा रही थी। टाउनहाल पुल के निकट मालगाड़ी की चपेट में आकर अज्ञात व्यक्ति की कटकर मौत हो गई। लोको पायलट ने रेलवे कंट्रोल और स्टेशन मास्टर को सूचना दी। स्टेशन मास्टर ने जीआरपी को मेमो दिया। डाउन लाइन की रेल लाइन के बीच में शव पड़ा था। दूसरी मालगाड़ी के लोको पायलट ने मालगाड़ी को रोक दिया। स्टेशन मास्टर ने जीआरपी थाना और सदर बाजार थाना को मेमो दिया। मालगाड़ी पौन घंटे तक खड़ी रही। सदर बाजार पुलिस ने अज्ञात शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। मृतक की उम्र 42 साल है और नीले रंग की पैंट और महरु रंग की टी शर्ट पहने हुए था।

# शारीरिक संबंध बनाने से मना किया तो तोड़ी शादी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जरूरी बात करने का बहाना कर मंगेतर ने बुलाया
- 15 जून को थी शादी, आरोपी समेत पांच पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** शादी से पहले मंगेतर ने शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। विरोध करने पर शादी तोड़ दी। पुलिस मंगेतर समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कटरा थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला की युवती ने बताया कि उसकी शादी बरेली के आसिफ के साथ तय की थी। शादी 17 जून 25 को होना तय हुई। मंगेतर ने कुछ जरूरी बातें करने के लिए बुलाया तो युवती मां के साथ बरेली के कैंट क्षेत्र के नकटिया में एक कार्यालय के सामने गई। युवती की मां अस्पताल में दवा लेने की बाह कहकर दोनों को अकेला छोड़कर चली गई। मंगेतर ने युवती से कमरे पर चलने का दवाब बनाया। मंगेतर ने उससे कहा कि जमाना बदल गया है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी मंगेतर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। उसने पीड़िता से कहा कि इस लिए बुलाया है कि शादी से पहले शारीरिक संबंध बनाना चाहता हूं। कुछ दिन बाद पत्नी बन जाओगी। वह अपनी जान बचाकर सड़क के किनारे खड़ी हो गई। उसकी मां दवा लेकर आ गई।

उसने घर जाकर मंगेतर की बात बताई। मंगेतर के परिवार वालों ने कहा कि शादी से पहले शारीरिक संबंध बनाना चाहे तो कोई नई बात नहीं है। आरोप है कि मंगेतर के परिवार वालों ने शादी करने से मना कर दिया और जेवर आदि सामान रख लिया है। प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर ने बताया कि मंगेतर आसिफ समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# चोरी की बाइक और ई-रिक्शा खरीदने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

- अलग- अलग मामलों में पुलिस ने दोनों को किया गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने चोरी की बाइक और ई-रिक्शा खरीदने के दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से वाहनों को लेकर रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया है।

सदर बाजार थाना के उप निरीक्षक विवेक कुमार को रविवार की दोपहर एक बजे सूचना मिली कि एक व्यक्ति चोरी का ई-रिक्शा लेकर गदियाना चुंगी के पास खड़ा है। पुलिस ने उसे पकड़ लिया और चोरी का ई-रिक्शा बरामद किया है। पकड़ा गया आरोपी आसिफ निवासी खन्नापुंर थाना पुवायां है। आरोपी पर पहले से विभिन्न धाराओं के आठ मुकदमे दर्ज है। बरामद ई-रिक्शा शेर सिंह निवासी पक्का तालाब थाना सदर बाजार है। उसका ई-रिक्शा चोरी हो गया था। पुलिस ने अभियुक्त का चालान कर दिया।

वहीं निगोही प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह को रविवार को दिन में 1 बजे सूचना मिली कि घुसगवां गांव के सामने एक व्यक्ति चोरी की बाइक लिए खड़ा है। पुलिस ने उसे पकड़ लिया ओर उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की। पकड़ा गया आरोपी रिहान निवासी उदयपुर कटैया थाना निगोही है। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि अभिषेक निवासी घुसगवां थाना निगोही का उसके पास बाइक लेकर आया था। उसने कहा था कि 10 हजार रुपये बाइक खरीद लो। उसने बाइक खरीद थी। अभिषेक ने उससे कह दिया था कि बाइक चोरी की है। अभिषेक रिहान को बाइक मिस्त्री इमरान के पास ले गया। बाइक मिस्त्री ने चैसिस नंबर बदलवा दिए थे। पुलिस ने एक मोबाइल और एक बाइक बरामद की है। पुलिस अभियुक्त का चालान कर दिया। टीम में उप निरीक्षक प्रमोद कुमार आदि थे।

### बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कांट थाना क्षेत्र के गांव लालपुर निवासी अखिलेश ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह राजमिस्त्री है। बताया वह मोहल्ला सिंजई में संदीप के यहां मकान की चुनाई का काम कर रहा था। उसने दो दिन पहले बाइक मकान के बाहर खड़ी कर दी थी। उनकी बाइक किसी ने चुराई ली। पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।




# बिजली संकट से नाराज ग्रामीणों ने घेरा उपकेंद्र

## अवर अभियंता से हुई नोकझोंक, प्रदर्शन कर की नारेबाजी, आश्वासन पर माने

संवाददाता, कुर्रिया कला



बिजली कटौती की समस्या को लेकर चौहनापुर विद्युत उपकेंद्र पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बिजली समस्या से नाराज ग्रामीणों ने रविवार को उपकेंद्र का घेराव कर प्रदर्शन किया। काफी देर तक बहस के बाद अवर अभियंता बृजेश निसाद ने समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण नहीं माने। अवर अभियंता के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए।

गर्मी के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली संकट ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। चौहनापुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़े कुर्रिया कला, मल्हपुर, पथरा, कुईया ई कटेया, बहादुरपुर सहित सैकड़ों गांवों में टू फेसिंग व लो वोल्टेज की समस्या है। इससे न सिर्फ घरेलू उपभोक्ता परेशान हैं। बल्कि खेती किसानी और रोजमर्रा के कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं और खेतों में लगे किसानों के धान भी सूख रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप था कि लाइनमैन अपनी मनमानी के कारण विद्युत सप्लाई में बाधा डाल रहै हैं। ग्रामीणों ने बताया कि लॉ वोल्टेज की समस्या धान की सिंचाई में बाधा बन गई है। जिले भर में सरकारी ट्यूबवेल पर आश्रित किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि किसान दिन व रात भर ट्यूबवेल के पास बैठकर इंतजार कर रहे हैं। ट्यूबवेल लो वोल्टेज के चलते बार-बार बंद हो जा रहे हैं।

खरीफ के मौसम में धान की रोपाई का कार्य चल रहा है। ऐसे में खेतों को सिंचाई की जरूरत सबसे ज्यादा है। स्थिति यह है कि जिले में बारिश कम होने के चलते किसान सरकारी व निजी ट्यूबवेल से सिंचाई का कार्य करना चाह रहे हैं, लेकिन बिजली की लो वोल्टेज समस्या के चलते मोटर लोड नहीं उठा रही है।बड़ी संख्या में सरकारी व निजी ट्यूबवेल ठप पड़ गए हैं। जिसका असर है कि किसानों की धान की फसल सूखने के कगार पर पहुंच गई है। अवर अभियंता के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए।

**● शेड्यूल के अनुसार नहीं मिल रही बिजली, खेती भी हो रही प्रभावित**

ग्राम प्रधान मल्हपुर अनुराग व ग्राम प्रधान सुनील यादव ने कहा विद्युत विभाग उपकेंद्र चौहनापुर पहुंच कर अवर अभियंता को अघोषित बिजली कटौती के बारे बता दिया है। उनके लाइनमैन द्वारा की जा रही कमियों के बारे में भी बता दिया गया है।

अगर इसके बाद सुधार नहीं हुआ तो उपकेंद्र के बाहर धरना प्रदर्शन होगा। प्रदर्शन करने वालों में प्रधान अनुराग, प्रधान सुनील यादव, नंदन बाजपेई, मोहित दीक्षित, मुकेश मिश्रा, नरेंद्र मिश्रा, देवेंद्र मिश्रा, ज्ञान बाबू मिश्रा, श्याम महेश दीक्षित, दिनेश मिश्रा, सोनू मिश्रा, नन्हकू, टेलर, दधीच यादव, रूपकान्त, सतेंद्र, ब्रजकिशोर, शिवस्वरूप दीक्षित, बलराम दीक्षित, आलोक मिश्रा, रोहित मिश्रा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

> मेरे लिए मेरे विधानसभा की जनता सर्वप्रथम है। उनके हर सुख दुख में हम शामिल हैं। किसान हम सबके अन्नदाता हैं। अगर विद्युत विभाग उनकी बात को नहीं सुना रहा है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई कराई जाएगी और जनता के साथ न्याय होगा।
> – **अरविन्द सिंह**, ददरौल विधायक

> मेरे लिए मेरे विधानसभा की जनता ग्रामीणों ने उपकेंद्र पर आकर जिन समस्याओं के बारे में बताया है उनका तत्काल निराकरण कर दिया गया है और बिजली विभाग हमेशा विद्युत विभाग के ग्राहकों की सेवा में समर्पित है। किसी भी प्रकार की समस्या के लिए लोग उनसे तुरंत संपर्क करें।
> – **बृजेश निषाद**, अवर अभियंता उपकेंद्र

### अघोषित कटौती की मार से किसान बेहाल

बिजली विभाग द्वारा निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक बिजली की आपूर्ति नहीं की जा रही। अघोषित कटौती के चलते गांवों में घंटों बिजली की आपूर्ति गायब रह रही है। अघोषित विद्युत कटौती से ग्रामीण गर्मी से परेशान हैं तो दूसरी तरफ गांव के बच्चे बिजली न होने के चलते बीमार हो रहे है। क्षेत्र में होने वाली कटौती की शिकायत का निराकरण करने के लिए परेशान ग्रामीण कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं।

# समस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



बैठक करते संघ के पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** सफाई मजदूर संघ के पदाधिकारियों की आपात बैठक प्राचीन भगवान वाल्मीकि मंदिर कटिया टोला में रविवार को हुई। इस दौरान पूर्व में दिए मांग पत्रों की समस्याओं का निस्तारण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई।

उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ बरेली मंडल की अध्यक्ष और महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि ने कहा बड़ी चिंता की बात है कि नगर निगम प्रशासन को दो बार अपना मांग पत्र सफाई कर्मचारियों के संबंध में दिया गया, लेकिन प्रशासन ने बात करना भी ठीक नहीं समझा। अगर जल्द सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन नगर निगम के सभी कर्मचारी करेंगे। संघ के जिला अध्यक्ष अजय प्रधान ने कहा संघ के पदाधिकारियों ने नगर निगम प्रशासन को चेताया था कि अगर नगर निगम सफाई कर्मचारियों के ठेका प्रथा को निजी हाथों में दिया जाएगा तो उसका परिणाम अच्छा नहीं होगा। विकास चंद्र एडवोकेट ने कहा कि नगर निगम प्रशासन की लापरवाही साफ दिखाई देती है।

**● वाल्मीकि मंदिर पर हुई सफाई मजदूर संघ की बैठक**

राजीव कुमार एडवोकेट ने कहा ठेका कर्मचारियों का वेतन 18 हजार किया जाता है, लेकिन जिसका जिओ आज तक नगर निगम में नहीं आया। इस वजह से वेतन आज भी पुराना मिल रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार से 18 हजार रुपये वेतन आउटसोर्सिंग का करने की मांग की ।बैठक की अध्यक्षता विकास चंद्र एडवोकेट और संचालन रामकृपाल मनु ने किया। सफाई नायक रजनीश, रमेश चंद्र कटारिया, सोनू कोठारी, राजीव एडवोकेट, अंश सिंह, अनुभव कटारिया, मीडिया प्रभारी संजीव चौधरी आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांगों और बुजुर्गों का किया परीक्षण व पंजीकरण



खुटार ब्लॉक सभागार में हुए आयोजन को संबोधित करते मिथिलेश कुमार।

**खुटार, अमृत विचार :** राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम कानपुर (एलिम्को) की ओर परीक्षण शिविर लगवाने के लिए केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले से आग्रह किया था। मंत्री ने शिविर लगाने के निर्देश दिए। इसके बाद रविवार को बंडा और खुटार के दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए खुटार ब्लॉक सभागार में परीक्षण और पंजीकरण शिविर लगाया गया।

इसमे कानपुर से आए डॉ. राजकृष्ण, डॉ. अनिल कुमार माझी और डॉ. राजकुमार ने दिव्यांगों और बुजुर्गों का परीक्षण किया और उनका पंजीकरण कराया। शिविर का उद्घाटन राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने दीप जलाकर किया और कहा कि इस तरह के शिविर से दिव्यांगों को इधर उधर दौड़ना नहीं पड़ेगा। सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। इस मौके पर भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी, अखिलेश मिश्र, अमित शुक्ला, मुनीश तिवारी, मुनीश राठौर, गोविंद राठौर, पंकज मिश्र, अधीर शुक्ला, हर्ष दीक्षित, विनोद वर्मा आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

**● राष्ट्रीय वयो श्रम योजना के अंतर्गत खुटार ब्लॉक में लगाया निशुल्क शिविर**

# वरुण अर्जुन ने शहबाजनगर में लगाया शिविर, 248 मरीजों ने कराया पंजीकरण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा की ओर से रविवार को ददरौल क्षेत्र के ग्राम शहबाजनगर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में 248 मरीजों ने पंजीकरण कराया। इनमें आठ लोगों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया। इनका ऑपरेशन रोहिलखंड अस्पताल में निशुल्क किया जाएगा।


शिविर में सभी मरीजों को निशुल्क आई ड्रॉप एवं दवाइयां दी गई। चिकित्सकों ने लोगों को नियमित नेत्र परीक्षण के लिए जागरूक किया। अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया। वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल में परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में उपलब्ध है, जोकि एक वर्ष के लिए मान्य है। मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग के चिकित्सक डॉ. स्वप्निल तिवारी, सामान्य रोग विभाग के चिकित्सक डॉ. शिवनंदन, नेत्र टेक्नीशियन पैरामेडिकल डॉ. अपूर्व व मेडिकल कॉलेज के एमएसडब्ल्यू जितेन्द्र गंगवार मौजूद रहे। शिविर में जिला पंचायत सदस्य अनिल प्रजापति का विशेष सहयोग रहा।

### 10 मरीजों में मोतियाबिंद, होगा निशुल्क ऑपरेशन

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल, बंथरा की ओर से रविवार को सिंधौली क्षेत्र के ग्राम सिसैया में निशुल्क स्वास्थ्य मेला लगाया गया। इसका शुभारम्भ पूर्व ब्लॉक प्रमुख कुंवर अनुराग सिंह ने फीता काट कर किया। शिविर में कुल 337 मरीजों ने पंजीकरण कराया। इनमें 10 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। उनका ऑपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा में निशुल्क किया जाएगा। शिविर में 52 मरीजों की निशुल्क ब्लड शुगर की जांच व लगभग 77 मरीजों की ब्लड प्रेशर की जांच निशुल्क की गई। 265 मरीजों को निशुल्क दवाइयां दी गई। एमआरआई व सीटी स्कैन एवं अन्य जांचों के छूट के कूपन भी वितरित किए गए। डॉ. आदित्य, डॉ. नचिकेत, डॉ. प्रिया मिश्रा, डॉ. पारुल, डॉ. डेविड, डॉ. मृदुला चौहान, डॉ. ऐश्वर्या राय व मेडिकल कॉलेज के पीआरओ विपिन शर्मा व अतुल कुमार गंगवार तथा पैरामेडिकल स्टाफ आदि मौजूद रहे। शिविर में समाज सेवक जगदीश सिंह का विशेष योगदान रहा।



शिविर में जांच करतीं चिकित्सक।




















## जिले में आज

- स्थानांतरित हुए भारतीय नववर्ष मेला समिति के संरक्षक का सम्मान समारोह शाम साढ़े 6 बजे।
- परिषदीय विद्यालयों के मर्ज होने के संबंध में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति बेसिक शिक्षक महासभा का धरना दोपहर 2 बजे।

## एक नजर

### विशाल बने भारतीय ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष

**दबतोरी, अमृत विचार :** क्षेत्र के बिसौली निवासी विशाल शर्मा को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र में खुशी के लहर दौड़ गई है। जिलाध्यक्ष बनने के बाद विशाल शर्मा ने कहा मध्यम वर्गीय, निम्न वर्गीय एवं असहाय व्यक्तियों की हर संभव मदद करने का प्रयास करेंगे। निर्दोष व्यक्तियों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी। ब्राह्मण समाज पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद की जाएगी। पीड़ितों को न्याय दिलाया जाएगा। उनके जिलाध्यक्ष बनने पर लोगों ने मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई।

# आधुनिक तकनीक से खेती करेंगे किसान

## पॉली हाउस खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को मिलेगा 50 प्रतिशत अनुदान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** आधुनिक तकनीक से खेती को बढ़ावा देने के लिए उद्यान विभाग द्वारा पहल की गई है। किसान पॉली हाउस बनाकर खेती कर सकेंगे। एक पॉली हाउस बनाने में 25 लाख का खर्च आएगा। जिस पर किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान मिलेगा। शासन की ओर से लक्ष्य मिलने के बाद उद्यान विभाग ने आवेदन मांगे हैं। अब तक करीब दस किसानों के द्वारा पॉली हाउस खेती करने के लिए आवेदन किया है।

जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि पॉली हाउस एक प्रकार का ग्रीनहाउस है, जहां विशेष प्रकार की पॉलीथिन शीट का उपयोग कवरिंग सामग्री के रूप में किया जाता है। इसके तहत फसलों को आंशिक रूप या पूरी तरह से नियंत्रित जलवायु परिस्थितियों में उगाया जा सकता है। आधुनिक समय के पॉली हाउस जीआई स्टील फ्रेम पर बने होते हैं

> किसान 500 से 2500 वर्ग मीटर तक पॉली हाउस बना सकते हैं। यह योजना फूल और सब्जियों की खेती को आसान और लाभकारी बनाएगी। पॉली हाउस आधुनिक तकनीक से खेती को मौसम की मार से बचाता है। किसानों से आवेदन मांगे हैं। पॉली हाउस बनाने पर सरकार 50 प्रतिशत का अनुदान दे रही है। -सुनील कुमार, उद्यान अधिकारी

- लक्ष्य मिलने के बाद उद्यान विभाग ने मांगने शुरू किए आवेदन

और प्लास्टिक से ढके होते हैं, जो एल्यूमीनियम ग्रिपर के साथ फ्रेम पर फिक्स होते हैं। कवर करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सफेद प्लास्टिक की फिल्म उच्च गुणवत्ता की होती है। पॉली हाउस के अंदर पानी देने के उद्देश्य से ज्यादातर ड्रिप सिंचाई प्रणाली स्थापित की जाती है। इससे फसल उगाने में पानी की भी बचत होती है। पॉली हाउस में खेती करने से अधिक मुनाफा प्राप्त किया जा सकता है। पॉली हाउस का उपयोग नर्सरी तैयार करने के लिए भी किया जाता है। इसमें बेमौसमी फूलगोभी, बंदगोभी, शिमला मिर्च, खीरा, ककड़ी, भिंडी, टमाटर व परवल आदि सब्जियों की खेती की जा सकती है। इसके अलावा फूलों की भी बेमौसमी खेती की जा सकती है। उद्यान अधिकारी ने बताया कि किसान पॉली हाउस बनवा सकते हैं। इस योजना के तहत पॉली हाउस बनवाने पर सरकार की ओर से 50 फीसदी अनुदान दिया जा रहा है। इससे किसानों को संरक्षित खेती के माध्यम से अधिक मुनाफा कमा सकते हैं।

### जिले में लगे दो पॉली हाउस में हो रही फूलों और सब्जी की खेती

जिले में दो पॉली हाउस बने हुए हैं। इनमें एक गांव बरखेड़ा और दूसरा गभियाई में बना है। गभियाई स्थित पॉली हाउस में जरबेरा सहित अन्य किस्म के फूलों की खेती होती है। वहीं बरखेड़ा में लगे पॉली हाउस में मौसमी सब्जियों की खेती जा रही है। इन पॉली हाउस के सफल रहने पर शासन की ओर से पॉली हाउस को बढ़ावा दिए जाने के निर्देश उद्यान विभाग को दिए हैं। दो पॉली हाउस का निर्माण कराने का लक्ष्य रखा है। लक्ष्य मिलने के बाद विभाग ने किसानों से आवेदन मांगे हैं। करीब दस किसानों ने आवेदन किया है।

### दो प्रकार के पॉली हाउस का लगा सकेंगे किसान

उद्यान अधिकारी ने बताया कि किसान दो प्रकार के पॉली हाउस लगा सकते हैं। एक फैन-पैड सिस्टम आधारित पॉली हाउस बनाया जाता है। इसमें ठंडक और वेंटिलेशन के लिए पंखे और पैड का उपयोग होता है। दूसरा पॉली हाउस अननेचुरल वेंटिलेटेड सिस्टम के तहत लगाया जाता है। यह सिस्टम प्राकृतिक हवा और प्रकाश पर निर्भर करता है। दोनों पॉली हाउस बनाने में सरकार की ओर से 50 प्रतिशत का अनुदान मिल रहा है।

# सपा मुखिया से मिले व्यापार सभा के पदाधिकारी



अखिलेश यादव के साथ सभा के जिला महासचिव अधिवक्ता मोहित पांडेय।

**बदायूं, अमृत विचार :** दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर समाजवादी व्यापार सभा के पदाधिकारियों ने लखनऊ में लोहिया भवन जाकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि भामाशाह जैसे दानी देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में नहीं हुआ है। कहा कि आज के समय व्यापारी वर्ग पर तरह-तरह के टैक्स लगाकर परेशान किया जा रहा है। समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष रचित गुप्ता व जिला महासचिव अधिवक्ता मोहित पांडेय ने समस्या से अवगत कराया।

# दातागंज में मंदिर में पढ़ी नमाज, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, दातागंज

**अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज क्षेत्र में एक मुस्लिम युवक ने माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया। उसने मंदिर में बैठकर नमाज पढ़ी। किसी ने नमाज पढ़ने के दौरान का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। मामला पुलिस तक पहुंचा। हेड कांस्टेबिल की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाली दातगंज क्षेत्र के गांव पापड़ का है। गांव में ब्रह्मदेव मंदिर में गांव निवासी अली मोहम्मद कई साल से सेवादार है। वह लगभग 25 से 30 साल से सुबह से लेकर शाम तक मंदिर में सेवा करता है। उनके परिवार में कोई सदस्य नहीं है। वह ब्रह्मदेव मंदिर में साफ-सफाई के अलावा गायों का चारा खिलाता है। अली मोहम्मद का मंदिर परिसर में नमाज पढ़ते समय का 40 सेकंड का वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल हुआ है। वीडियो पुराना बताया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद गांव निवासी हिंदू समुदाय ने विरोध किया। मुस्लिम सेवादार पर धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप लगाया। वीडियो पुलिस तक पहुंचा। दातागंज के हेड कांस्टेबिल सुरेंद्र कुमार ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। बताया कि वह 28 जून की शाम गश्त करते हुए गांव पापड़ गए थे। ब्रह्मदेव मंदिर पर पहुंचे। जहां देखा कि कुछ लोगों की भीड़ जमा थी। उन्होंने लोगों से जानकारी की। ग्रामीणों ने पुलिस को वीडियो दिखाया। जिसमें मुस्लिम युवक मंदिर परिसर में नमाज पढ़ रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। सीओ दातागंज केके तिवारी ने बताया आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



मंदिर में नमाज पढ़ते हुए वायरल वीडियो ग्रैब।

# डायरिया बूथ पर नहीं बैठते कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** छोटे बच्चों को डायरिया से बचाने को जिला महिला अस्पताल में डायरिया बूथ बना कर उससे बचाव के उपाए गए। डायरिया से कैसे बचना है, इसकी जानकारी देने को स्वास्थ्य कर्मचारी को बिठाया गया। मगर दो दिन के बाद ही महिला स्वास्थ्य कर्मचारी बूथ से गायब हो गई, जिससे अब डायरिया से बचाव की जानकारी नहीं मिल पा रही है।

पिछले दिनों जिला महिला अस्पताल में डायरिया बूथ बनाया गया था। बूथ का उद्घाटन सीएमओ डॉ. रामेश्वर मिश्रा ने किया था। डायरिया बूथ पर उद्घाटन के बाद दो दिन तक महिला स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रही। वहां पर डायरिया पीड़ित बच्चों के मां बाप को बताया गया कि ओआरएस का घोल बच्चों को दें। घोल के पैकेट बूथ पर रखे गए थे। बच्चों को गर्मियों में कैसे बीमारियों से बचाया जाए इसकी जानकारी देने को महिला कर्मचारी को बैठाया गया, लेकिन जिले के लोगों को इस औपचारिकता वाले कार्य से कोई लाभ नहीं हुआ। बूथ पर पिछले कई दिनो से कोई कर्मचारी नहीं बैठ रहा है। पीड़ितों के परिजन बूथ पर जाते हैं, मगर वहां पर कोई नहीं मिलता है। इसलिए उन्हें डायरिया से बचाव की जानकारी भी नहीं मिल पा रही है। इसकी शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामेश्वर मिश्रा से की गई, जिस पर उन्होंने जिला महिला अस्पताल के सीएमएस से पूछताछ की तो बताया गया कि बूथ प्रतिदिन लगता है। बूथ पर कौन बैठता है, इसकी जानकारी नहीं है। सीएमओ ने कहा कि यदि बूथ पर कोई नहीं बैठता है तो उसे बंद कर दिया जाए। अब कार्रवाई की जाएगी। इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिला महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. इंदु कांत वर्मा ने बताया कि बूथ पर जिस कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई थी, उससे पूछताछ की जाएगी। बूथ से लोगों को लाभ नहीं मिल रहा है। यह ठीक नहीं है।




जिला महिला अस्पताल में खाली पड़ा डायरिया बूथ।

- मरीजों को नहीं मिलती जानकारी, उद्घाटन करने के बाद सीएमओ ने भी नहीं ली सुध

### परिवार नियोजन परामर्श केंद्र का भी यही हाल

जिला महिला अस्पताल में परिवार नियोजन परामर्श केंद्र भी है, जिस पर महिला कर्मचारी तैनात की गई है। मगर उक्त केंद्र सप्ताह में दो या तीन दिन ही खुलता है। जिससे महिलाओं को परिवार नियोजन संबंधी जानकारी नहीं मिल पाती है। वहां पर जरूरत की दवाएं या अन्य सामान उपलब्ध नहीं हो पाता है, जिससे महिलाएं लौट जाती हैं। परिवार नियोजन परामर्श केंद्र पर महिलाओं को कोई जानकारी नहीं मिल पाती है।

# केवाईसी कराने को राशन कार्ड धारकों के पास एक दिन समय

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 30 जून तक केवाईसी न कराने पर राशन कार्ड निरस्त करने के आदेश
- अब भी 20 प्रतिशत कार्ड धारकों ने नहीं कराई केवाईसी

**अमृत विचार:** राशन कार्ड धारकों के केवाईसी कार्य को शत-प्रतिशत पूरा कराने के लिए शासन स्तर से कई बार तिथियां निर्धारित की गई हैं। इसके बाद भी शत प्रतिशत केवाईसी नहीं हो सकी है। अभी 20 प्रतिशत कार्ड धारकों की केवाईसी नहीं हो सकी है। ऐसी स्थिति में शासन स्तर से तिथि को 30 तक आगे बढ़ा दिया था। इसमें अब मात्र एक दिन का समय शेष बचा है। अगर निर्धारित तिथि तक कार्ड धारकों के द्वारा केवाईसी नहीं कराई गई तो उनका राशन कार्ड निरस्त कर दिया जाएगा।

राशन कार्ड धारकों की केवाईसी कराने के प्रयास पिछले साल अक्टूबर माह से प्रयास चल रहे हैं। पहले यह तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई थी। इसके बाद तिथि को बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया। इसके बाद तीस जून और फिर 31 मई तिथि निर्धारित की गई थी। इसके बाद भी कार्ड धारकों के द्वारा केवाईसी नहीं कराई गई। इसके बाद शासन स्तर से तिथि को बढ़ाकर 30 जून कर दिया गया। जिसमें मात्र एक दिन का समय शेष बचा है। जिला पूर्ति अधिकारी सतीश मिश्रा ने बताया कि केवाईसी न कराने वाले कार्डधारकों को पहले ही चेतावनी दी गई है। कि अगर निर्धारित तिथि पर केवाईसी नहीं कराई तो उनका कार्ड निरस्त कर दिया जाएगा। अभी एक दिन का समय शेष बचा है। कोटेदारों को अधिक से अधिक कार्डधारकों की केवाईसी कराने को कहा गया है।

जिले में 5.35 लाख कार्ड धारक हैं। इनमें 22 लाख से अधिक यूनिट दर्ज हैं। इनमें से 80 प्रतिशत कार्ड धारकों के द्वारा ही केवाईसी कराई है।

# कन्याओं को करना पड़ रहा अनशन सरकार नहीं दे रही ध्यान : ओमकार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** उझानी नगर पालिका का गंदा पानी नरऊ गांव की ओर न आने देने को कांग्रेस कई दिनों से आंदोलन कर रही है। समाज के हर वर्ग को आंदोलन में भागीदार बना रही है। क्रमिक अनशन पर रविवार को नौ कन्याएं बैठीं। बाद में अनशन पर बैठी कन्याओं को जूस पिलाकर अनशन खत्म कराया गया।

रविवार को अनशन स्थल पर सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। अनशन पर आज नौ छोटी कन्याएं बैठीं। जिसमें कु. मधु कुमारी, खुशबू कुमारी, सुखदेवी, गोमती नैंसी, कृषिका सोलंकी, तनिष्का सिंह, मिस्टी चौहान, सेजल चौहान, आदि मौजूद रहीं। अनशन पर बैठी कन्याओं को कांग्रेस नेता ओमकार सिंह, लोकेश गौड़, वीरेश तोमर आदि ने जूस पिलाकर अनशन खत्म कराया। जिला कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष ओंकार सिंह ने कहा आंदोलन के इतिहास में यह पहला मौका है कि पवित्र गुप्त नवरात्रों के अवसर पर गंदे पानी की समस्या को लेकर नौ कन्याएं क्रमिक अनशन पर बैठी। मुख्यमंत्री नवरात्रों के अवसर पर स्वयं कन्याओं का पूजन करते हैं तो आज शासन प्रशासन को इन कन्याओं की आवाज सुनकर इस समस्या का निराकरण करना चाहिए।

वीरेश तोमर, इगलास हुसैन, लोकेश गौड़, व वीरपाल सिंह यादव, संघर्ष समिति के सदस्य तेजेंद्र पाल कश्यप, कमल प्रताप सिंह, मोतीराम कश्यप, योगेंद्र सोलंकी ने कहा कि यह लड़ाई हम कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ रहे हैं। हमें उम्मीद है कि अगर हमारी समस्या का निराकरण नहीं हुआ तो प्रदेश अध्यक्ष इस कार्यक्रम में अवश्य आएंगे। हमारी समस्या दूर करने में मदद करेंगे।

धरना स्थल पर अंशु सोलंकी, अरुण कुमार, हरी बाबू, म्युनिसिपल सिंह प्रमोद राघवेंद्र सिंह, लालू ,छोटेलाल नेपाल सिंह, विनोद, सीताराम, नेकसू प्रति कश्यप सोनी कश्यप, अनिल अनिल कश्यप, रानी चौहान अनुराग सोलंकी, नसीर ,कमलजीत नागेंद्र सिंह, प्रेम शंकर मिश्रा आदि सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे।



अनशन पर बैठी कन्याएं। ● अमृत विचार

# शिक्षा से दूरी बना चुके बच्चों को स्कूल लाने के शुरू होंगे प्रयास

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- आउट ऑफ स्कूल बच्चों को चिह्नित करने के लिए किया जाएगा सर्वे
- 1 जुलाई से होगी आउट ऑफ स्कूल सर्वे की शुरुआत

**अमृत विचार:** शिक्षा से दूरी बना चुके बच्चों को स्कूल तक जाने के प्रयास शुरू किए जाएंगे। इसके लिए चरणबद्ध अभियान चलाया जाएगा। प्रथम चरण के अभियान की शुरुआत 1 जुलाई से होगी। एक से 30 जुलाई तक चलने वाले अभियान के दौरान सर्वे किया जाएगा। 6 से 14 वर्ष के आउट ऑफ स्कूल बच्चों को स्कूल तक पहुंचने के लिए परिवार सर्वेक्षण किया जाएगा। दूसरा चरण 16 अगस्त से 15 सितंबर तक चलाया जाएगा। जिसके निर्देश महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से बीएसए को दिए हैं। निर्देश मिलने के बाद बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को शारदा अभियान की तैयारी करने को कहा है।

शैक्षिक सत्र 2025-26 में आउट ऑफ स्कूल बच्चों को चिह्नित करने के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक, अध्यापकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को जिम्मेदारी दी गई है। शिक्षकों, शिक्षामित्र और अनुदेशकों को विद्यालय के अतिरिक्त समय में सर्वेक्षण के दौरान घर-घर जाकर बच्चों को चिह्नित करना होगा। परिवार सर्वेक्षण का ब्योरा विद्यालय स्तर पर सुरक्षित रखा जाएगा। जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता पीसी श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम चरण के परिवार सर्वेक्षण प्रपत्रों के विवरण को निर्धारित तिथि के अनुसार प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। जिला समन्वयक ने बताया कि महानिदेशक स्कूली शिक्षा द्वारा जारी किए आदेश के मुताबिक जो बच्चे स्कूली शिक्षा से दूर हैं, उन्हें उनकी उम्र के अनुसार कक्षा में प्रवेश दिलाया जाएगा। बताया कि बीते वर्ष सर्वेक्षण में अगर कोई परिवार वंचित रह गया है तो ऐसे परिवारों का विवरण प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। अगर कोई सदस्य सर्वेक्षण से छूट गया है या वर्तमान में परिवार का सदस्य नहीं है तो ऐसे परिवार के सदस्यों के विवरण को एडिट किया जाएगा।

> शारदा सर्वेक्षण अभियान की शुरूआत एक जुलाई से हो रही है। सर्वेक्षण का यह पहला चरण होगा। दूसरा चरण 16 अगस्त से शुरू किया जाएगा। जिसके निर्देश सभी बीईओ और स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को दे दिए गए हैं। -वीरेंद्र कुमार सिंह, बीएसए

### दो श्रेणी के बच्चे होंगे शामिल

जिला समन्यक बताया कि शारदा अभियान के दौरान दो श्रेणी के बच्चे शामिल रहेंगे। पहले वे बच्चे होंगे, जिनका विद्यालय में कभी भी नामांकन नहीं किया गया होगा। और दूसरे ऐसे बच्चे जिनका विद्यालय में पूर्व में नामांकन हुआ होगा, लेकिन किन्हीं कारणवश अपनी शिक्षा पूरी किए बिना वे विद्यालय छोड़कर चले गए होंगे।

### अब्बासी क्लब ने ट्रॉफी पर किया कब्जा

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला संख्या आठ साहबगंज में युवाओं द्वारा कराया गया दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। रविवार का फाइनल मुकाबला खेला गया। फाइनल मुकाबला अब्बासी क्लब और मुंबई क्लब के मध्य खेला खेला गया। जिसमें अब्बासी क्लब ने मुंबई क्लब को दो-एक से हराकर मैच जीत लिया। नईम अब्बासी, इमरान, जुनैद, फैजान, सलमान, सुमित, गुड्डू, धर्मेंद्र आदि मौजूद रहे।

# स्कूलों को मर्ज करने का किया जाएगा विरोध

**बदायूं, अमृत विचार:** 50 से कम संख्या वाले स्कूलों को मर्ज करने की प्रक्रिया बेसिक शिक्षा विभाग में चल रही है। जिसका शिक्षक संगठनों के द्वारा विरोध किया जा रहा है। सोमवार को प्रांतीय आवाहन पर अनुसूचित जाति बेसिक शिक्षक महासभा द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। महासभा द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग में विरोध प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम बीएसए को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं


**अमृत विचार :** पत्नी से विवाद के बाद एक युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। वजीरगंज थाना क्षेत्र के कस्बा बगरैन निवासी मदन लाल (32) की शादी लगभग चार साल पहले थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा निवासी रेखा देवी के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच अक्सर किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था, जिसकी वजह से कुछ दिन पहले रेखा देवी अपने मायके चली गई थीं। मामला पुलिस के पास भी पहुंचा था। परिजनों के अनुसार शनिवार को मदन लाल अपनी पत्नी को बुलाने के लिए मायके गए थे। जहां पत्नी ने वापस आने से मना कर दिया। जिसके बाद मदन लाल वापस अपने घर लौट आए और कमरे में जाकर बंद हो गए। उन्होंने फंदा लगाकर जान दे दी।




सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरुष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक



डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)



डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरुषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरुषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177


# महिलाओं ने लगाए मां के नाम पौधे

**दबतोरी, अमृत विचार :** क्षेत्र में परसिया अतरपुरा आदि ग्रामों में महिलाओं ने मां के नाम नीम आदि के पौधे लगाए और उनकी सुरक्षा करने का संकल्प लिया।

प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम के तहत रविवार को जगह-जगह पौधरोपण किया गया। पूजा देवी ने पौधारोपण करते हुए कहा कि वृक्ष हमें निःशुल्क ऑक्सीजन देते हैं। फल और अन्य कीमती चीजें भी देते हैं इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधाअवश्य लगाना चाहिए।

मुन्नी देवी ने कहा कि पेड़ों का हमारे जीवन में वही स्थान है जो हमारे शरीर में मस्तिष्क का है। जिस प्रकार मस्तिष्क के बिना हम कुछ नहीं कर सकते हैं उसी तरह पेड़ों के बिना हमारा जीवन नहीं है। हमें बच्चे के जन्म होते ही दो पेड़ तुरंत लगाने चाहिए। यह कार्य देश की हर महिला को करने होगे। इस मौके पर माया देवी, शिवानी देवी, आरुषि पाठक आदि महिलाओं के साथ साथ ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

# चीनी मिल ने किया एक करोड़ का भुगतान

## 37 करोड़ बकाया, भुगतान में देरी के चलते किसानों ने छोड़ी गन्ने की खेती, हो रही दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** जिले की सबसे बड़ी चीनी मिल पर गन्ना किसानों का अभी तक 37 करोड़ का बकाया है, जिससे गन्ना किसानों को दिक्कत हो रही है। चीनी मिल ने रविवार को गन्ना किसानों के खातों में करीब एक करोड़ का भुगतान किया है। शेष भुगतान भी जल्द कर देने का आश्वासन दिया गया है।

जनपद में बिसौली की यदु शुगर मिल सबसे बड़ी चीनी मिल है। इस चीनी मिल पर जिले का 60 प्रतिशत गन्ना बेचा जाता है, जबकि 40 प्रतिशत गन्ना पांच अन्य चीनी मिलों पर जाता है। पिछले गन्ना पेराई सत्र में यदु शुगर मिल ने 95 करोड़ 18 लाख का गन्ना खरीदा था। मिल प्रशासन ने अब तक कुल 58 करोड़ 18 लाख का भुगतान किया है, जबकि 37 करोड़ बकाया है।

चीनी मिल प्रशासन द्वारा तैयार की गयी चीनी बेच कर किस्तों में भुगतान



बिसौली स्थित यदु शुगर मिल।

करने के निर्देश जिला प्रशासन द्वारा दिए गए थे। चीनी मिल ने 40 प्रतिशत बकाया भुगतान किया है। जिला गन्ना विभाग द्वारा चीनी मिल प्रशासन पर जल्द भुगतान करने का दबाव बनाया जा रहा है। गन्ना विभाग का कहना है कि गन्ना भुगतान रुकने से किसानों को दिक्कत हो रही है। इसलिए प्रयास किया जा रहा है कि जल्द से जल्द भुगतान फाइनल करा दिया जाए। इसी प्रयास के तहत मिल प्रशासन गन्ना किसानों का किस्तों में भुगतान कर रहा है।

### मुख्यमंत्री के निर्देश की धज्जियां उड़ा रहीं चीनी मिलें

शासन स्तर से गन्ने का रकबा बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री के आदेश हैं कि यदि 14 दिन में गन्ना किसानों का भुगतान नहीं किया जाता है तो चीनी मिल को ब्याज सहित भुगतान करना होगा, लेकिन जिले की चीनी मिलें शासन के निर्देशों की धज्जियां उड़ा रही हैं। जिले में छह माह बाद भी किसानों को गन्ने का भुगतान नहीं किया गया है। ब्याज देने की बात तो बेमानी है।

### भुगतान न होने से कम हो रहा गन्ने का रकबा

गन्ना किसानों का समय से भुगतान न मिलना बड़ी समस्या है। इसी के चलते किसान अब गन्ने की खेती से बच रहे हैं, जिससे साल दर साल रकबा कम होता जा रहा है। किसान अपने पैसे के लिए चीनी मिल और गन्ना विभाग के चक्कर लगा रहा है। अधिकारी उसे दुत्कार रहे हैं। गन्ना विभाग द्वारा कराया जा रहा गन्ना सर्वेक्षण भी गन्ना खेती का रकबा कम होता नजर आ रहा है। विभाग के आंकड़ों की मानें तो करीब सात प्रतिशत गन्ने का रकबा इस साल कम हुआ है।

> बिसौली की यदु शुगर मिल से लगातार भुगतान कराया जा रहा है। मिल पर अभी 37 करोड़ बकाया है, जो जल्द किसानों के खातों में पहुंचेगा। एक माह से चल रहे गन्ना सर्वेक्षण में गन्ना खेती का रकबा कम होता दिख रहा है। हालांकि सर्वेक्षण का अंतिम आंकड़ा नहीं मिला है। जो रिपोर्ट आ रही है, उसमें गन्ना खेती का रकबा कम हो रहा है।
> **-अशर्फी लाल**, जिला गन्ना अधिकारी


सुखी एवं वैवाहिक जीवन के लिए सम्पर्क करें
डॉ. पुष्कर राज अरोरा क्लीनिक
(पुरुष गुप्त रोगी मिलें)
यदि आप भी धात, स्वप्न दोष, मर्दाना कमजोरी गुप्त रोगों एवं शुक्राणुओं की कमी का राज वैद्यों के नुस्खों पर आधारित कीमती एवं बहुमूल्य रत्नों, भस्मों द्वारा उचित आयुर्वेदिक इलाज करवाना चाहते हैं तो शीघ्र मिलें
निकट शाही बस स्टैंड, रामपुर रोड, बरेली
शनिवार, रविवार
लाल पुल मवेशी अस्पताल के सामने, बदायूं
गुरुवार, शुक्रवार
भुर्जी टोला, आंवला
सोमवार
समय : सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
8273105033, 9412555559


# रेलवे परिसर में वाहन खड़े हुए तो कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **पार्किंग में वाहन न लगाने पर जब्त होंगे वाहन**
- **रेलवे प्रशासन ने उठाया सख्त कदम, पुलिस रहेगी तैनात**

**अमृत विचार :** रेलवे प्रशासन ने इधर-उधर वाहन खड़े करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। पार्किंग से बाहर खड़े वाहन जब्त किए जाएंगे। रेलवे प्रशासन ने अव्यवस्था पर अंकुश लगाने को कई तरह के सख्त कदम उठाए हैं।

रेलवे स्टेशन पर साफ सफाई कार्य पिछले कई दिनों से किया जा रहा है। रेलवे का पार्किंग भी है, जिसका ठेका दो साल पूर्व किया गया था। पार्किंग ठेका होने के बाद भी रेलवे परिसर में इधर-उधर वाहन खड़े कर दिए जाते हैं जिससे रेलवे स्टेशन पर पहुंचने वाले यात्रियों को भारी परेशानी होती है। ट्रेन से उतरने वाले भी परेशान होते हैं। रविवार को रेलवे प्रशासन की ओर से रेलवे परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान कई वाहन रेलवे परिसर में इधर उधर खड़े मिले। रेलवे स्टेशन पर आने वाले लोग अपने वाहन पार्किंग में न लगाकर इधर उधर खड़े कर अंदर चले जाते हैं, जिससे यात्रियों को रेलवे प्रशासन को दिक्कत होती है। उक्त वाहन को हटाते हुए चेतावनी दी गई कि यदि अब यहां वाहन खड़े मिलेंगे तो उन्हे जब्त कर लिया जाएगा।

वाहन स्वामियों को आगाह किया गया कि वह लोग रेलवे परिसर में वाहन न खड़ा करें। यदि बाहर जा रहे हैं या फिर ट्रेन पर यात्रा कर रहे हैं तो अपने वाहन पार्किंग में खड़े करें, जिससे वे सुरक्षित रहें। रेलवे प्रशासन वाहन चोरी होने पर कोई कार्रवाई नहीं करेगा।

वाहन पार्किंग ठेकेदार का कहना है कि यहां शहर के लोग अपने वाहन खड़े करके चले जाते हैं, जबकि पार्किंग पर रसीद काटी जाती है। बीस रुपये की रसीद नहीं कटवाते हैं और रेलवे परिसर में बाइक और साइकिल, कार खड़ी कर देते हैं, जिससे यात्रियों को मुख्य गेट तक पहुंचने में दिक्कत होती है।

### स्टेशन परिसर को व्यवस्थित बनाए रखने को उठाए कदम

रेलवे प्रशासन ने रेलवे स्टेशन परिसर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाए रखने को कई कदम उठाए हैं। यहां पर जीआरपी पुलिस तैनात रहेगी। परिसर के अंदर खड़े होने वाले वाहनों को जब्त कर लिया जाएगा। फिर कोर्ट द्वारा ही वाहन मिल पाएंगे। रेलवे परिसर में बाहर के लोग अब नहीं घुस पाएंगे। यहां पर ठेला लगाने वाले या फल बेचने वाले भी खड़े नहीं होंगे। रेलवे प्रशासन द्वारा रेलवे स्टेशन पर बाहरी लोगों के घूमने पर रोक लगा दी गई है। यदि किसी के पास रेलवे प्लेटफार्म का टिकट या यात्रा टिकट है, वही यहां पर बैठ सकेगा अन्य कोई नहीं। रेलवे प्रशासन दोनो प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद बनाए रखना चाहता है।

# सार-संक्षेप

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने सुनी मन की बात



**बदायूं, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को जिला पंचायत आवास पर सैकड़ों लोगों ने सुना। जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव और पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव ने मन की बात कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पीएम ने समाज के हर वर्ग को लाभान्वित किया है। जिससे आज मन की बात कार्यक्रम जन जन तक पहुंच रहा है। जितेंद्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास में दिन रात मेहनत की है जिससे देश पूरी तरह समृद्धि की राह पर है। गरीब लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। महिलाओं को जनकल्याणकारी योजनाओं से समृद्ध बनाया जा रहा है।

## गांव लौटे मृतक के परिजन, एसएसपी से करेंगे बात

**बदायूं, अमृत विचार :** सेल्समैन मुकेश यादव के नामजद हत्यारोपियों की गिरफ्तारी को लेकर उसके परिजनों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क में धरना दिया। कांग्रेस के पदाधिकारियों ने मृतक के परिजनों का समर्थन किया। उनके अनुसार एसएसपी ने सोमवार को परिजनों को बुलाया है। कांग्रेसी और मृतक के परिजन एक जुलाई को शाम पांच बजे एसके फील्ड से कैंडल मार्च निकालेंगे। जो डीएम कार्यालय तक जाएगा।कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि हत्या के मुकदमा में नामजदों से आज तक पूछताछ नहीं की गई है न ही किसी को गिरफ्तार किया गया है। मृतक मुकेश यादव के परिजनों ने एसएसपी से वार्ता के लिए समय मांगा था। एसएसपी ने सोमवार सुबह 11 बजे परिजन एसएसपी से मिलेंगे। परिजन मृतक मुकेश यादव के परिवार में चाचा की मौत की वजह से गांव वापस लौटे हैं। सोमवीर यादव, अनूप सिंह यादव, अमित शाक्य, उर्वेश यादव, धर्मेंद्र यादव, नवाब प्रजापति आदि मौजूद रहे।

## आरोपी पर हो सख्त कार्रवाई वर्ना होगा आंदोलन



**बदायूं, अमृत विचार :** शिव तांडव सनातन कल्याण संस्थान के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल त्रिवेदी ने संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि दातागंज क्षेत्र के गांव पापड़ स्थित मंदिर में नमाज पढ़ने का मामला सामने आया है। मुस्लिम व्यक्ति ने मंदिर परिसर में नमाज अदा की। पुलिस के अनुसार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। भड़काने वाले काम करने वाले ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। वर्ना शिव तांडव सनातन कल्याण संस्थान पूरे देश व उत्तर प्रदेश में जन आंदोलन करने को मजबूर होगा। कहा कि आज के समय प्रदेश में सनातन धर्म को बदनाम करने का ट्रेंड चल रहा है। जिससे माहौल खराब हो रहा है।

## विधायक ने कार्यकर्ताओं संग देखा मन की बात कार्यक्रम



**बिल्सी, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को बिल्सी विधायक ने अब्दुल्लागंज स्थित सालिगराम इंटर कॉलेज में कार्यकर्ताओं के साथ देखा। इसके बाद उन्होंने मां के नाम एक पौधा लगाया। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से जनता के साथ सीधा संवाद और देश के विकास में योगदान का मार्गदर्शन मिलता है। यह पहल देश की एकता और प्रगति को मजबूती प्रदान करती है। कार्यक्रम में आनंद मिश्रा, ज्ञानचंद्र शाक्य, अमित सिसोदिया, बनवारी लाल शाक्य, उदित मिश्रा, प्रमोद शर्मा, सहित पार्टी पदाधिकारी व ग्रामीण बंधु उपस्थित रहे। वहीं दूसरी ओर नगर पालिका परिसर में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम को देखा। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश सागर, आदित्य महेश्वरी, निखिल सक्सेना आदि उपस्थित रहे।


VARUN ARJUN UNIVERSITY
Varun Arjun Medical College Campus
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh - 242307
ADMISSION OPEN
ADMISSIONS OPEN FOR FOLLOWING COURSES FOR SESSION 2025-2026

VARUN ARJUN COLLEGE OF COMMERCE & MANAGEMENT

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Business Administration (BBA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Bachelor of Computer Applications (BCA) | Intermediate (Any Stream) | 3 Year |
| Master of Hospital Administration (MHA) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |
| Master in Public Health (MPH) | Graduate in (Any Stream) | 2 Year |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504 E-mail ID : admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| M.Sc. (Medical Anatomy)<br>M.Sc. (Medical Biochemistry)<br>M.Sc. (Medical Microbiology)<br>M.Sc. (Medical Physiology)<br>M.Sc. (Medical Pharmacology) | Candidate must have passed three years undergraduate Program B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) With Biological Sciences as one of the Subject or MBBS, BDS, BAMS, BHMS, BPT, B.Pharma, BMLT, BMRIT, B.Sc. Nursing Must have Passed from a recognized University. | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

FACULTY OF FORENSIC SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Forensic Sciences | Intermediate with Science | 3 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050077, 9956248504, E-mail ID: admission@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF NURSING

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| B.Sc. Nursing | Intermediate with Biology and Entrance Test | 4 Years |
| Post Basic B.Sc. Nursing | G.N.M With Entrance Test | 2 Years |
| G.N.M | Intermediate (With English) & Entrance Test | 3 Years |
| A.N.M | Intermediate | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001992, E-mail ID: vacn2019@gmail.com

VARUN ARJUN COLLEGE OF PHARMACY

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Bachelor of Pharmacy | Intermediate with Science | 4 Years |
| Diploma in Pharmacy | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521001991, E-mail ID : principal.vacp@vau.edu.in

VARUN ARJUN COLLEGE OF PARAMEDICAL SCIENCES

| COURSE | ELIGIBILITY | DURATION |
|---|---|---|
| Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T. | Intermediate with Science | 2 Years |
| Diploma in X-Ray Technician | Intermediate with Science | 2 Years |

Contact for Admission : Mob. 7521050078, E-mail ID : principal.vacps@vau.edu.in





# मुकेश हत्याकांड और इटावा के दोषियों पर हो कार्रवाई



धरना प्रदर्शन को संबोधित करते यादव समाज के लोग। ● अमृत विचार

**बदायूं, अमृत विचार :** मुकेश यादव हत्याकांड के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न होने एवं इटावा में कथा वाचक मुकुटमणि यादव के साथ अभद्रता के विरोध में रविवार को अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा द्वारा मालवीय आवास गृह पर धरना प्रदर्शन किया गया। नायब तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री और डीएम को ज्ञापन भेजा गया।

यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रक्षपाल सिंह ने कहा कि इटावा कांड के दोषियों की जांच की जाए। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। रावेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि मुकेश यादव हत्या कांड के दोषियों को अभी तक जेल नहीं भेजा गया है। कथा वाचक के समर्थकों पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है, जो घोर निंदनीय है। उक्त घटना के विरोध में यादव महासभा कैंडल मार्च निकालेगी। जसवीर यादव ने कहा कि इस घटना के विरोध में यादव समाज एकजुट होकर मैदान में उतरेगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री व डीएम के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया। विरोध प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीत यादव आदि रहे।

# कस्तूरबा स्कूलों में होगा डिजिटल सेवा का विस्तार

## डीटीएच से जुड़ेंगे बा विद्यालयों में लगे स्मार्ट टीवी, सभी 18 विद्यालयों को किया गया उच्चीकृत, कक्षा नौ से 12 तक शुरू हो गई पढ़ाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में बालिकाएं ज्ञान वर्धक गतिविधियां सीखेंगी। साथ ही उन्हें नवाचार और रचनात्मक कार्य में भी दक्ष बनाया जाएगा। इसके लिए इन स्कूलों में डिजिटल सेवा का विस्तार किया जाएगा।

कस्तूरबा स्कूलों में लगे स्मार्ट टीवी को डीटीएच से जोड़ा जाएगा। इसके निर्देश राज्य परियोजना निदेशक से मिलने के बाद बेसिक शिक्षा विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। उनमें डीटीएच (डायरेक्ट टू होम) सिस्टम लगाया जा रहा है, जिसके माध्यम से बालिकाएं ई-विद्या के निशुल्क शैक्षिक चैनलों के माध्यम से ज्ञान अर्जित करेंगी।

जिले में 18 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय हैं। सभी को उच्चीकृत कर दिया है। इनमें कक्षा नौ से 12 तक पढ़ाई शुरू हो गई है। विद्यालयों को उच्चीकृत करने के साथ साथ डिजिटल सेवा शिक्षा की भी शुरुआत की गई थी। गुजरे सत्र के दौरान ही सभी स्कूलों में स्मार्ट क्लास संचालित हो रही हैं। इन विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को रचनात्मक और नवाचार का ज्ञान अर्जित कराने के लिए पहल की जा रही है।

सभी विद्यालयों में लगे स्मार्ट टीवी को डीटीएच से जोड़ा जाएगा, जिसके निर्देश पिछले दिनों राज्य परियोजना निदेशक के द्वारा बीएसए को दिए गए थे। आदेश मिलने के बाद सभी विद्यालयों में डीटीएच सेटअप बॉक्स लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। जुलाई माह से छात्राएं डीटीएच पर दिखाए जाने वाले निशुल्क ई- विद्या चैनल के माध्यम से शैक्षिक आधारित ज्ञान अर्जित कर सकेंगी।



जगत ब्लॉक में कस्तूरबा गांधी आवासीय स्कूल का फाइल फोटो।



**डीटीएच पर दिखाए जाएंगे पांच निःशुल्क चैनल :** बा विद्यालयों की बालिकाओं को डीटीएच पर प्रसारित ई-विद्या के पांच चैनलों के माध्यम से शैक्षिक गतिविधियां सिखाई जाएंगी। इन पांच विशेष चैनलों पर विषय आधारित शैक्षिक कार्यक्रम, गतिविधि आधारित शिक्षा, नैतिक शिक्षा, विज्ञान प्रयोग, कला, संगीत, पर्यावरण व नवाचार जैसे कंटेंट प्रसारित किए जाते हैं। इन चैनलों को देखने से छात्राओं को अतिरिक्त जानकारी मिलेगी और उनकी रचनात्मक समझ विकसित होगी।

- **छात्राएं सीख सकेंगी शिक्षा के साथ नवाचार और रचनात्मकता गतिविधियां**

छात्राओं में नवाचार का ज्ञान अर्जित करने और रचनात्मक ज्ञान के लिए बा स्कूलों में लगी स्मार्ट टीवी को डीटीएच से जोड़ा जाएगा। सभी स्कूलों के टीवी डीटीएच से जोड़े जा रहे हैं। 1 जुलाई से स्कूल खुलने के बाद छात्राएं स्कूल समय के बाद टीवी पर ज्ञानवर्धक प्रसारण देख सकेंगी। **-वीरेंद्र कुमार सिंह**, बीएसए

### पढ़ाई के बाद छात्राओं को मिलेगा सीखने का मौका

डीसी बालिका शिक्षा ज्योत्सना मल्ल ने बताया कि राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देश अनुसार, स्मार्ट टीवी को डीटीएच से जोड़ने का उद्देश्य यह भी है कि विद्यालय समय के बाद भी छात्राएं ज्ञानवर्धक प्रसारण देख सकें। यह पहल विशेष रूप से उन छात्राओं के लिए फायदेमंद होगी, जो सीमित संसाधनों में रहकर पढ़ाई करती हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय की प्रधानाध्यापकों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही स्मार्ट टीवी को डीटीएच से जोड़ने की प्रक्रिया पूर्ण की जाए।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने 107 बूथों पर लगाए 1100 पौधे

संवाददाता, दबतोरी

**अमृत विचार :** क्षेत्र के बिसौली ग्रामीण मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने आज एक सौ सात बूथों पर पौधरोपण कर 107 पौधे रोपित किए।

रविवार को आयोजित कार्यक्रम में सुनील सिंह एडवोकेट, संजीव मिश्रा एडवोकेट लेखराज सिंह, विक्रांत सिंह, गुड्डू सिंह आदि लोगों ने नीम जामुन सागौन नींबू अमरूद आदि के पेड़ लगाकर पर्यावरण को हरा भरा बनाने का संकल्प लिया।

पेड़ों को सुरक्षित रखने के संकल्प के साथ ही पेड़ों का मानव जीवन में महत्व को लेकर लोगों को जागरूक किया। घर-घर जाकर लोगों को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। कहा जो भी लोग पेड़ों को सुरक्षित रखते हुए सही से पालन पोषण करेंगे उन्हें मण्डल की टीम के साथ-साथ अधिकारियों द्वारा सम्मानित कराया जाएगा। इस मौके पर ठाकुर ओमेंद्र सिंह, किशोर सिंह, टीटू सिंह, अनोज सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।



सहसवान के रानी सती मंदिर परिसर में पौधरोपण करते लोग। ● अमृत विचार

सहसवान। मोहल्ला नसरुल्लागंज स्थित राय साहब की कोठी बाजार विल्सन गंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री की मन की बात को सुना। उसके बाद कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प चढ़ा कर उनको नमन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने रानी सती मंदिर में पौधरोपण किया। प्रधानमंत्री के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया गया। इस मौके पर कई स्थानों पर पौधे लगाए गए जिनमें नीम, अर्जुन, शीशम, कटहल जामुन आदि के पौधे लगा कर पानी दिया गया। इस मौके पर अबीर सक्सेना, सौरभ सक्सेना, आदर्श सक्सेना, अनिल सैनी, सौरभ वाल्मीकि, रूबैद अख्तर, रईस अहमद, खालिद हुसैन, बबलू चौधरी, नीरज माहेश्वरी, अनीस अंसारी, शफीकुर रहमान, किशन, गौरव, खुर्शीद अली, रंजीत आदि लोग मौजूद रहे।

## नगर पंचायत कार्यालय में सुनी मोदी के 'मन की बात'

**कुंवर गांव, अमृत विचार** : नगर पंचायत कार्यालय में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात को एलईडी टीवी के माध्यम से सुना। पीएम मोदी ने कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत हुई है। हिंदू, जैन और बौद्ध, आदि ने कैलाश मानसरोवर को पवित्र माना है। अभी हमने भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा देखी। ये धार्मिक यात्राएं एक भारत, श्रेष्ठ भारत का प्रतिबिंब हैं। पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 123वें एपिसोड में योग दिवस का जिक्र किया। उन्होंने आपातकाल के 50 वर्ष होने पर भी अपने विचार साझा किए। पीएम ने कहा आप सब इस समय योग की ऊर्जा और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की स्मृतियों से भरे होंगे। आपातकाल लगाने वालों ने न सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाए रखने का था। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। जनता ने करवट बदली आपातकाल थोपने वाले हार गए। कार्यक्रम के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत प्रांगण में पौधारोपण भी किया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष पति अरविंद रावत , शैलेंद्र मोहन सक्सेना उर्फ देवेश सेक्टर संयोजक कुंवर गांव, राकेश साहू, हनी शर्मा, अवनीश शंखधार, सुमित, अमित सिंह, अनिल सिंह, राम शर्मा, लवि शर्मा, शिवकुमार, शशिकांत आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## मुखर्जी के बलिदान दिवस पर ममता ने लगाया पौधा



**बिल्सी, अमृत विचार** : पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं भाजपा नेत्री ममता शाक्य ने बांस बरौलिया स्थित वृद्धा आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के मौके पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। ममता शाक्य ने वृद्धाश्रम के बुजुर्ग लोगों को फल वितरण किये। ममता शाक्य ने कहा कि मां और प्रकृति दोनों ही जीवन के मूल आधार हैं। एक पेड़ मां के नाम अभियान का मुख्य उद्देश्य हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति सम्मान व समर्पण की भावना को प्रदर्शित करना है। पर्यावरण की रक्षा करते हुए मातृभूमि को हरा भरा बनाना है। कार्यक्रम में मौर्य शाक्य कुशवाहा सैनी महासभा के जिला अध्यक्ष रामेश्वर शाक्य, आश्रम के प्रबंधक वेद व्यास शर्मा, गजेंद्र सिंह तोमर, बूथ अध्यक्ष एवं पार्टी के पदाधिकारी वरुण शंखधार, विकास माहेश्वरी, भगवान सिंह, आर पी सिंह, तथा पी डी सिंह, ओम प्रकाश शाक्य, राम मूर्ति मौर्य एवं राम किशोर शर्मा व नीरज शाक्य आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्र निर्माण में मुखर्जी का योगदान अतुलनीय भामाशाह के सम्मान में बड़ा द्वार बनाने की घोषणा



**दातागंज, अमृत विचार** : विधायक राजीव कुमार सिंह ने डॉ. मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए अतुल्य साहस और पुरुषार्थ का परिचय दिया। राष्ट्र निर्माण में उनका अमूल्य योगदान हमेशा श्रद्धापूर्वक याद किया जाएगा। उन्होंने जनसंघ की स्थापना कर वैकल्पिक राजनीतिक विचारधारा प्रस्तुत की। जो आज भाजपा के रूप में देश की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। इस अवसर पर दानवीर भामाशाह को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विधायक ने कहा कि दानवीर भामाशाह ने जिस तरह अपना सब कुछ दान कर जिस तरह शिरोमणि महाराणा प्रताप की सहायता कर देशभक्त होने का परिचय दिया उसके लिए हम-सब देशवासी सदैव आपके ऋणी रहेंगे, विधायक ने नगर में दानवीर भामाशाह के नाम पर बड़ा द्वार भी बनवाने की घोषणा की। विधायक द्वारा गणमान्य लोगों का स्वागत कर सम्मानित भी किया गया और पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्षा पति समाजसेवी अनूप गुप्ता, विनोद अग्रवाल, देवेश तोमर, दिनेश चन्द्र गुप्ता, धर्मेन्द्र गुप्ता, राजन गुप्ता, तेजपाल सागर, वीर सिंह, मनी गुप्ता, आकाश रंजन, शेखर सक्सेना, डॉ. प्रवेश कुमार सिंह, मनमोहन कश्यप, सुरेश माथुर, अंशुल सागर, दीपक गुप्ता, अमित गुप्ता, मनोज गुप्ता आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Admission Open
Session 2025-26
Courses
▪ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
▪ BRIT (Intake-80 Seats)
▪ BPT (Intake-40 Seats)
▪ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
▪ BOTT (Intake-40 Seats)
▪ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
▪ MPT (Intake-20 Seats)
▪ MMLS (Intake-20 Seats)
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
▪ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
▪ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
▪ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
▪ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
▪ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
▪ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# कबाड़ हो गईं तीन और एम्बुलेंस, कर दी खड़ीं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मरीजों को लाने ले जाने में लगी 108 तीन एम्बुलेंस और कबाड़ हो गई हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में पुरानी जली हुई खड़ी एम्बुलेंस के पास खड़ा कर दिया गया है। मेडिकल वार्ड के निकट खड़ी सभी जर्जर एम्बुलेंस घासफूस में खड़ी हैं, जिससे इनके पुर्जे भी गायब होने का खतरा बना हुआ है। ये तीनों एम्बुलेंस खटारा हो चुकी थीं। इसलिए इन्हें रोड से हटा दिया गया।

ये तीनों एम्बुलेंस कुछ दिनों तक सड़कों पर दौड़ रही थीं। इनमें मरीजों को लाया जा रहा था। एक एम्बुलेंस का आगे का शीशा टूटा हुआ है, जबकि दो अन्य कोई अन्य कमी के चलते यहां खड़ी कर दी गई हैं। तीनों एम्बुलेंस अब रिटायर कर दी गई हैं। अभी तक तीनों एम्बुलेंस से एक भी पुर्जा नहीं चुराया गया है, लेकिन अब जिला अस्पताल के कर्मचारियों की नजर इन पर लगी हुई है। रातोंरात इनके कीमती पुर्जे गायब होने का अंदेशा बना हुआ है।



कबाड़ 108 एम्बुलेंस जिला अस्पताल में खड़ी हुई। ● अमृत विचार



दो साल पहले जली हुई खड़ी एम्बुलेंस। ● अमृत विचार

दो साल पहले तक यहां पर छह जर्जर एम्बुलेंस खड़ी थी। उनमें से कीमती पुर्जे निकाल लिए गए। खटारा एम्बुलेंस की रखवाली भी नहीं की गई। जिस जगह पर एम्बुलेंस को खड़ा किया गया था, वहां पर सूखी घास में किसी तरह आग लग गई और देखते ही देखते सभी आधा दर्जन एम्बुलेंस जल गईं। वे आज भी वहीं पर खड़ी हैं। उन्हें न तो नीलाम किया गया है और न ही कबाड़ में बेचा गया है।

- **जिला अस्पताल में खड़ी कर दी खटारा तीनों एम्बुलेंस**
- **2 साल से जली खड़ी हैं 6 एम्बुलेंस, जिम्मेदारों को नहीं चिंता**

जिन एम्बुलेंस में आग लगी थी, उन्हें नीलाम करने की प्रक्रिया होती है, जो विभाग के उच्चाधिकारियों के अधीन है। जो एम्बुलेंस खटारा हो जाती हैं, उन्हें ऐसे ही जगह-जगह खड़ा कर दिया जाता है। उनकी रखवाली की अलग से कोई व्यवस्था नहीं है। सुरक्षाकर्मी उनकी देखरेख करते हैं। फिर भी एम्बुलेंस के पुर्जे चोरी होने का खतरा बना रहता है। **-डॉ. कप्तान सिंह**, सीएमएस

### आसपास झाड़ियां और गंदगी

जिस जगह पर खटारा एम्बुलेंस खड़ी की गई हैं, वहां पर बड़ी-बड़ी घास और अन्य पेड़-पौधे हैं। यहां आसपास गंदगी भी जमा है, जिसके चलते इधर आने वाले लोगों को दिक्कत होती है। जहरीले सांप-बिच्छू घास में कई बार देखे गए हैं। खटारा एम्बुलेंस के पास ही मेडिकल वार्ड है। मेडिकल वार्ड में हर समय मरीज तीमारदार और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी आते जाते रहते हैं, लेकिन गंदगी के चलते बदबू रहती है। वार्ड में भर्ती मरीजों ने बताया कि रात को एम्बुलेंस के आस पास कुत्ते और गोवंश घूमते रहते हैं, जिनसे खतरा बना रहता है। यहां पर सफाई न होने से कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। पास में बनी मोर्चरी में शव रखे जाते हैं, इसलिए पुलिस और अन्य लोगों का आना जाना लगा रहता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अनिल कुमार को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **जगमोहन पुत्र श्री नौहरी निवासी वार्ड नं. 5 चन्द्रगुप्तनगर (परागीपुरवा) नगर पंचायत निघासन थाना व तहसील निघासन खीरी।**

सूचना
मैं श्यामगंज से सैलानी रोड बरेली जरूरी कार्य से जा रहा था। मेरे पास एक बैग था जिसमें असल बैनामा जो काज़ी सगीर उद्दीन ने अथरअली से खरीद किया था। रजि. दिनांक 24.02.2015 को बुक सं. 01 जिल्द 7049 पेज 231 से 248 क्रमांक 2145 पर हुयी है तथा एक अन्य असल बैनामा जो अकबर अली खान व अथर अली खान ने काजी सगीर उद्दीन से खरीद किया था जिसकी रजि. 09.11.2010 को बुक संख्या 01 जिल्द 3780 पेज 343 से 370 क्रमांक 10447 पर हुयी है। जो मेरे द्वारा खरीद की गयी सम्पत्ति मकान संख्या 128/179 नया नम्बर 185 घेर जाफर खान, पुराना शहर, बरेली पिछले बैनामा थे। रास्ते में गिर गये हैं। काफी तलाश के बाद भी नहीं मिल पाया। उक्त दस्तावेजों का प्रयोग अवैध होगा। **फय्याज अली पुत्र श्री रज़ा अली नि.- 137 घेर जाफर खां, पुराना शहर, बरेली मो. 9412345204**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

दुष्टा भार्या शठं मित्रं भृत्यश्चोत्तरदायक:।
ससर्पे गृहे वासो मृत्युरेव न संशय:॥

दुष्ट पत्नी, शठ मित्र, उत्तर देने वाला सेवक तथा सांप वाले घर में रहना, ये मृत्यु के कारण हैं इसमें सन्देह नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# सामाजिक सुरक्षा में आगे

देश ने समावेशी कल्याण की दिशा में मजबूती से कदम बढ़ाएं हैं। दस वर्षों में भारत का 19 प्रतिशत से 64.3 प्रतिशत सामाजिक सुरक्षा कवरेज तक का सफर पैमाने और इरादे दोनों को दर्शाता है। यह दर्शाता है कि जब नीति, प्रौद्योगिकी और राजनीतिक इच्छाशक्ति लोगों की सेवा के लिए मिलकर काम करती हैं तो सभी कुछ संभव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के दौरान बताया कि आज देश में लगभग 95 करोड़ लोग किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। जबकि, 2015 तक 25 करोड़ से भी कम लोगों तक सरकारी योजनाएं पहुंच पाती थीं। भारत में स्वास्थ्य से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक, हर क्षेत्र में देश परिपूर्णता की भावना से आगे बढ़ रहा है। नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने में भारत अब चीन के बाद दुनिया में दूसरे स्थान पर है। ये सामाजिक न्याय की भी उत्तम तस्वीर है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की ताज़ा रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में देश की सामाजिक सुरक्षा कवरेज 64.3 फीसदी तक पहुंच गई है, जो 10 साल पहले सिर्फ 19 फीसदी थी। यह रिपोर्ट हाल ही में जारी की गई है और इसमें केंद्र और राज्य सरकारों की 32 योजनाओं का विश्लेषण किया गया है। इनमें 24 पेंशन योजनाएं, दो मातृत्व लाभ योजनाएं और दो बाल कल्याण कार्यक्रम शामिल हैं। आईएलओ के अनुसार सामाजिक सुरक्षा वह सुरक्षा है जो समाज, व्यक्तियों और परिवारों को स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच सुनिश्चित करने और आय सुरक्षा की गारंटी देने के लिए प्रदान करता है। यह विशेष रूप से वृद्धावस्था, बीमारी, बेरोजगारी, दिव्यांगता, मातृत्व, कार्यस्थल पर चोट लगने या कमाने वाले सदस्य की मृत्यु के समय महत्वपूर्ण हो जाती है। सामाजिक सुरक्षा कवरेज का आकलन करते समय, आईएलओ देशों की केवल उन्हीं योजनाओं पर विचार करता है जिनके लिए पिछले तीन वर्षों का सत्यापित टाइम सीरीज डेटा प्रदान किया गया है। महत्वपूर्ण है कि आईएलओ ने भारत की उपलब्धि को स्वीकार किया है। यह वृद्धि दुनिया भर में सामाजिक सुरक्षा कवरेज में सबसे तेज़ विस्तार को दर्शाती है, जो अंतिम छोर तक लोगों को सशक्त बनाने और किसी को भी पीछे न छोड़ने के वादे को पूरा करने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सामाजिक सुरक्षा कवरेज में वृद्धि विशेष रूप से विकसित देशों के साथ सामाजिक सुरक्षा समझौतों (एसएसए) को अंतिम रूप देने में भारत के वैश्विक जुड़ाव को मजबूती मिलेगी। ये समझौते विदेशों में काम कर रहे भारतीय पेशेवरों के लिए सामाजिक सुरक्षा लाभों

# स्टेग ने बढ़ाई सेना की सामरिक इलेक्ट्रॉनिक क्षमता



**रणवीर सिंह फोगाट**
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

इलेक्ट्रॉनिक खुफिया विश्लेषण में दुश्मन की अग्रिम तैनाती, कमांड एंड कंट्रोल, फायर कंट्रोल सिस्टम, हथियार और वायु रक्षा प्रणालियों की पहचान करने के लिए महत्वपूर्ण रडार लोकेटिंग क्षमताएं शामिल होती हैं जो कि ऑर्डर ऑफ बैटल या युद्ध के रुख की जानकारी प्रदान करती हैं।

सामरिक महत्व की कमांड एंड कंट्रोल टेक्नोलॉजीज के क्षेत्र में भारतीय सेना ने सिग्नल्स टेक्नोलॉजी एवेल्युएशन एंड एडेप्टेशन ग्रुप (स्टेग)की स्थापना की है। स्टेग का घोषित उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, सॉफ़्टवेयर डिफाइंड रेडियो, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम और क्वांटम तकनीकों के रूप में उन्नत संचार तकनीकों का लाभ उठाना है। इन तकनीकों को युद्ध के समय अधिक प्रभावी संचार सुनिश्चित करने के लिए एकीकृत रूप से इस्तेमाल किया जाएगा। यह सामरिक और परिचालन मिशनों और सामान्य ऑर्डर ऑफ़ बैटल की एक श्रृंखला के लिए विशेष रूप से अपनी सिग्नल इंटेलिजेंस क्षमताओं में सबसे उन्नत फ्रंटियर तकनीकों को एकीकृत करके चलता है, जैसाकि हाल में ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान साबित भी हुआ।

लड़ाकू बलों के युद्ध प्रदर्शन और क्षेत्र में कमांडरों के निर्णय लेने के लिए संचार प्रौद्योगिकियां महत्वपूर्ण साबित हुई हैं। स्टेग अभी पूरी तरह से चालू नहीं है क्योंकि क्वांटम कंप्यूटिंग के आने से शायद इसे संचार के लिए इन्टीग्रेट किया जा सकता है जिसमें बाद में क्वांटम सिक्योर डायरेक्ट कम्युनिकेशन के रूप में अपग्रेड भी किया जाएगा। इस सर्वाधिक सक्षम टेक्नोलॉजी का प्रदर्शन हाल में भारत की डिफेन्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली ने मिल कर किया था। उपरोक्त सभी तकनीकों को उपयोगी खुफिया जानकारी में बदलने और लागू करने में कई जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जिन्हें भारतीय संस्थानों के साथ मिलकर दूर कर लिया जाएगा।

स्टेग एक सामरिक स्तर की इकाई है जिसमें सिग्नल इंटेलिजेंस की क्षमताएं होने के बावजूद फिलहाल युद्धक्षेत्र में सभी संकेतों को उठाने और इनका विश्लेषण करने की तकनीक क्षमता का विकास नहीं हुआ है। सिग्नल कोर और राष्ट्रीय तकनीकी टोही संगठन एसटीईएजी की क्षमताओं में इस अंतर को पूरा करने में स्टेग एक जबरदस्त भूमिका का निर्वाह करेगा। स्टेग अभी एक प्रारंभिक चरण में है। जैसे-जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

> स्टेग एक सामरिक स्तर की इकाई है जिसमें सिग्नल इंटेलिजेंस की क्षमताएं होने के बावजूद फिलहाल युद्धक्षेत्र में सभी संकेतों को उठाने और इनका विश्लेषण करने की तकनीक क्षमता का विकास नहीं हुआ है।

के सैन्य योजनाकारों को इसकी क्षमताओं में किसी भी कमी का पता चलेगा उसे पहचानकर कोर-, थिएटर- या राष्ट्रीय-स्तर की सिग्नल इंटेलिजेंस की उन्नत क्षमताओं और एडवांस्ड इक्विपमेंट जैसी परिसंपत्तियों के माध्यम से दूर किया जाएगा। इसका प्रसंस्करण और उपयोग केवल सिग्नल्स के ट्रैफ़िक विश्लेषण, क्रिप्ट-एनालिसिस, भाषाई विश्लेषण, सिग्नल विश्लेषण और इलेक्ट्रॉनिक इंटेलिजेंस विश्लेषण द्वारा कार्यात्मक रूप से निर्धारित किया जा सकता है जो अपरिष्कृत इंटेलिजेंस को उपयोग करने योग्य या वर्तमान में प्रयोग की जा रही सिग्नल इंटेलिजेंस क्षमता के लिए महत्वपूर्ण होगा। प्रसंस्करण और उपयोग श्रृंखला में कुछ ख़ास तत्वों का मूल्यांकन शामिल है जैसे कि, ट्रैफ़िक विश्लेषण में सभी संचार इंटेलिजेंस विश्लेषण को कवर करने वाले गैर-एन्क्रिप्टेड टेक्स्ट।

सिग्नल कोर और राष्ट्रीय तकनीकी टोही संगठन स्टेग की क्षमताओं में अंतराल को भरने में कुछ भूमिका निभाएंगे। क्रिप्ट-एनालिसिस में एन्क्रिप्टेड टेक्स्ट को समझना और उसका मूल्यांकन करना शामिल है। क्रिप्ट-एनालिसिस के लिए विरोधी के एन्क्रिप्टेड संचार में कूट भाषा को तोड़ना और शुद्ध रूप से पढ़ना आवश्यक है। इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए भाषाई विश्लेषण भी महत्वपूर्ण है जिसके लिए विदेशी भाषाओं का अंग्रेजी या हिंदी में अनुवाद करना शामिल होगा।

पाकिस्तान में अधिक बोले जानी उर्दू, पंजाबी, सरायकी, पश्तो और कश्मीरी भाषाविदों के अलावा चीन की मंदारिन भाषा में दक्षता हासिल करना स्टेग कर्मियों के लिए अपरिहार्य है। स्टेग के भाषाई संसाधनों को खुफिया जानकारी से जुड़ी राष्ट्रीय स्तर की एजेंसियों से पूरक सहायता मिलने से सिग्नल विश्लेषण और इसकी एक विस्तृत श्रृंखला के साथ काम करना आवश्यक है जिसमें पहचान, अलगाव, संकेतों को उनके शुद्धतम रूपों में समझना और अंततः रुचि के संकेतों अथवा सिग्नल्स ऑफ़ इंटरेस्ट का दोहन शामिल होता है।

इलेक्ट्रॉनिक खुफिया विश्लेषण में दुश्मन की अग्रिम तैनाती, कमांड एंड कंट्रोल, फायर कंट्रोल सिस्टम, हथियार और वायु रक्षा प्रणालियों की पहचान करने के लिए महत्वपूर्ण रडार लोकेटिंग क्षमताएं शामिल होती हैं जो कि ऑर्डर ऑफ बैटल या युद्ध के रुख की जानकारी प्रदान करती हैं। ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान 24 घंटा के भीतर ही भारत ने अटैक पैटर्न को समझकर तुरत बदलाव किया और ठिकानों पर सटीक हमले इसी टेक्नोलॉजी की मदद से किए। टेक्नोलॉजी और ह्युमन इंटेलिजेंस की इन नवीन क्षमताओं का निर्माण और गठजोड़ करना स्टेग के लिए महत्वपूर्ण चुनौती है जिसके लिए विशिष्ट कौशल सेट के उच्च स्तर के प्रशिक्षण और विकास की जरूरत है

हरेक मिनट में बदलते हुए युद्ध परिदृश्य में सही निर्णय लेने हेतु इसलिए जरूरत है कि एलेक्ट्रोनिकली गाइडेड म्युनिशन्स और एयरक्राफ्ट्स तेज़ी से संचालित होते हैं और इनके लिए सेकंड के अंश भी महत्वपूर्ण होते हैं। सामरिक इस्तेमाल की पहल करने और कमांड एंड कंट्रोल द्वारा इस्तेमाल की जानी वाले संचार प्रौद्योगिकी को अभेद्य बनाने हेतु ही क्वांटम सिक्योर डायरेक्ट कम्युनिकेशन की जरूरत रहेगी जो अभी विकासमान अवस्था में है। उभरती हुई प्रौद्योगिकियां जिनका लाभ स्टेग उठाना चाहता है व्यावसायिक रूप से उपलब्ध ऑफ-द-शेल्फ संचार प्रौद्योगिकियों को भी पीछे छोड़ चुकी हैं। सबसे बड़ी जरूरत है आक्रामक रुख वाले पड़ोसियों की तकनीकी क्षमता का आकलन करते हुए भविष्य के युद्ध में भारतीय आकाश को सुरक्षित रखना। पड़ोसी की मंशा और क्षमताओं के अनुसार ही तय करना है कि हमारा प्रतिकार आक्रामक या रक्षात्मक में से कौन सा होना चाहिए। सिक्योर वर्ल्ड फाउंडेशन 11 देशों की काउंटरस्पेस क्षमताओं का वार्षिक ओपन-सोर्स मूल्यांकन करता है।

हमें उनकी स्पेस सिचुएशनल अवेयरनेस को भी ट्रैक करना होता है। सक्रिय सैन्य संघर्षों में विनाशकारी काउंटर स्पेस क्षमताओं का अभी तक कोई उपयोग नहीं हुआ है, परन्तु इस क्षेत्र में अमेरिका, रूस, चीन और भारत ने एंटी-सॅटॅलाइट लेज़र बीम अस्त्र का प्रयोग प्रदर्शन मात्र और टेक्नोलॉजी सिद्ध करने के लिए तो किया ही है। इस अस्त्र से पृथ्वी की निम्न कक्षा या मुख्य रूप से 1,000 किलोमीटर और उससे नीचे अंतरिक्ष में तैरने वाले उपग्रहों को नष्ट किया जा सकता है। उदाहरण के लिए कहें तो फरवरी 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने से ठीक पहले यूक्रेनी सैन्य संचार में हस्तक्षेप करने के लिए वायासैट कंपनी के संचार उपग्रह, जो केए बैंड फ्रीक्वेंसी का इस्तेमाल करता है और जिसका उपयोग सैन्य इन्टरनेट सेवा के लिए यूक्रेनी सेना करती है, पर एक प्रभावी साइबर हमला किया था जिससे हजारों एंड-यूज़र मॉडेम को नष्ट कर दिया। काउंटर स्पेस क्षमताएं हासिल करने के लिए वास्तविक परीक्षण की भी आवश्यकता नहीं है, क्योंकि मॉडलिंग और सिमुलेशन से यह संभव है। भविष्य के सैन्य संघर्षों में पश्चिमी अंतरिक्ष सॅटॅलाइट संचार कंपनियों की सेवा को खरीदने वाले देश इनकी भूमिका के बारे में अक्सर शिकायत करते हैं। कायदे से देखा जाए तो 80 प्रतिशत अमेरिकी सैन्य संचार वाणिज्यिक उपग्रहों से ही हो रहा है। दिसंबर 2023 तक भारत सहित 33 देशों ने आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसके अनुसार राष्ट्रों के बीच नागरिक अंतरिक्ष अन्वेषण और सहयोग का मार्गदर्शन करने के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं। इसमें चीन, ईरान और पाकिस्तान शामिल नहीं है जिससे इनकी मंशा पर संदेह बना रहता है। इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गेनाईजेशन इस दिशा में सोचते हुए अन्तरिक्ष में डिफेंस डिपार्टमेंट के लिए जासूसी उपग्रहों को उपलब्ध करा रहा है जिनकी रक्षा को भी सुनिश्चित करना भारतीय सेना की अंतरिक्ष कमांड की जिम्मेवारी है।

## प्रसंगवश

# आत्म-संयम का पाठ पढ़ाते हैं ट्रैफिक जाम



> ट्रैफ़िक जाम में फंसकर आप जान पाते हैं कि हमारे नागरिकों की लोकतांत्रिक चेतना कितनी प्रखर है और वो अपनी सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों से कितना प्रेम करते हैं।

आप पैदा होने के बाद तभी तक सुखी रह पाते हैं जब तक चलना शुरू न कर दें। एक बार चले आप तो फिर ज़िंदगी भर चलते ही रहते है। चलना दौड़ने में बदलता है फिर। कोई आगे न निकल जाए इसकी फ़िक्र। कोई पीछे से ठोक न जाए इसकी चिंता। आप यही करते है हर रोज और इसके अलावा और कुछ कर नहीं पाते। फिर उत्तरार्ध आता है जीवन का। आप सुस्ताते हैं। सुस्ताते हुए ही सोच पाता है आदमी कि हम कहां से आए थे ? कहां जाना है ? मैं कौन हूं ? क्या करने के लिए पैदा हुआ था और क्या कर रहा हूं ? और जब आप इस तरह सोचने लगते है तो अध्यात्म को उपलब्ध हो जाते है। और ऐसा तभी मुमकिन है जब आप किसी ट्रैफ़िक जाम में फंस जाए।

इंदौर आते वक्त मैं भी ट्रैफ़िक जाम मे फंसा। और तब मैने जाना हमारे उपनिषद सच्चे हैं। हमारे उपनिषदो में कहा गया है कि ,आत्मानं विद्धि" अपने आप को जानो। जीवन की भागदौड़ से परे जाकर आत्म-साक्षात्कार ही मुक्ति का मार्ग है। ट्रैफ़िक जाम में फंसते ही भागदौड़ समाप्त हो जाती है। बहुतों की आत्मा जाग जाती है। और बहुत से समाधि में चले जाते हैं। पतंजलि के योगसूत्रों में दौड़-भाग को मन की चंचलता का नतीजा माना गया है। मन शांत होता है समाधि लगने से। और ट्रैफ़िक जाम समाधि की अवस्था तक पहुंचने का सबसे सुलभ और सस्ता तरीका है।



**मुकेश नेमा**
वरिष्ठ लेखक

ट्रैफ़िक जाम आपको आत्म-संयम का पाठ पढ़ाता है। टूटी सड़कें। सैकड़ों हज़ारों आड़ी तिरछी लुच्ची कारें। छाती पर चढ़े बदमाश किस्म के ट्रक। पांव रखने और सांस लेने की रत्ती भर भी गुंजाइश नहीं। ऐसे में आप चीख चिल्ला कर भी क्या हासिल कर लेंगे? और तब आपकी आत्मा या कोई पुलिस कांस्टेबल आपको बताता है कि जीवन की ये सारी भागदौड़ व्यर्थ है । खुद को जानना सबसे अधिक जरूरी है , और आप ये सत्य जान सके इसके लिए ट्रैफ़िक जाम जैसे आयोजन किए जाते हैं।

भागदौड़ ही दुख का कारण। ट्रैफ़िक जाम हमें दुखों से मुक्त करता है। ट्रैफ़िक जाम तपाते हैं आपको। आप खुद तो मारपीट करने से बमुश्किल रोक पाते हैं। ट्रैफ़िक जाम में फंसे बिना तक तप और अहिंसा जैसे शब्दों का अर्थ समझना मुश्किल है। ट्रैफिक जाम मे फंस कर ही आप जान पाते हैं कि नियति सर्वोपरि है। आप भगवान भरोसे हैं। संसार क्षणभंगुर है और सच्चा सुख और शांति बाहरी दौड़ में नहीं, बल्कि आत्म-जागरूकता, संयम और आध्यात्मिक चेतना में है।

ट्रैफ़िक जाम में फंसकर आप जान पाते हैं कि हमारे नागरिकों की लोकतांत्रिक चेतना कितनी प्रखर है और वो अपनी सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों से कितना प्रेम करते हैं। आप ऐसी गालियां सुनकर चकित होते हैं जो आपने पहले कभी नही सुनी थी। अपने शब्दकोश में वृद्धि होने को मैं ट्रैफ़िक जाम में फंसने की उपलब्धियों में शामिल करता हूं।

आपकी जानकारी के लिए बुद्धत्व को प्राप्त हो चुका मैं। इसके लिए न बोधिवृक्ष की जरूरत पड़ी मुझे न खीर लेकर आने वाली सुजाता की। ज्ञान से लबालब हूं अब मैं। और इसके लिए सड़क और इस पर लगे ट्रैफ़िक जाम का आभारी हूं।

# भयानक तबाही मचा सकते हैं कुछ क्षुद्रग्रह



**योगेश कुमार गोयल**
वरिष्ठ पत्रकार

> क्षुद्रग्रह छोटे आकाशीय चट्टान रूपी पिंड होते हैं, जो सदैव सूर्य के चारों ओर घूमते हैं। ये वो पिंड हैं, जो किसी कारण से ग्रह नहीं बन पाए।

अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस 1908 के तुंगुस्का प्रभाव की वर्षगांठ का प्रतीक है। 30 जून 1908 को रूस के साइबेरिया में पॉडकामेनेया तुंगुस्का नदी के ऊपर आसमान में एक बड़ा विस्फोट हुआ था। नासा के अनुसार अनुमान लगाया गया था कि उस क्षुद्रग्रह ने करीब 33500 मील प्रति घंटे की गति से पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश किया था। 220 मिलियन पाउंड की उस अंतरिक्ष चट्टान ने अपने आसपास की हवा को 44500 डिग्री फॉरेनहाइट तक गर्म कर दिया था। करीब 28 हजार फीट की ऊंचाई पर दबाव और गर्मी के संयोजन ने क्षुद्रग्रह के टुकड़े को नष्ट कर दिया था, जिससे आग का गोला पैदा हुआ और उससे करीब 185 हिरोशिमा बमों के बराबर ऊर्जा निकली। उस भयंकर विस्फोट से पैदा गई आग ने जंगल के करीब 2150 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में 80 मिलियन से भी ज्यादा पेड़ों को जलाकर राख कर दिया था।

माना गया था कि उस विस्फोट के लिए कोई क्षुद्रग्रह या धूमकेतु जिम्मेदार था। क्षुद्रग्रह दिवस की स्थापना 2013 के चेल्याबिंस्क उल्का विस्फोट के अगले वर्ष 2014 में भौतिक विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग ने खगोलशास्त्री और क्वीन के प्रमुख गिटारवादक डा. ब्रायन मे, बी612 फाउंडेशन के अध्यक्ष डेनिका रेमी, अपोलो 9 अंतरिक्ष यात्री रस्टी श्वेकार्ट और फिल्म निर्माता ग्रिग रिक्टर्स के साथ मिलकर जागरूकता को बढ़ावा देने और लोगों को हमारे ब्रह्मांड के निर्माण में क्षुद्रग्रहों के महत्व तथा हमारे सौरमंडल में उनकी भूमिका के बारे में ज्ञान प्रदान करने के उद्देश्य से की थी। बी612 नामक संगठन एक ऐसा संगठन है, जो पृथ्वी को क्षुद्रग्रह प्रभावों से बचाने और ग्रह रक्षा के मुद्दों पर विश्वभर में निर्णय लेने की जानकारी देने और अग्रेषित करने की दिशा में कार्य करता है। क्षुद्रग्रह छोटे आकाशीय चट्टान रूपी पिंड होते हैं, जो सदैव सूर्य के चारों ओर घूमते हैं। ये वो पिंड हैं, जो किसी कारण से ग्रह नहीं बन पाए। क्षुद्र ग्रह को ग्रहिका भी कहते है। ये आकाशीय पिंड किसी ग्रह से छोटे होते हैं लेकिन ग्रहों की ही भांति सूर्य की परिक्रमा करते हैं। दरअसल तारों, ग्रहों और उपग्रहों के अलावा कई छोटे पिंड भी सूर्य के चारों ओर घूमते रहते हैं, इन्हीं पिंडों को क्षुद्रग्रह कहा जाता है। अंतरिक्ष विज्ञानियों के मुताबिक क्षुद्र ग्रह एक ग्रह के हिस्से हैं, जो हजारों साल पहले टूटे थे। क्षुद्रग्रह चट्टानी-धात्विक वस्तुएं हैं, जिनका आकार एक छोटे से कंकड़ के आकार से लेकर 600 मील तक भी होता है। इन्हें सौरमंडल का बचा हुआ पदार्थ भी कहा जाता है। हमारे सौरमंडल में कई लाख क्षुद्रग्रह मौजूद हैं और कई की खोज अभी बाकी है। कुछ क्षुद्रग्रह तो इतने छोटे होते हैं कि उनका पता लगाना मुश्किल होता है। ज्यादातर क्षुद्रग्रह मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच पाए जाते हैं लेकिन कुछ की कक्षाएं अधिक विलक्षण होती हैं।

करीब 10 लाख ज्ञात क्षुद्रग्रहों में से सबसे बड़ी संख्या मुख्य क्षुद्रग्रह बेल्ट में सूर्य से करीब 2 से 4 खगोलीय इकाई दूर मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच स्थित है। सबसे बड़ा क्षुद्र ग्रह सेरेस है, जिसका व्यास करीब 1083 किलोमीटर है, जिसकी खोज 1801 में हुई थी। दरअसल उस दौरान तारों का नक्शा बनाते समय इटली के खगोल शास्त्री ग्यूसेप पियाजी ने गलती से मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच एक हजार किलोमीटर (करीब 600 मील) व्यास की एक वस्तु की खोज की थी। उन्होंने उस वस्तु का नाम अनाज और फसल की रोमन देवी के नाम पर 'सेरेस' (ब्मतमे) रखा, जो खोजा जाने वाला पहला क्षुद्रग्रह था। यह मंगल और बृहस्पति के बीच में क्षुद्रग्रहों के पट्टे में रहता है। प्लूटो क्षुद्रग्रह सेरेस से करीब ढ़ाई गुना बड़ा है। अंतरिक्ष विज्ञानियों का मानना है कि सेरेस शुष्क और धूसर दिखाई दे सकता है लेकिन संभवतः इसके अतीत में एक तरल महासागर था। ज्यादातर क्षुद्रग्रह पृथ्वी और उस पर पनप रहे जीवन के लिए खतरा नहीं हैं लेकिन कुछ क्षुद्रग्रह इतने खतरनाक हैं और अगर वे पृथ्वी से टकरा जाते हैं तो भयानक तबाही मचा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने दिसम्बर 2016 में 30 जून को अंतर्राष्ट्रीय क्षुद्रग्रह दिवस के रूप में घोषित किया था। इसी दिन साइबेरिया और उसके आसपास हुए तुंगुस्का क्षुद्रग्रह के प्रभाव को समझने के लिए ही इस तिथि का चयन किया गया था। इस दिन को चिह्नित करने का विचार एसोसिएशन ऑफ स्पेस एक्सप्लोरर्स द्वारा प्रस्तावित किया गया था, जिसे बाहरी अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग पर समिति द्वारा समर्थन दिया गया था। दरअसल 30 जून 1908 को तुंगुस्का नदी के करीब एक बड़ा विस्फोट हुआ था, जिसे तुंगुस्का प्रभाव कहा गया। उस विस्फोट में कई किलोमीटर क्षेत्र में जमीन तहस-नहस हो गई थी। क्षुद्रग्रह के चलते पृथ्वी पर हुआ वह नुकसान अभी तक का सबसे बड़ा नुकसान बताया जाता है। यह दिवस मनाने का प्रमुख उद्देश्य लोगों को उस संकट के बारे में जागरूक करना है, जो क्षुद्रग्रह के प्रभाव से ब्रह्मांड पर हो सकता है।

## सोशल फोरम

# जातीय जंग की दस्तक

पहले तो लगता था कि ये गंदी सियासत मज़हबी फसाद की आहट है, मगर अब मंज़र बदल चुका है। अब तो साफ़ दिख रहा है-ये खेल जात-पात की चिंगारी से ऐसी आग लगाने वाला है जो हमारी नस्लों को राख कर देगा।

ये जो सियासी तमाशा चल रहा है, ये कोई अचानक की आंधी नहीं। सियासी ठेकेदारों ने जाति के ज़हर से लोगों के दिलों में नफ़रत का दरिया बहा दिया। मोहब्बत की जगह नफरत ने ले ली और इंसानियत की जगह सियासत ने कब्जा कर लिया। वोट बैंक के इस बाजार में इंसानियत का सौदा हो रहा है, भाईचारे की बोली लग रही है। आने वाला मंज़र एक खौफनाक मंज़र है। अगर यही चलता रहा तो ना जाने कितने घरों के चिराग बुझ जाएंगे, अरबों-खरबों की दौलत खाक हो जाएगी। इतिहास के आईने में देखो, जब-जब हमने अपने अंदर के जख्मों पर मरहम नहीं लगाया, दुश्मन ने उन्हीं जख्मों को कुरेदकर हमें तोड़ दिया।



**डॉ सुधांशु के. मिश्रा**
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

सियासत की सच्चाई एक कड़वी हकीकत है। ये जो मीठी बातें हैं, ये बस सुनहरी जहर है। सब्सिडी, स्कीमें, लालच- ये सब वोट की खेती के बीज हैं। लेकिन असल में ये हमारी जड़ों को खोखला कर रहे हैं, हमारी मेहनत, हमारी खुद्दारी और हमारी उम्मीदों को मार रहे हैं। हम भूलें नहीं कि ये जंग अब बाहर वालों से नहीं, हमारे अपने घर के अंदर से है। दुश्मन अब हमारे ही बीच में छुपा है।

आज सबसे बड़ा सवाल है-क्या हम अपने मुल्क को फिर से जोड़ पाएंगे? क्या हम फिर से मोहब्बत, भाईचारा और इंसानियत का चिराग जलाएंगे? इसके लिए जरूरत है एक ईमानदार रहनुमाई की, एक दूरदर्शी नेतृत्व की, एक साझा ख्वाब की, जिसमें सबका मुस्तकबिल महफूज़ हो, सबका भविष्य सुरक्षित हो, और उस जुनून की, जो हमें फिर से उठ खड़ा होने का हौसला दे। वरना, ये जातीय जंग हमारी रूह तक को जला देगी, और फिर हमारी आने वाली नस्लें सिर्फ राख में अपनी पहचान ढूंढती फिरेंगी।

**-फेसबुक वॉल से**

# सोशल मीडिया पर सावधानी व जागरूकता जरूरी



**सुनील कुमार महला**
स्तंभकार

> आज दिन-ब-दिन सोशल मीडिया की लोकप्रियता बढ़ती ही चली जा रही है लेकिनदुखद है कि तकनीक का आज ग़लत उपयोग किया जा रहा है।

सोशल मीडिया(फेसबुक, व्हाट्स एप, ट्विटर, इंस्टाग्राम) ही है जिसके कारण आज दुनिया श्रिंक हो गई है। वर्ष 1997 में, पहला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'सिक्सडिग्रीज़' लांच किया गया था, और वर्ष 2010 में मैशेबल द्वारा विश्व सोशल मीडिया दिवस की शुरुआत की गई थी। गौरतलब है कि एंड्रयू वेनरिच द्वारा स्थापित, इस वेबसाइट पर उपयोगकर्ता अपने मित्रों और परिवार के सदस्यों को सूचीबद्ध कर सकते थे और इसमें प्रोफ़ाइल, बुलेटिन बोर्ड और स्कूल संबद्धता जैसी सुविधाएं थीं। हालांकि, दस लाख से ज़्यादा उपयोगकर्ताओं के बावजूद वर्ष 2001 में इसे बंद कर दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि पहला आधुनिक सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 2002 में फ्रेंडस्टर था। इसी प्रकार से लिंक्डइन, पहला व्यवसाय-केंद्रित सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 2003 में लांच किया गया था। माईस्पेस 2004 में लांच हुआ, उसी साल फ़ेसबुक(कैम्ब्रिज, मैसाचुसेट्स में स्थापित इस वेबसाइट के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग) भी लांच हुआ। बाद में वर्ष 2006 तक माईस्पेस दुनिया का सबसे बड़ा सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म बन गया। यूट्यूब(विडियो वेबसाइट जिसका जन्म कैलिफोर्निया के सैन मेटियो में हुआ) ने वर्ष 2005 में और उसके बाद ट्विटर ने वर्ष 2006 में सीमित अक्षरों वाला अपना प्लेटफॉर्म शुरू किया। इंस्टाग्राम साल 2010 में लांच हुआ और इसने तेज़ी से विकास किया।

आज दिन-ब-दिन सोशल मीडिया की लोकप्रियता बढ़ती ही चली जा रही है लेकिनदुखद है कि तकनीक का आज ग़लत उपयोग किया जा रहा है। आज सोशल मीडिया पर डेटा चोरी किया जाता है। अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जाता है। फर्जी खबरों को लेकर विवाद होता है। ऐसी ऐसी सामग्री या कंटेंट का प्रचार प्रसार देखने को मिलता है, जिससे मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य (अवसाद और चिंता के कारण) पर बहुत बुरा असर पड़ता है। साइबर बुलिंग( एक दूसरे को धमकाना, परेशान करना) की समस्या जैसे आज आम हो चली है। सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग वास्तविक दुनिया के रिश्तों को कम कर सकता है, जिससे सामाजिक अलगाव हो सकता है। इतना ही नहीं, सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग छात्रों के शैक्षणिक प्रदर्शन को भी प्रभावित करता है।

विशेषकर यू ट्यूबर्स-नैतिकता और मर्यादा को तांक पर रखकर कुछ भी ऊल-जुलूल इन माध्यमों पर बेरोकटोक परोस रहे हैं। यू-ट्यूबर्स और फेसबुक पर कंटेंट प्रस्तुतीकरण का तरीका बहुत ही अजीबोगरीब व ग़लत हो गया है। फेसबुक, यूट्यूब पर ज्यादा से ज्यादा लाइक्स, शेयर और कमेंट्स पाने के लिए यूट्यूबर्स और फेसबुक संचालक अपनी मर्यादाएं भूल रहें हैं और उन्हें समाज और देश से कोई भी सरोकार नहीं रहा है। यह ठीक है कि हमारे देश में अभिव्यक्ति की आजादी सबको प्रदान की गई है, लेकिन पिछले कुछ समय से देश और समाज के कुछेक लोगों ने तकनीक और अभिव्यक्ति की आजादी का बहुत ही ग़लत उपयोग किया है। यू-ट्यूब और फेसबुक सार्वजनिक मंच हैं और आज संपूर्ण विश्व इन मंचों से जुड़ा हुआ है। कोई भी पोस्ट इन मंचों पर पोस्ट की जाती है तो उसके दूरगामी प्रभाव होते हैं, इसलिए यह बहुत ही जरूरी है कि इन मंचों पर प्रामाणिक और विश्वसनीय जानकारी ही पोस्ट की जाए और देश की सुरक्षा का हमेशा ध्यान रखा जाए।

कहना ग़लत नहीं होगा कि सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों प्रकार के प्रभाव हैं।

यह आपस में लोगों को जोड़ने, विचारों का आदान-प्रदान करने तथा समाज और देश में पाज़ीटिव बदलाव लाने का एक सशक्त और शानदार माध्यम है। वास्तव में, यह दिन सोशल मीडिया के हमारे जीवन में महत्व को पहचानने और इसका जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है। सोशल मीडिया संचार और सामाजिकीकरण को बढ़ावा देता है। यह विभिन्न सामाजिक मुद्दों, राजनीतिक आंदोलनों और शैक्षिक अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का एक शक्तिशाली उपकरण है। यह सोशल मीडिया ही है जो रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति को अवसर प्रदान करता है। यह व्यावसायिक अवसरों को जन्म दे सकता है। सामाजिक परिवर्तन लाने की अभूतपूर्व क्षमताएं रखता है।सोशल मीडिया संकट के समय में लोगों को समर्थन और प्रोत्साहन प्राप्त करने, दूसरों के साथ जुड़ने और अकेलेपन को कम करने में मदद करता है। सीखने के अवसरों के साथ ही सोशल मीडिया व्यक्तिगत विकास में भी सहायक सिद्ध होता है। बस जरूरत इस बात की है कि हम तकनीक का प्रयोग पूरी जिम्मेदारी, जागरूकता और संतुलित तरीके से करें। वास्तव में आज सोशल मीडिया पर नकारात्मक (नेगेटिव) और भ्रामक सूचनाओं, जानकारियों से बचने की जरूरत है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## उत्तराखंड रवाना हुई बाघिन, दोबारा लौटने की आशंका

### लगाए ट्रैप कैमरे, बाघिन की मौजूदगी के चलते करीब 20 मिनट तक पेड़ों पर ही बैठे रहे थे ग्रामीण

संवाददाता, पीलीभीत/मझोला



निगरानी टीम से बाघिन के संबंध में जानकारी लेते किसान। ● अमृत विचार



अमरिया में चहलकदमी करती बाघिन।

- निगरानी में वन दरोगा के नेतृत्व में जुटी रही सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम
- उत्तराखंड वन विभाग की टीम भी हुई सक्रिय, अमरिया में डेरा जमाए बाघिन का मामला

**अमृत विचारः** अमरिया क्षेत्र में डेरा जमाए बाघिन रविवार को उत्तराखंड की ओर जाते दिखी। हालांकि बाघिन के दोबारा वापस आने की आशंका के चलते संबंधित स्थानों पर ट्रेप कैमरे लगाए गए हैं, ताकि यदि बाघिन दोबारा आती है तो उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। इधर रविवार को भी वनदरोगा के नेतृत्व में सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम पूरे दिन निगरानी में जुटी रही।

कभी बाघों को गढ़ रहे अमरिया क्षेत्र में फिर से बाघों ने दस्तक देना शुरू कर दिया गया है। हालांकि यह इलाका जंगल से करीब 30 किमी दूर है, मगर रिहायशी इलाके समेत देवहा नदी के आसपास अकसर वन्यजीवों की चहलकदमी देखी जाती है। पिछले कुछ दिनों एक बाघिन क्षेत्र की रानी कॉलोनी में नाले के समीप डेरा जमाए हुए हैं। बाघिन के साथ दो शावक भी देखे जा रहे हैं। करीब दो दिन पहले बाघिन ने रानी कॉलोनी के समीप नोनी गोपाल के खेत में एक छुट्टा पशु का निवाला बनाकर दशहत फैला दी थी। उस दौरान ग्रामीणों ने इसकी सूचना सामाजिक वानिकी प्रभाग को दी थी, जिसके बाद से सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम लगातार बाघिन की नजर रखे हुए हैं।

बीते शनिवार को भी बाघिन नाले के पास देखी गई थी। ग्रामीणों ने बाघिन को तब देखा, तब वे पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहे थे। नजदीक ही बाघिन की मौजूदगी के चलते ग्रामीण करीब 20 मिनट तक पेड़ों पर ही बैठे रहे थे। बाद में ग्रामीणों द्वारा शोर-शराबा करने के बाद बाघिन वहां से चली गई थी। निगरानी में जुटी सामाजिक वानिकी प्रभाग की टीम को भीड़ हटाने को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी।

इधर रविवार दोपहर में बाघिन ने एक बार फिर दस्तक देकर दहशत फैला दी। हालांकि निगरानी में जुटी टीम को रविवार दोपहर तक बाघिन की कोई लोकेशन नहीं मिली थी। दोपहर बाद टीम के सामने ही बाघिन उत्तराखंड की सीमा में जाते दिखी। टीम का कहना है कि बाघिन बीते शनिवार को भी उत्तराखंड की सीमा में चली गई थी, मगर शिकार के चलते रात में किसी समय दोबारा आ गई होगी। फिलहाल अब बाघिन के दोबारा वापस आने की आशंका पर संबंधित क्षेत्र में उसकी की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अलग-अलग स्थानों पर 03 ट्रेप कैमरे लगाए गए हैं। वन दरोगा सोनी सिंह के नेतृत्व में वन दरोगा अमित कुमार, वन रक्षक कौशलेंद्र कुमार, राजीव ढाली, प्रमोद कुमार आदि की टीम निगरानी में जुटी हुई है। वन दरोगा सोनी सिंह ने बताया कि टीम लगातार निगरानी कर रही है। ग्रामीणों को भी सतर्क किया गया है।

## मालगाड़ी खड़ी करके चला गया लोको पायलट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** लोको पायलट और गार्ड की ड्यूटी पूरी हो जाने पर रेलवे स्टेशन पर पावन केबिन पर लिखा पढ़ी करके मालगाड़ी खड़ी करके चले गए। इस दौरान मालगाड़ी प्लेटफार्म दो पर नौ घंटे खड़ी रही। ट्रेनों को रेल लाइन संख्या से निकाला गया।

मुरादाबाद से रोजा के लिए मालगाड़ी शनिवार की दोपहर दो बजे जा रही थी। मालगाड़ी को स्टेशन के प्लेटफार्म दो पर रोक दिया गया। मालगाड़ी एक घंटे तक खड़ी रही। इस दौरान मालगाड़ी के इंजन के लोको पायलट की ड्यूटी 10 घंटे पूरी हो गई। लोको पायलट पावर केबिन पर गई और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी से कहा कि उनकी 10 घंटे ड्यूटी पूरी हो गई है। उन्होंने इंजन के केबिन को लॉक कर दिया और लिखकर दे दिया। ट्रेनों को प्लेटफार्म एक की रेल लाइन से निकाला गया। कंट्रोल ने रोजा को आदेश दिया कि लोको पायलट को शाहजहांपुर भेजा जाए।

## मौसम का बदला रुख, छाए काले बादल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



आसमान में छाए काले बादल। ● अमृत विचार

- बदले मौसम के रुख से लोगों को मिले उमस भरी गर्मी से राहत
- कई दिनों से उमस भरी गर्मी लोगों को कर रही थी परेशान

**अमृत विचारः** मौसम का रुख एक बार फिर से बदला है। सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए हुए हैं। भारी बारिश की संभावना जताई जा रही है। बदले मौसम के रुख से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। तापमान में भी दो डिग्री सेल्सियस की कमी आई है। वातावरण में ठंडा होने से बाजारों में भी चहल पहल रही।

पिछले कई दिनों से उमस भरी गर्मी से लोग परेशान थे। सुबह से खिलने वाली धूप के बाद उमस हो जा रही थी। जिसकी वजह से लोगों का पसीना निकल जा रहा था। रविवार को मौसम में अचानक से बदलाव देखा गया। सुबह से आसमान में काले बादल छाए हुए है। लेकिन बारिश की एक बूंद नहीं गिरी। दिन में कई बार ऐसा अवसर आया कि अब झमाझम बारिश होगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बादल बिन बरसे ही रहे गए। आसमान में छाए घने काले बादल और 20 से 25 किलोमीटर रफ्तार से चल रही हवाओं से वातावरण में ठंडक छाई हुई है। जिसकी वजह से तापमान में भी कमी आई है। दिन में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम के बदले रुख से वातावरण ठंडा होने से बाजारों में भी चहल पहल रही। लोगों ने बाजार में पहुंचकर खरीदारी की। आसमान में छाए काले बादलों को लेकर कृषि विभाग ने मूसलाधार बारिश होने की संभावना जताई है। कृषि अधिकारियों का कहना है कि एक जुलाई तक ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना है।

## प्लाट पर कब्जे का प्रयास, विरोध पर की मारपीट

**बदायूं, अमृत विचार :** सहसवान कस्बा के मोहल्ला सैफुल्लागंज निवासी नियाज मोहम्मद का फतनपुर टप्पा में प्लाट है। कुछ लोगों ने उनके प्लाट पर कब्जा करने का प्रयास किया। आरोपियों ने उनके प्लाट की चाहरदीवारी तोड़ दी। सूचना मिलने पर नियाज मोहम्मद मौके पर पहुंचे और विरोध किया। आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट करते हुए धमकाया। पीड़ित ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन तब तक आरोपी भाग चुके थे। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी है। सहसवान कोतवाल राजेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि शिकायत पत्र मिला है। मामले की जांच की जा रही है। जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लिपुलेक भिंड राज्य मार्ग पर पैच मरम्मत जारी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कांवड़ यात्रा को सुगम बनाने के लिए जुटा विभाग

**अमृत विचार :** पवित्र श्रावण मास में होने वाली कांवड़ यात्रा को सुगम बनाने के लिए पैच मरम्मत का कार्य लोक निर्माण विभाग की ओर से तेजी से कराया जा रहा है। लिपुलेक भिंड राज्य मार्ग संख्या 29 पर बरेली मोड़ से याकूब तिराहे तक लगभग 28 किमी के स्टेट हाईवे के चौड़ीकरण का कार्य एसएस इंफ्राजोंन को कराना है।

मार्ग के दोनों तरफ का भाग वन संरक्षित क्षेत्र होने के कारण भारत सरकार से पेड़ों के कटान के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र हासिल करने का कार्य प्रक्रिया में हैं। इसी कारण मार्ग का चौड़ीकरण का कार्य समय रहते पूर्ण नहीं कराया जा पा रहा है। लोक निर्माण विभाग की ओर से कांवड़ यात्रा के लिए निर्धारित मार्गों को चालन के लिए सुगम बनाने के लिए वर्षा एवं जल भराव के कारण बन गए गड्ढों की मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। कांट कस्बे से पुरैना तक करीब 10 कि मी पर पैच मरम्मत का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। उबरिया मंदिर के आगे दो किलो मीटर पर पैच मरम्मत का काम यूपीडा कराएगी। इसके आगे याकूबपुर तिराहे तक चार किलो मीटर पर डीबीएम स्तर तक का कार्य पहले से पूरा किया जा चुका है। इसमें जिस हिस्से में यात्रा मार्ग पूर्णत सही है। कांट से बरेली मोड़ तक लगभग 10 किलो मीटर में जहां दो पर डीबीएम की सतह बनने के अलावा पूर्व निर्मित मार्ग पर जो पैच हैं उनको कांवड़ यात्रा से पूर्व ही लोनिवि की ओर से गड्ढा मुक्ति का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

## एचटी लाइन खींचते समय उलझे दो भाई, जान गई

कार्यालय संवाददाता,संभल/ बहजोई

- धनारी थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद में दोनों भाई खेत पर गए थे, हो गया हादसा

**अमृत विचारः** बिजली की हाईटेंशन लाइन खींचते समय तारों में उलझ कर लटक गए चचेरे-तहेरे भाइयों की गिरकर मौत हो गई। परिजनों ने मशीन ऑपरेटर पर लापरवाही का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की।

धनारी थाना क्षेत्र के गांव औरंगाबाद में बिजली विभाग द्वारा हाईटेंशन लाइन खींची जा रही है। गांव के ब्रह्मचारी का 17 साल का बेटा सत्यभान अपने चचेरे भाई 9 साल के रोहित के साथ खेत पर गया था। उन्हीं के खेत से हाईटेंशन लाइन खींची जा रही थी। सत्यभान व रोहित पास जाकर तारों को देख रहे थे तभी वे तारों में उलझ गए। दोनों तारों से निकल पाते इससे पहले ही मशीन ऑपरेटर ने तार खींच दिए। तारों पर लटके सत्यभान व रोहित ने शोर मचाया। आपरेटर तार ढीले कर पाता इससे पहले ही दोनों के हाथों से तार छूट गया और वे काफी ऊंचाई से जमीन पर गिरकर गंभीर घायल हो गए।

परिजन दोनों को बहजोई अस्पताल ला रहे थे लेकिन रास्ते में दम तोड़ दिया। दोनों भाइयों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने घटना की जानकारी करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए। मृतक रोहित के पिता छविराम ने बताया कि मशीन ऑपरेटर ने अचानक से तार खींच दिए जिसके कारण उनका बेटा व भतीजा लटक गए। ऊंचाई से गिरकर दोनों की मौत हो गई। उन्होंने आपरेटर पर कार्रवाई की मांग की।

## विद्यालयों के मर्ज होने से बालिकाओं के ड्रॉपआउट में होगी बढ़ोतरी : यूटा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



कटरा विधायक को पत्र सौंपते यूटा पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- शिक्षा संगठन यूटा ने सीएम को संबोधित ज्ञापन विधायक को सौंपा

**अमृत विचार :** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के जिला अध्यक्ष विनीत कुमार गंगवार के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस को सौंपा गया। ज्ञापन में कम छात्र संख्या वाले परिषदीय विद्यालयों को मर्ज करने के निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की गई।

ज्ञापन में बताया कि मर्जर से छात्रों के लिए विद्यालयों की दूरी बढ़ेगी। बड़ी संख्या में बच्चों के शिक्षा का अधिकार से वंचित होने की संभावना है। विद्यालयों की मर्जर नीति ग्रामीण परिवेश के अभिभावकों और बच्चों के लिए हितकारी नहीं है। समाज में शैक्षिक असमानता व बालिकाओं के ड्रॉपआउट में बढ़ोतरी होगी। यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) ने इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में रामकुमार सिंह, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पृथ्वीराज, जिला कोषाध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह, जिला संयुक्त महामंत्री चंदन वर्मा, जिला उपाध्यक्ष मोहन गंगवार, जिला उपाध्यक्ष राम प्रताप, अरविंद सिंह, विपिन पाल, अवनीश गंगवार, नवीन चंद्र गंगवार, योगेश कुमार, राजीव सिंह उमेश, सुद्युम्न कुमार, कीर्ति कुमार, सर्वेश व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## मन की बात का सीधा प्रसारण सुना

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** बृज विहार वार्ड में रविवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुना गया। यह कार्यक्रम बूथ संख्या 145 पर आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद रामबरन सिंह चंदेल ने भाग लिया और सभी को बताया कि माननीय प्रधानमंत्री की मन की बात सुनने से व्यक्तित्व विकास होता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री पिछड़ों, वंचितों, युवाओं, किसानों और सभी वर्गों की बात करते हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक अमित शर्मा , बूथ अध्यक्ष संजय वर्मा, सरवन दीक्षित, सुरजीत गुर्जर, चंद्रबरण सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के संदेश को सुना और देश के विकास में योगदान करने का संकल्प लिया।

## महिला का बनाया वीडियो, आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**ओरछी, अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में रहने वाला युवक बाइक की फाइनेंस कंपनी में रिकवरी एजेंट है। वहीं बिसौली कस्बा निवासी संजीव यादव उसी फाइनेंस कंपनी में मैनेजर है। मैनेजर का रिकवरी एजेंट के घर पर आना जाना था। आरोपी के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट के अनुसार मैनेजर रिकवरी एजेंट की अनुपस्थिति में उसके घर पहुंचा। उस दौरान एजेंट की पत्नी बाथरू में नहा रही थी। संजीव यादव ने उस दौरान महिला का वीडियो बना लिया और ब्लैकमेल करने लगा। 26 जून की रात मैनेजर उसके घर आया। मैनेजर ने महिला को बदनीयत से दबोच लिया। महिला चिल्लाई तो मैनेजर ने गाली-गलौज करते हुए वीडियो वायरल करने की धमकी दी और चला गया। एजेंट घर पहुंचा तो उसकी पत्नी ने आपबीती बताई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

## बच्चों के बौद्धिक विकास पर कार्यशाला में दिया जोर



वीके मिश्र का स्वागत करते डायरेक्टर।

**पुवायां, अमृत विचार :** कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के शैक्षिक स्तर में इजाफा व उनके बौद्धिक विकास पर जोर दिया गया।

नगर के कैम्ब्रिज कान्वेंट स्कूल में आयोजित कार्यशाला के मुख्य अतिथि सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर वीके मिश्रा ने भगवान गणेश व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों के बौद्धिक स्तर का सुधार करना तथा कक्षा के वातावरण को बच्चों के अनुकूल बनाना रहा ताकि बच्चों की पढ़ाई सुचारू रूप से चल सके। वीके मिश्रा ने कहा कि 21वीं सदी में समय के परिवर्तन के साथ-साथ शिक्षण पद्धति में बदलाव हो रहे हैं। बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करना है तो कक्षा में उत्तम माहौल बनाना होगा। कठोर शिक्षक के स्थान पर सहृदय अभिभावक बनकर सोचना होगा। बच्चों पर अपने माता-पिता से ज्यादा शिक्षकों का प्रभाव रहता है। अध्यापक को बच्चे के प्रति नकारात्मक सोच नहीं रखनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में प्रिंसिपल राहुल देव शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए अतिथि का धन्यवाद दिया। इस दौरान विद्यालय के डायरेक्टर रचित अग्रवाल, विनायक अग्रवाल व अन्य लोग मौजूद रहे।

## व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने वितरित किए फल

**पुवायां, अमृत विचार :** मेवाड़ के वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के परम मित्र, सहयोगी और मातृभूमि के लिए सर्वस्व दान करने वाले दानवीर भामाशाह की जयंती पर पुवायां उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल ने रविवार को अस्पतालों में पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए।

उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश प्रचार मंत्री कपिल गुप्ता के साथ तमाम पदाधिकारियों ने रविवार की सुबह लगभग 11 बजे पुवायां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एंव पुवायां नगर स्थित लाइफ लाइन हॉस्पिटल पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए। कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार लील, धीरज शर्मा राजा नंदा, मंगल मिश्रा, अखिलेश अग्निहोत्री, अजीत, हरिश्याम गुप्ता, लकी गुप्ता, विशाल गुप्ता, पवन मिश्रा, श्यामू तिवारी और नीलेश ओमर सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## वैश्य समाज ने मनाई भामाशाह की जयंती

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- महानगर के मेजबान तिराहे पर महाराणा प्रताप पार्क में किया भव्य कार्यक्रम का आयोजन
- मुख्य अतिथि भाजपा एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता ने भामाशाह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए

**अमृत विचार :** महानगर के मेजबान तिराहे पर महाराणा प्रताप पार्क में भामाशाह की जयंती पर अनुज देव गुप्ता के सौजन्य से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा से एमएलसी डॉ. सुधीर कुमार गुप्ता, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता मुन्ना, व्यापारी नेता वेद प्रकाश गुप्ता व शरद सिंह ने भामाशाह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।

सभी ने उपस्थित समाज के गणमान्य लोगों को भामाशाह की जयंती पर बधाई देते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। इसमें रोजा के पूर्व चेयरमैन अजय गुप्ता, संजय अग्रवाल, संजय गुप्ता, राजीव गुप्ता ,वेद प्रकाश गुप्ता, अनिल गुप्ता प्रधान, विनय अग्रवाल, रजनीश गुप्ता, कमल गुप्ता, बीजेपी महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, अरुण गुप्ता, शरद वीर सिंह आदि ने विचार व्यक्त किए।

संचालन मनीष गुप्ता ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से गोष्ठी में सचिन बॉथम, कुलदीप गुप्ता, मुकेश गुप्ता रोमी, नवनीत सिंह, अभिनय गुप्ता, देवेश गुप्ता, राजीव गुप्ता, रोहित गुप्ता, काव्य गुप्ता, संजय गुप्ता, अनूप गुप्ता, अशोक गुप्ता, शिव कुमार गुप्ता आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना



**बदायूं, अमृत विचार :** भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने 2575 बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में उनके चित्र पर पुष्पांजलि और विचार गोष्ठी करके मनाया। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम का विशेष अभियान चलाकर पौधरोपण किया गया। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता,ने दातागंज विधानसभा के गांव बझेड़ा में कार्यक्रम में भाग लिया। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने रानी अवंतीबाई शिक्षण संस्थान परिसर में मन की बात कार्यक्रम को सुना। दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने नगर पालिका परिसर कार्यक्रम में बलिदान दिवस मनाया और पौधारोपण किया। वहीं बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने गांव अब्दुल्लागंज कार्यक्रम में मन की बात को सामूहिकता से सुना।

### जान से मारने की दी धमकी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** परौर थाना क्षेत्र के गांव वम्हनी निवासी राजीव मिश्रा ने थाना में तहरीर देकर बताया कि उसकी अटल बिहारी स्वयं सहायता समूह की राशन की दुकान है। इसका संचालन गांव के मुनेंद्र कर रहे है। रविवार की सुबह 9 बजे दुकान पर हिसाब-किताब कर रहे थे जिसमें 57 क्विंटल स्टाक गायब था और मौके पर नहीं मिला। उन्होंने जानकारी की तो सचिव मुनेंद्र व उसके साथियों ने जान से मारने की धमकी दी और गालियां देने लगे। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

### सीएनजी टैंकर पेड़ से टकराया, चालक की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** हादसा थाना अलापुर क्षेत्र में बदायूं मार्ग स्थित गांव इस्लामगंज के पास शनिवार आधी रात हुआ। बिनावर थाना क्षेत्र के गांव सुकटिया निवासी श्रीपाल (25) पुत्र रामपाल सिंह सीएनजी टैंकरर के चालक थे। शनिवार देर शाम वह शाहजहांपुर से थाना उसहैत स्थित पेट्रोल पंप पर कैंटर लेकर आए थे। पंप पर गैस निकलवाने के बाद वह टैंकर लेकर वापस लौट रहे थे। गांव इस्लामगंज के पास टैंकर अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे जाकर पेड़ से टकरा गया। हादसे टैंकर चालक श्रीपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सक ने घायल को मृत घोषित कर दिया। रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### कल्पना अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) बदायूं बनाई

**लखनऊ, अमृत विचार :** पीसीएस अधिकारी दीप्ति देव यादव को लखनऊ मंडल में अपर आयुक्त नियुक्त किया गया है। मुरादाबाद की मनी अरोरा को सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ का प्रधान प्रबंधक बनाया गया है। राज बहादुर प्रथम को अपर जिलाधिकारी न्यायिक लखनऊ बनाया गया है। इसी क्रम में जय प्रकाश और अजय कुमार राय को अपर आयुक्त, गोरखपुर मंडल नियुक्त किया गया है। सहदेव कुमार मिश्र को अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गोरखपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कल्पना जायसवाल को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) बदायूं बनाया गया है।

### टेबल टेनिस पुरुष में पश्चिमी जोन जीता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में उत्तर प्रदेश पुलिस की 42 वीं वार्षिक बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता वर्ष 2025 का रविवार को समापन हो गया। इसमें प्रदेश की 13 पुलिस टीमों—बरेली, आगरा, मेरठ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, पीएसी पूर्वी, मध्य एवं पश्चिमी जोन, रेडियो और जीआरपी जोन के कुल 305 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। रविवार को आखिरी दिन प्रतियोगिता का आरंभ डीआईजी मुनिराज जी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर किया। समापन के दौरान बैडमिंटन प्रतियोगिता के पुरुष टीम वर्ग में मेरठ जोन प्रथम स्थान व वाराणसी जोन द्वितीय स्थान पर रही। महिला टीम वर्ग में मेरठ जोन प्रथम स्थान व कानपुर जोन द्वितीय स्थान पर रही। वहीं टेबल टेनिस के पुरुष टीम वर्ग में पीएसी पश्चिमी जोन प्रथम स्थान व मेरठ जोन द्वितीय स्थान पर रही।

### रेस्टोरेंट में बाउंसर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**स्वार, अमृत विचार :** स्वार बाजपुर मार्ग स्थित गांव अली नगर उत्तरी में हवाई अड्डा रेस्टोरेंट है। हवाई अड्डा रेस्टोरेंट में संचालक राशिद पाशा ने पांच बाउंसर रखे थे। रविवार तड़के तीन बजे बाउंसर गुलफाम उर्फ मुस्कान आयु 26 वर्ष पुत्र फरीद अख्तर ग्राम महल थाना इंचौली जिला मेरठ ने पेट में दर्द की शिकायत की। जिस पर अन्य साथी उसे सीएचसी ले आए। चिकित्सक ने उपचार किया और दवा देकर भेज दिया। एक घंटे बाद सुबह 4 बजे दर्द होने पर उसे पुनः सीएचसी लाया गया। चिकित्सक ने उपचार शुरू किया, लेकिन 7 बजे गुलफाम ने दम तोड़ दिया। रेस्टोरेंट संचालक राशिद पाशा ने बाउंसर की मौत की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर कोतवाली पुलिस भी सीएचसी पहुंच गई और शव को कब्जे में ले लिया। परिजनों ने किसी भी कार्रवाई से इन्कार कर पोस्टमार्टम से मना कर दिया। जिस पर पुलिस ने शव को उसके परिजनों को सौंप दिया। परिजन शव को लेकर मेरठ के लिए रवाना हो गए। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहम्मद अजीम ने बताया कि युवक को पेट दर्द की शिकायत पर लाया गया था। उपचार किया था, मौत का कारण फूड प्वाइजनिंग हो सकती है।

### पत्नी का अपहरण कर ले जाने का आरोप, दी तहरीर

**सैफनी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के मड़ैयान झाऊ गांव निवासी जय सिंह पुत्र कल्यान सिंह ने पत्नी के अपहरण की आशंका जताई। पीड़ित ने गांव के युवक और उसके चाचा के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जय सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि 27 जून की रात वह अपनी पत्नी और ढाई वर्षीय पुत्र के साथ घर के बरामदे में सो रहा था। सुबह करीब पांच बजे जब उसकी नींद खुली तो उसकी पत्नी घर पर नहीं थी। काफी खोजबीन के बाद भी युवक को उसकी पत्नी की कोई खबर नहीं मिली। बताया जाता है कि 27 जून की शाम उसने पत्नी और युवक को मोबाइल पर अश्लील बातचीत करते हुए सुना था, जिसके बाद उसने पत्नी का मोबाइल अपने पास रख लिया था। उसे शक है कि उसी रात आरोपी ने पत्नी को चाचा की मदद से अगवा कर लिया। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कर पत्नी की बरामदगी की मांग की है।

### मां-बेटे को खेत के विवाद में पीटकर किया घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के गांव विजइया निवासी नेकसिया का कहना कि उसके पति मुखराम की मौत हो चुकी है। तब से उसका पड़ोसी महेश उसके खेत पर कब्जा करना चाहता है। इसी बात को लेकर 11 मई को आरोपी अपने लड़के शिवम, बबलू, महेश के साथ महिला के खेत की मेढ़ को काट रहे थे। जब महिला को इस बात का पता चला तो वह अपने बेटे संदीप के साथ वहां पर पहुंच गई। जब मां बेटे ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने दोनों के साथ गाली गलौज करते हुए मां-बेटे को लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। उसके शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। इस पर आरोपी मौका पाकर फरार हो गए। बाद में पीड़िता ने थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उसके बाद पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर सिविल लाइन पुलिस ने शिवम, बबलू और महेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### ब्लैकमेल करने की एसपी से शिकायत, रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के मोहल्ला निवासी महिला का कहना है कि उसकी छह माह पहले शादी हुई है। उत्तराखंड के किच्छा का रहने वाला सुरेंद्र उसके पति सहित कई लोगों की फेस बुक आईडी पर आपत्तिजनक फोटो डालकर उसको परेशान कर रहा है। आरोपी महिला को ब्लैकमेल करके अब तक उससे 80 हजार रुपये भी ले चुका है। एसपी के आदेश पर सिविल लाइन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### दंपती से मारपीट और धमकाने में चार पर रिपोर्ट

**भोट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के पीपलगांव निवासी कल्याण सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि रविवार सुबह 9 बजे उसकी पत्नी रूपा कूड़ा डालने जा रही थी। इसी दौरान उसके तहेरे भाई की पत्नी कृष्णा ने उससे अभद्रता की और विरोध करने पर ईंट फेंक कर मार दी थी। वह पत्नी के साथ कृष्णा से बात करने गया तो मौके पर मौजूद विमला, कृष्णा, राजकली व मक्खनलाल ने गाली गलौज करते हुए दंपति से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी।

# राष्ट्रपति के बरेली दौरे की कमान संभालेंगे दो आईएएस

## एयरफोर्स हवाई अड्डे पर बीडीए उपाध्यक्ष और आईवीआरआई के ऑडिटोरियम में नगर आयुक्त को दी जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कार्यक्रम में महिला आईएएस और पीसीएस अफसरों की ड्यूटी लगाई, सीडीओ
- एडीएम ई सहित कई एसडीएम भी तैनात की गईं, 40 से ज्यादा आईएएस की लगाई गई ड्यूटी

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के सोमवार सुबह आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग करने पहुंचने के कार्यक्रम के लिए प्रशासनिक अफसरों की ड्यूटी लगा दी गई है। राष्ट्रपति के त्रिशूल एयरफोर्स व आईवीआरआई के ऑडिटोरियम में आयोजित दीक्षांत समारोह की कमान दो आईएएस अफसरों को सौंपी गई है। इसमें एयरफोर्स में स्वागत और विदाई के दौरान बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मणिकंडन तैनात रहेंगे, जबकि ऑडिटोरियम के अंदर समारोह कार्यक्रम की तैयारियों का जिम्मा नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य संभालेंगे।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार राष्ट्रपति को कार्यक्रम के दौरान कोई असुविधा न हो, इसके मद्देनजर एक महिला आईएएस और आधा दर्जन महिला पीसीएस अफसरों की ड्यूटी भी ऑडिटोरियम के अंदर लगाई गई है। सीडीओ देवयानी, एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह, बहेड़ी एसडीएम रत्निका श्रीवास्तव, मीरगंज एसडीएम दीप्ति, विदुषी सिंह आदि महिला अफसरों को तैनात किया है। इनके अलावा एयरफोर्स से लेकर आईवीआरआई के अंदर और बाहर मंडलभर के 40 से ज्यादा आईएएस और पीसीएस अफसरों की तैनाती की गई है।

**राष्ट्रपति नाश्ते में लेंगी ड्राई फ्रूट्स और जूस :** आईवीआरआई के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सोमवार को सुबह करीब 10.15 बजे शामिल होंगी। आईवीआरआई में ही राष्ट्रपति सुबह का नाश्ता करेंगी। राष्ट्रपति नाश्ते में ड्राई फ्रूट्स और जूस लेंगी। वहीं राष्ट्रपति के चाय और कॉफी भी पेश की जाएगी। सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम राष्ट्रपति को नाश्ते में परोसे जाने वाले सभी खाद्य और पेय पदार्थों की तीन बार जांच करेगी।

**राष्ट्रपति के लिए ओ पॉजिटिव ग्रुप का ब्लड आरक्षित :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का ब्लड ग्रुप ओ पॉजिटिव है। प्रोटोकॉल के अनुपालन में शहर में बनाए गए सेफ हाउस में ओ पॉजिटिव ब्लड ग्रुप यूनिटों को आरक्षित कर दिया गया है।

### एक घंटे पहले पहुंचेंगे सीएम योगी, जनप्रतिनिधियों से करेंगे चर्चा

**बरेली :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार की सुबह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के एयरफोर्स हवाई अड्डे पर पहुंचने से करीब एक घंटा पहले पहुंच जाएंगे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करने के साथ शहर के विकास पर चर्चा कर सकते हैं। मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह, वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार के साथ सभी भाजपा विधायक, मेयर और जिला पंचायत अध्यक्ष पहुंचेंगे। प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री अमौसी एयरपोर्ट से सुबह 8.20 बजे राजकीय वायुयान से त्रिशूल हवाई अड्डे के लिए उड़ान भरेंगे। वह सुबह 8.50 बजे त्रिशूल एयरपोर्ट पहुंच जाएंगे। मुख्यमंत्री का समय 8.50 बजे से लेकर 9.50 बजे तक आरक्षित रखा गया है। कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री भी राष्ट्रपति के साथ उनके बीबीजे वायुयान से गोरखपुर जाएंगे।

### राज्यपाल करीब 30 मिनट पहले एयरफोर्स पहुंचेंगी

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल राष्ट्रपति के पहुंचने से करीब आधे घंटे पहले त्रिशूल एयरफोर्स हवाई अड्डे पर पहुंचेंगी। जारी हुए कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट से राजकीय वायुयान से 8.50 बजे उड़कर करीब 9.20 बजे त्रिशूल एयरपोर्ट पर पहुंचेंगी। राज्यपाल का समय 9.50 बजे तक आरक्षित रखा गया है। इसके बाद राष्ट्रपति के पहुंचने पर राज्यपाल उनका स्वागत करेंगी। 9.50 बजे से लेकर 12.55 बजे तक राज्यपाल राष्ट्रपति के साथ रहेंगी। बरेली से गोरखपुर भी उनके साथ ही जाएंगी।

### राष्ट्रपति मुर्मु एक घंटा 40 मिनट नाथनगरी में रहेंगी

**बरेली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बरेली नाथनगरी में करीब एक घंटा 40 मिनट तक रहेंगी। इस दौरान तक शहर की फिज़ां बदली रहेगी। प्रभारी अधिकारी वीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रपति सुबह 9.50 बजे एयरफोर्स हवाई अड्डा त्रिशूल पहुंचेंगी। इसके बाद मुख्यमंत्री, राज्यपाल सहित अफसरों के काफिले संग करीब 10 बजे एयरफोर्स से आईवीआरआई के लिए कार से प्रस्थान करेंगी। राष्ट्रपति का सुबह 10.10 बजे से लेकर 10.20 बजे तक यानि करीब 10 मिनट का समय आरक्षित रखा गया है। इसके बाद राष्ट्रपति 10.20 से लेकर 11.10 बजे तक आईवीआरआई (डीम्ड यूनिवर्सिटी) के स्वामी विवेकानंद ऑडिटोरियम में आयोजित दीक्षांत समारोह में प्रतिभाग करेंगी। करीब 11.30 बजे राष्ट्रपति को लेकर बीबीजे वायुयान एयरफोर्स हवाई अड्डा त्रिशूल से गोरखपुर के लिए उड़ान भरेगा।

### जानवर के पग चिह्न दिखने के बाद दहशत

**नवाबगंज, अमृत विचार:** हाफिजगंज क्षेत्र के गांव फैजुल्लापुर के पास खेतान फैक्ट्री में तेंदुए देखे जाने के बाद दहशत का माहौल है। रविवार को ग्रामीण क्षेत्र में पग चिह्न दिखने के बाद गांव के लोगों ने वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वह पग चिह्न किसी अन्य जानवर के हैं।

खेतान फैक्ट्री में शुक्रवार को तेंदुआ दिखा था। जिसका वीडियो फैक्ट्री के चौकीदार अजय पाठक ने छत से बनाया था। जो इस समय सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है जिससे लगातार ग्रामीण क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। उसके बाद रविवार को नवाबगंज के नजदीकी गांव हरदुआ किफायतुल्लाह में ग्रामीणों को खेत में पग चिह्न दिखाई दिए, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। गांव के लोगों ने खेत में दिखाई दे रहे पग चिह्न की वीडियो बनाकर वन दरोगा अकबर अली को भेजा, जिसके बाद उन्होंने तेंदुए के पग चिह्न होने से इन्कार कर दिया। वन दरोगा अकबर अली का कहना है कि पग चिह्न में जो नाखून दिख रहे हैं तेंदुए में ऐसे नाखून नहीं होते हैं। यह किसी कुत्ता प्रजाति के पग चिह्न हैं।

### 10 लाख रुपये लेकर नहीं भेजे चावल

बहेड़ी, अमृत विचार : कस्बे के युवक ने बिहार के एक व्यक्ति व उसके दो साथियों पर 10 लाख रुपये लेकर चावल न भेजने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मोहल्ला इस्लाम नगर निवासी आसिफ ने बताया कि उन्होंने बिहार के किशनगंज निवासी संजीव विश्वास के साथ एक ट्रक चावल का सौदा किया था। उनकी फर्म के पार्टनर अखलाक अहमद ने बिहार जाकर चावल का ट्रक लोड कराया और 10 लाख रुपये संजीव विश्वास के खाते में ट्रांसफर कर दिए, लेकिन चावल का ट्रक नहीं भेजा गया। रुपये वापस मांगने पर संजीव विश्वास ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। आसिफ का आरोप है कि संजीव विश्वास, गोदाम मालिक प्रहलाद और उसके साथी अतुल ने साजिश के तहत उनके पैसे हड़प लिए और चावल नहीं भेजा। इंस्पेक्टर संजय सिंह तोमर ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### दो मारपीट की घटनाओं में तीन लोग घायल

शीशगढ़, अमृत विचार : दो मारपीट की घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कस्बा निवासी शौकीन शाह ने बताया कि पुत्र मो. हनीफ से किसी बात को लेकर उनकी कहासुनी हो गई। आरोप है कि पुत्र ने उनके साथ मारपीट की, जिसमें वह घायल हो गए। वहीं ग्राम जगदीशपुर निवासी कृष्णस्वरूप ने बताया कि उनका खेत को लेकर गांव के ही केदारनाथ, मोहनस्वरूप व कमल किशोर से विवाद चल रहा है, जिसका मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है। आरोपियों ने उनके खेत में गन्ना डाल दिया था। विरोध करने पर आरोपियों ने उनकी पत्नी कलावती व पुत्रवधू गीता देवी को मारपीट कर घायल कर दिया।

### आरसीटी से नहीं आराम तो कराएं दर्द निवारक इंप्लांट

बरेली, अमृत विचार : इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) की ओर से रविवार को एक होटल में वेबिनार में 50 से अधिक दंत चिकित्सकों ने प्रतिभाग किया। वरिष्ठ दंत चिकित्सक एवं एंडोडॉंटिस्ट डॉ. हसन हैमो एवं प्रो. डॉ. अजय बजाज ने दंत चिकित्सा में एंडोडेंटिस्ट्री से संबंधित अनुभव साझा किए। डॉ. हसन हैमो ने बताया कि दंत चिकित्सा में लगातार कल्याणकारी बदलाव हो रहे हैं। पहले लोग दांत खराब होने पर रूट कैनाल ट्रीटमेंट यानी आरसीटी कराने से भी घबराते थे। मन में दर्द का भय रहता था लेकिन अब मरीज बेझिझक इंप्लांट तक करा रहे हैं। यह जागरूकता से संभव हुआ है। वहीं आधुनिक तकनीक से किया गया इंप्लांट दर्द निवारक होता है। इंप्लांट के समय अगर हड्डी की मोटाई कम है तो बोन ग्राफ्ट डालकर उसे बढ़ाया जा सकता है। जबड़े की हड्डी में डेंटल इंप्लांट करते समय हड्डी की लंबाई, ऊंचाई नापना बहुत जरूरी होता है।

# यूपी से जुड़े सवालों ने छात्रों को उलझाया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ लिपिक और सहायक स्तर-3 की परीक्षा 28 केंद्रों पर संपन्न हुई। परीक्षा में 40 फीसदी अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में 13032 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें से 5221 अनुपस्थित रहे। परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे की पाली में हुई। परीक्षा के लिए सुबह 8 से 9:30 बजे तक सघन तलाशी के बाद अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया गया। परीक्षा देकर लौटे अधिकतर अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को कठिन बताया।

उन्होंने बताया कि पिछले कई साल की तुलना में आयोग पैटर्न बदलता जा रहा है। करंट अफेयर्स पर पूरा फोकस है। साथ ही वन लाइनर सवाल के बजाय अब कथन कारण वाले सवाल ज्यादा आए। जीएस और यूपी से संबंधित सवाल काफी उलझाने वाले थे, जिस कारण समय कम पड़ गया।

परीक्षा में इतिहास, खेल समेत अन्य विषयों से संबंधित सवालों ने खूब छकाया। इनमें एक सवाल था कि राष्ट्रीय ध्वज की लंबाई और चौड़ाई का अनुपात क्या है। इसके अलावा इसरो से संबंधित सवाल था कि इसरो द्वारा स्थापित भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन उपग्रह प्रणाली का नाम क्या है।

वन विभाग के अनुसार कौन सी दो नदियां पीटीआर की दक्षिणी सीमा बनाती हैं। मध्य भारत में सतनामी आंदोलन की स्थापना किसने की थी।

### 100 सवाल 120 मिनट में करने थे हल

शहर में बरेली कॉलेज, बरेली इंटर कॉलेज समेत 28 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा में 100 सवाल आए थे, जिनको 120 मिनट में हल करना था, लेकिन परीक्षा में निगेटिव मार्किंग होने के कारण अभ्यर्थियों ने कुछ सवालों को छोड़ दिया। अभ्यर्थियों ने 80 से लेकर 90 तक सवाल हल किए।

### गेट पर अभ्यार्थियों से हुई खूब वसूली

बरेली कॉलेज गेट पर परीक्षा देने दूरदराज से पहुंचे अभ्यार्थियों से उनका फोन, पर्स, बैग रखने के नाम पर 10 से 20 रुपये तक वसूले गए। परीक्षा देने के बाद जब अभ्यर्थी लौटे तो कई लोगों की इसको लेकर कहासुनी हो गई। उन्होंने जिला प्रशासन और कॉलेज प्रबंधन को लेकर नाराजगी जाहिर की। कहा कि वे लोग परीक्षा देने इतनी दूर से आए हैं, लेकिन यहां उनसे मजबूरी का फायदा उठाकर वसूली की जा रही है।

### पानी भरने गए 12 साल के बच्चे पर कुत्तों ने किया हमला

**बरेली, अमृत विचार :** सरकारी नल पर पानी लेने गए 12 साल के बच्चे पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार के लोगों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। क्योलड़िया निवासी इंद्रपाल का 12 साल का लड़का हिमांशु शनिवार की शाम को घर के बाहर स्थित सरकारी नल पर पानी भरने गया था। अचानक से उसके ऊपर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह उसे कुत्तों से बचाया। परिवार के लोगों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है।

# खुलासे के लिए राज्यमंत्री ने भेजा पत्र

**वैज्ञानिक हत्याकांड**

- आईवीआरआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक की 2015 में कैंपस स्थित आवास पर हुई थी हत्या

**अमृत विचार :** आईवीआरआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दीपक शर्मा की हत्या का राज पुलिस अब तक नहीं खोल सकी है। संस्थान के निदेशक के पूर्व निजी सचिव एके गुप्ता ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को ट्वीट करके खुलासे की मांग की थी। अब प्रकरण में राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने एसएसपी अनुराग आर्य को वरिष्ठ वैज्ञानिक की हत्या का खुलासा कराने के संबंध में पत्र लिखा है।

राज्यमंत्री डॉ. अरुण कुमार ने एसएसपी अनुराग आर्य को 12 मई को पत्र भेजा था। पत्र में लिखा कि संस्थान के निदेशक के पूर्व निजी सचिव अशोक कुमार गुप्ता उनसे कहा कि दस्तावेजी सबूतों के आधार पर वैज्ञानिक डा. दीपक शर्मा की हत्या का राज खोला जा सकता है। राज्यमंत्री ने एसएसपी से कहा है कि इस प्रकरण का खुलासा करने के लिए किसी उच्चाधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी जाए, जिससे आरोपियों की गिरफ्तारी की जा सके।

**आईवीआरआई कैंपस में हुई थी हत्या :** आईवीआरआई के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दीपक शर्मा कैंपस में स्थित अपने आवास में रहते थे। 28 जुलाई 2015 की रात को उनकी हत्या कर दी गई थी। जिस रात डॉ. दीपक शर्मा अपने घर में थे। उस रात उनकी मां सुशीला देवी और नौकरानी दीपा भी घर पर थीं। रात में दो लोग डॉ. दीपक शर्मा से मिलने के लिए आए थे। बातों बातों में डॉ. दीपक का उन लोगों से विवाद हो गया था। दोनों ने घर में रखी कैंची से डॉ. शर्मा पर नौ वार करके उन्हें मौत के घाट उतार दिया था। कातिलों ने घटना के बाद उनकी मां और नौकरानी को बाथरूम में बंद कर दिया था। आरोप है कि इसके बाद काफी देर तक कातिल उनका घर खंगालते रहे। इसके बाद वहां से भाग गए।

### 2018 में दोबारा शुरू हुई मामले की जांच

इस प्रकरण के खुलासे में इज्जतनगर पुलिस पूरी तरह नाकाम रही थी। जब खुलासा नहीं हुआ। तब इज्जतनगर पुलिस ने इस प्रकरण में एफआर लगाकर फाइल बंद कर दी। इसके बाद जब लगातार शिकायतों का दौर शुरू हुआ तो एक बार फिर से अधिकारियों ने जांच के लिए निर्देश दिए। फरवरी 2018 में केस की फाइल दोबारा खोली गई और जांच प्रेमनगर पुलिस को सौंपी गई थी, लेकिन प्रेमनगर पुलिस भी घटना का खुलासा नहीं कर सकी है।

### पूर्व बार अध्यक्ष से मारपीट की कोशिश

**मीरगंज, अमृत विचार :** जमीन विवाद को लेकर तहसील गेट पर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सतीश चंद्र एडवोकेट के साथ मारपीट की कोशिश की गई। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मोहल्ला शिवपुरी निवासी सतीश चंद्र एडवोकेट ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव खेऊ गौटिया में उनकी जमीन है। गांव के दो लोग दबंगई के बल पर शनिवार को उनकी जमीन पर जेसीबी चला रहे थे। पता लगने पर उनके भाई प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और डायल 112 पर फोन कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने प्रताप सिंह व अन्य आरोपी का शांति भंग की आशंका में चालान कर दिया। आरोप है कि जमानत पर छूटने के बाद आरोपी व उसके तीन अन्य साथियों ने शाम को उनके साथ तहसील गेट पर गाली गलौच की और मारपीट पर आमादा हो गए।

# नानी और मां नहीं दिला पाई मोबाइल तो किशोर ने दी जान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बारादरी के सतीपुर का रहने वाला था विवेक मौर्या
- नानी के साथ भमोरा के गांव खुली तारपुर में रहता था

**अमृत विचार :** मोबाइल की मांग पूरी न होने पर किशोर ने शनिवार रात फंदे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

बारादरी के मोहल्ला सतीपुर निवासी शारदा देवी का बेटा विवेक मौर्या (17) अपनी नानी धनवती के पास भमोरा थाना क्षेत्र के गांव खुली तारपुर में रहता था। वह मेहनत मजदूरी करता था और नानी के काम में भी हाथ बंटाता था। विवेक कई दिन से नानी से मोबाइल की मांग कर रहा था, लेकिन आर्थिक स्थिति सही न होने के कारण नानी मोबाइल नहीं दिला सकीं। तब उसने अपनी मां शारदा देवी को फोन करके मोबाइल की मांग की। शारदा देवी ने उसे समझा दिया कि कुछ दिन रुक जाओ उसके बाद मोबाइल दिला देंगे। उसने शनिवार रात साड़ी का फंदा बनाया और लटक गया। रविवार सुबह 4 बजे नानी ने विवेक को फंदे पर लटका देखा तो उनकी चीख निकल गई। उन्होंने पड़ोसियों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विवेक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी मौत से नानी धनवती, मां शारदा देवी और दो भाइयों का रो रोकर बुरा हाल है।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर दिया तीन तलाक

**बरेली, अमृत विचार :** फाइक एन्क्लेव निवासिनी फिरोज बानो ने बताया कि उनकी बेटी मूकबधिर है और सफाई कर्मचारी की नौकरी करती है। उन्होंने बेटी का निकाह 13 दिसंबर 2020 को काजी टोला निवासी अब्दुल के साथ किया था। निकाह के कुछ दिन बाद तक सब सही चलता रहा, लेकिन बाद में पति अब्दुल, सास मुन्नी बेगम, जेठ मोहम्मद शमी, मोहम्मद चांद, राजू, जेठानी हुसनाज और रुबीना दहेज में पांच लाख रुपये और फाइक एन्क्लेव में 200 गज के मकान की मांग करने लगे। समझाने पर आरोपी उनकी बेटी के साथ मारपीट करते थे। उन्होंने थाना बारादरी में तहरीर दी, तो आरोपियों ने माफी मांगकर समझौता कर लिया। इसके कुछ दिन बाद फिर आरोपी उनकी बेटी के साथ मारपीट करने लगे तो वह मायके आ गई। अब्दुल ने तीन बार तलाक कहकर भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# कांठ में कार की टक्कर से बाइक सवार की जान गई, साथी घायल

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** सामान पहुंचने शेरकोट जा रहे बाइक सवारों को एक अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दूसरे बाइक सवार का उपचार चल रहा है। मृतक का शव आने पर घर में कोहराम मच गया।

नगर के घोसीपुरा निवासी आरिफ पुत्र अनीस अहमद शनिवार को मोहल्ले के ही जावेद के साथ उसकी बाइक पर सामान पहुंचाने शनिवार सुबह घर से निकले थे। बाइक जावेद चला रहा था। आरिफ सामान का भारी बोरा पकड़े हुए पीछे बैठा था। धामपुर के पास बाइक को अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए शेरकोट पुलिस द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष इकबाल आलम को सूचना दी गई।

गंभीर रूप से घायल आरिफ को परिजन कोठीवाल अस्पताल मुरादाबाद ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। दूसरा बाइक सवार जावेद का उपचार चल रहा है। भाई जावेद ने बताया कि उन्होंने अपने भाई का पोस्टमार्टम नहीं कराया है। जावेद अपने बड़े भाई आबिद के कहने पर आरिफ को सामान पहुंचाने शेरकोट ले गया था।

### हादसे में घायल ने दम तोड़ा

**बिलारी, अमृत विचार :** नैनीताल के कैंची धाम में दर्शन के लिए बिलारी से बाइक पर सवार होकर गए दुकानदार व उसका नौकर वापस लौटते समय रुद्रपुर के पास हादसे का शिकार हो गए थे। डंपर ने बाइक सवारों को रौंद दिया था। दुकानदार के नौकर की मौत हो गई थी, जबकि दुकानदार का इलाज चल रहा था। अब उसने भी इलाज के दौरान मुरादाबाद में दम तोड़ दिया, शव घर पहुंचा तो सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। बिलारी के प्रजापति मोहल्ले में रहने वाले कॉस्मेटिक दुकानदार दिनेश कुमार प्रजापति बीते दिनों ऋषभ उर्फ गोलू पुत्र संजीव निवासी रुस्तम नगर सहसपुर को उत्तराखंड के नैनीताल के कैंची धाम में दर्शन करने के लिए बाइक से गए थे। पंतनगर में डंपर ने बाइक सवारों को रौंद दिया था।

# एक लाख लेकर कराई शादी दुल्हन चौथे दिन हो गई फरार

**संभल/ बबराला, अमृत विचार :** गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव हीरापुर निवासी अनिल कुमार ने बताया कि एक माह पहले उसकी मुलाकात बबराला निवासी मुकेश व प्रशांत से हुई थी। दोनों ने उससे कहा कि वह शादी कराते हैं। अब तक कई लड़के - लड़कियों की शादी करा चुके हैं। बंगाल से शादी कराने देने का भरोसा देकर कहा कि एक लाख का खर्चा आएगा। अनिल ने उधार लेकर एक लाख रुपए दे दिए। दोनों युवक अनिल को 2 जून को बंगाल ले गए और चार जून को उसकी शादी करीब 30 वर्षीया युवती संग कराई। अनिल अपनी दुल्हन को घर ले आया। दुल्हन उसके साथ 4 दिन रही, इसके बाद कहीं चली गई। अनिल ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। युवक ने शादी कराने वाले मुकेश और प्रशांत से अपनी रकम वापस मांगी तो दोनों ने रुपये लौटाने से इंकार कर दिया। शादी के नाम पर ठगी का शिकार बने अनिल ने कोतवाली में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। अनिल ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई तब पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

सेक्शन–1

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड – बदायूँ।

(पता :–कक्ष सं0 226, प्रथम तल, विकास भवन, जिला – बदायूँ।)

पत्रांक :– 430/ग्रा0अ0वि0/ई–निविदा/2025–26 दिनांक :–21.06.2025

–: ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना:–

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बदायूँ में मार्ग/भवन निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उत्तर प्रदेश में पात्र पंजीकृत ए, बी, सी एवं डी सीमा के अनुरूप श्रेणी के निविदाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता किसी कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा डाल सकता है।

1. कार्य से संबन्धित विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि बिड सि0 (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जीएसटी सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सांसद निधि (16वीं लोकसभा) – बदायूँ। | | | | | | | |
| 1. | बदायूँ | ग्राम मानकपुर में कब्रिस्तान की बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य। | उझानी | 12.992 | 0.26 | 766.00 | 03 माह |
| 2. | बदायूँ | ग्राम रूदैना घंघोसी में इण्टरलाकिंग रबर बोर्ड कार्य। | अम्बियापुर | 9.182 | 0.19 | 766.00 | 03 माह |
| 3. | बदायूँ | ग्राम दियोहरा शेखपुर मजरा सूरजनगला में मान सिंह के घर से शेर सिंह के घर तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | सहसवान | 12.109 | 0.25 | 766.00 | 03 माह |
| 4. | बदायूँ | ग्राम औरंगाबाद में बारातघर निर्माण कार्य। | अम्बियापुर | 11.940 | 0.24 | 766.00 | 03 माह |
| 5. | बदायूँ | अम्बियापुर में रैन बसेरा निर्माण कार्य। | अम्बियापुर | 13.396 | 0.27 | 766.00 | 03 माह |
| 6. | बदायूँ | ग्राम बादशाहपुर में बारातघर निर्माण कार्य। | अम्बियापुर | 11.940 | 0.24 | 766.00 | 03 माह |
| 7. | बदायूँ | ग्राम कादरचौक में बारातघर निर्माण कार्य। | दहगवां | 11.940 | 0.24 | 766.00 | 03 माह |
| 8. | बदायूँ | बदायूँ बिल्सी मार्ग पर ग्राम रायपुर मजरा में श्रीराम मन्दिर से विनोद कुमार के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | अम्बियापुर | 20.100 | 0.41 | 854.00 | 03 माह |
| 9. | बदायूँ | ग्राम दादरा में शिव मन्दिर से होली के बराबर होते हुये भगतावन सिंह के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | दहगवां | 19.883 | 0.40 | 854.00 | 03 माह |
| 10. | बदायूँ | ग्राम भगतपुर में बारातघर निर्माण कार्य। | बिसौली | 11.940 | 0.24 | 766.00 | 03 माह |
| 11. | बदायूँ | ग्राम हरहरपुर मजरा पालपुर में कुवँर पाल के घर से मन्दिर तक सी0सी0 रोड निूर्माण कार्य। | उझानी | 17.675 | 0.36 | 854.00 | 03 माह |
| 12. | बदायूँ | ग्राम मूसाझाग में बारातघर निर्माण कार्य। | जगत | 11.940 | 0.24 | 766.00 | 03 माह |

2. वैब साईट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि :–01.07.2025 को दोपहर 12:00 बजे से।
3. वैब साईट पर बिड डाक्यूमेन्ट डाउनलोड करने की तिथि :–01.07.2025 को दोपहर 12:00 बजे से।
4. ई निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारम्भ की तिथि/समय :–01.07.2025 को दोपहर 12:00 बजे से।
5. ई निविदा के माध्यम से निविदा डालने की अन्तिम तिथि/समय :–30.07.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक।
6. ई निविदा के माध्यम से तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय :–30.07.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे ।
7. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज –9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। सभी संभावित निविदाताओं को सलाह दी जाती है कि नियमित रूप से ई निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साईट http//etender.up.nic.in पर लॉग ऑन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

(राजेश कुमार)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड–बदायूँ।
राज्यपाल, उत्तर पदेश की ओर से।

UP – 235452 दिनांक: 28/06/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**स्पाइनोस्कोपी 2025 कानपुर** | नई तकनीक में छोटा सा चीरा लगाकर आपरेशन और मरीज को मर्ज से छुटकारा

# दूरबीन विधि से रीढ़ की सर्जरी, सफल और सुरक्षित रिकवरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लंबे समय तक एक ही अवस्था में बैठने, साइटिका, पीठ में दर्द व कमर में लंबे समय से बनी समस्या का समाधान अब छोटे से चीरे से हो सकेगा। इसके प्रशिक्षण के लिए जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग में रविवार को 'स्पाइनोस्कोपी 2025 कानपुर' कार्यशाला में दूरबीन विधि से बिना चीरे व टांके की स्पाइन सर्जरी का सजीव प्रदर्शन किया गया। चिकित्सकों को रीढ़ की हड्डी में एंडोस्कोपी के माध्यम से लोकल एनेस्थीसिया (बिना बेहोशी) सर्जरी करने की विधि का प्रशिक्षण दिया गया।



जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर में स्पाइन सर्जरी का प्रशिक्षण देते डॉ. वरुण अग्रवाल।

कार्यशाला की शुरुआत जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला व रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज, बरेली के ऑर्थोपेडिक, इंडोस्कोपी व रोबोटिक स्पाइन विशेषज्ञ डॉ. वरुण अग्रवाल ने की। डॉ. वरुण अग्रवाल ने कैडेवर पर दूरबीन विधि से स्पाइन सर्जरी का प्रशिक्षण दिया। अहमदाबाद से आए डॉ. शीराज अहमद मुंशी, नेपाल के डॉ.अभिषेक कुमार, दिल्ली से आए डॉ.वेदपाल, केजीएमयू लखनऊ के डॉ.आरएस गंगवार व डॉ.अमित गुप्ता आदि डॉक्टरों ने कैडेवर पर दूरबीन विधि से सर्जरी की जानकारी दी। दो कैडेवर पर ऑपरेशन का सजीव प्रदर्शन किया गया। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने बताया कि इस तकनीक के उपयोग से एक छोटे चीरे के माध्यम से सर्जरी की जा सकती है। इसके अलावा पोस्ट ऑपरेटिव पीरियड में हीलिंग के परिणाम भी बेहतर होते हैं। आमतौर पर स्पाइन की सर्जरी काफी जटिल प्रक्रिया होती है। इस समय पुरानी विधि से जो सर्जरी होती है, उसमें मरीज को पीछे चीरा लगाया जाता है। लेकिन विकसित तकनीक में यह सर्जरी दूरबीन की सहायता से की जा रही है।

### आपरेशन में रक्तस्राव नहीं होता, मरीज को जल्दी मिलता आराम

दूरबीन तकनीक से स्पाइन सर्जरी में मरीज को किसी तरह का चीरा नहीं लगाया जाता या बहुत छोटा चीरा लगाया जाता है। मरीज को बेहोश भी नहीं किया जाता है। बड़ा चीरा न होने से रक्तस्राव भी नहीं होता है। मरीज के जल्द ठीक होने की संभावना पुरानी विधि के मुकाबले काफी अधिक बढ़ जाती है। मरीज को अधिक दिन बिस्तर पर नहीं रहना पड़ता है। कैडवरिक कार्यशाला में नेपाल, श्रीलंका, दिल्ली, हैदराबाद, महाराष्ट्र, बिहार, राजस्थान सहित अन्य स्थानों से प्रतिभागी मौजूद रहे। आचार्य एवं विभाग अध्यक्ष एनाटॉमी विभाग डॉ. सुनिति पांडेय, कार्यशाला संयोजक डॉ. अनुपम सचान, डॉ. निधि गुप्ता सहित अन्य फैकल्टी उपस्थित रही।

> दूरबीन विधि से स्पाइन सर्जरी एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें रीढ़ की हड्डी की समस्याओं का इलाज करने के लिए छोटे चीरे का उपयोग किया जाता है। एक पतली, लचीली ट्यूब, जिस पर कैमरा लगा होता है (एंडोस्कोप) को शरीर में डाला जाता है, जिससे सर्जन को अंदर के अंगों को देखने और सर्जरी करने में आसानी होती है। मरीज को जटिलता भी कम होती है।
>
> –डॉ.वरुण अग्रवाल, ऑर्थोपेडिक, इंडोस्कोपी व रोबोटिक स्पाइन विशेषज्ञ, रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज बरेली

## एक नजर

### सड़कों के किनारे लगाए जाएंगे 1.14 करोड़ पौधे

**अमृत विचार, लखनऊ :** वन महोत्सव (1 से 7 जुलाई) के दौरान पूरे प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। इसमें से 1.14 करोड़ पौधे सड़कों के किनारे लगेंगे, जिसमें यूपीडा की ओर से एक्सप्रेसवे के समीप भी 2.50 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। पौधरोपण महाभियान-2025 के मिशन निदेशक दीपक कुमार ने बताया कि 35 करोड़ पौधों के रोपण के लिए सारी तैयारियां पूरी हो गई हैं। शनिवार को मुख्यमंत्री ने इस संदर्भ में विभागीय अधिकारियों की बैठक ली थी। वन विभाग की तरफ से सड़कों के किनारे 1.14 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। वहीं एक्सप्रेसवे के किनारे यूपीडा को 2.50 लाख पौधरोपण की जिम्मेदारी दी गई है। सभी के सहयोग से मिलकर उत्तर प्रदेश को हरित प्रदेश बनाने की तरफ तेजी से अग्रसर हैं।

# 75 गोशालाएं बनेंगी आत्मनिर्भर, मिलेगा रोजगार

## सभी जिलों में खुलेंगी पंचगव्य औषधि, गो पेंट और जैविक खाद इकाइयां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एक जनपद-एक नवाचार मॉडल से युवाओं और महिला समूहों को सशक्त बनाने की तैयारी

**अमृत विचार :** योगी सरकार 'एक जनपद-एक नवाचार मॉडल' से मजबूत ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार देने जा रही है। सभी जिलों में पंचगव्य औषधि, गो-पेंट और जैविक खाद प्रसंस्करण इकाइयां खुलेंगी। इसके लिए हर जिले से एक-एक गोशाला का चयन किया गया है, जिन्हें आत्मनिर्भर गोशालाओं के रूप में विकसित किया जाएगा।

सरकार ने हर जिले की स्थानीय विशेषता के अनुसार, गांवों में नवाचार की नीति तैयार की है। इसके तहत महिला स्वयं सहायता समूहों और युवाओं को प्रशिक्षण देकर पंचगव्य से बने उत्पाद, गोबर से बने ब्लॉक, बायोगैस, गोमूत्र औषधि, जैव बीज इत्यादि के निर्माण और बिक्री में लगाया जाएगा। एक जनपद-एक नवाचार मॉडल को लागू करते हुए हर जिले में उसके अनुरूप नवाचार करने की योजना बनाई गई है। इससे न केवल स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग होगा, बल्कि युवाओं को भी स्वरोजगार की दिशा में ठोस अवसर मिलेंगे।

उप्र. गो सेवा आयोग के ओएसडी डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि प्रत्येक जिले से एक गोशाला का चयन कर उसे आत्मनिर्भर गोशाला के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है। इन गोशालाओं को न केवल गो संरक्षण का केंद्र बनाया जाएगा, बल्कि इन्हें पंचगव्य आधारित उत्पादन का हब भी बनाया जाएगा।

### स्थानीय समूहों को मिलेगा प्रशिक्षण

गोशालाओं के माध्यम से स्थानीय युवाओं और महिला समूहों को प्रशिक्षित कर उन्हें प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन से जोड़ा जाएगा। इससे ग्रामीण युवाओं को उनके गांव में ही स्वरोजगार मिलेगा और पलायन रुकेगा।

### बायोगैस संयंत्र और गोबर ब्लॉक होंगे शुरू

चयनित गोशालाओं में बायोगैस संयंत्रों की स्थापना की जाएगी, जिससे स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन होगा। साथ ही गोबर से बने ईंटनुमा ब्लॉक भी तैयार किए जाएंगे, जिनका उपयोग निर्माण कार्यों और ईंधन के रूप में किया जा सकेगा।

# राष्ट्रपति की मेजबानी को गोरखपुर तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एम्स गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह और आयुष विवि के लोकार्पण कार्यक्रम में होंगी शामिल
- दो दिवसीय दौरे पर आज आएंगी राष्ट्रपति



**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आगमन और उनके दो दिवसीय कार्यक्रमों के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मेजबानी में गोरखपुर इतिहास रचने को तैयार है। राष्ट्रपति न केवल तीन बड़े संस्थानों के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होंगी बल्कि गोरखपुर एयरपोर्ट पर उतरने के बाद 129 किमी की दूरी सड़क मार्ग से तय करेंगी। राष्ट्रपति गोरखपुर में हर गंतव्य तक सड़क मार्ग से ही जाएंगी।

राष्ट्रपति सोमवार को दोपहर में गोरखपुर आएंगी और अगले दिन मंगलवार की शाम प्रस्थान करेंगी। सोमवार को वह अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) गोरखपुर के प्रथम दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर मेधावियों को पदक प्रदान करेंगी। जबकि 1 जुलाई को पूर्वाह्न राज्य के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय, पिपरी भटहट का लोकार्पण और अपराह्न महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्यधाम, सोनबरसा में अकादमिक भवन, ऑडिटोरियम, पंचकर्म का लोकार्पण तथा गर्ल्स हॉस्टल का शिलान्यास करेंगी। इसके अलावा वह दोनों दिन अलग-अलग समय गोरखनाथ मंदिर जाएंगी। गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन और प्रसाद ग्रहण का भी कार्यक्रम है।

मुख्यमंत्री योगी अपने आठ वर्ष के कार्यकाल में चौथी बार गोरखपुर में राष्ट्रपति की अगवानी करने जा रहे हैं। इसके पहले तीन बार तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को गोरखपुर में आमंत्रित कर चुके हैं।

# आठ आईएएस अफसरों के तबादले

## आलोक कुमार बने सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ट्रांसफर किए गए अधिकारियों को आज से ही अपने नए पदों का कार्यभार संभालने के निर्देश

**अमृत विचार :** उप्र. में पुलिस महकमे के बाद अब प्रशासनिक अधिकारियों में फेरबदल किया गया है। राज्य सरकार ने पांच आईपीएस के बाद आठ आईएएस और 15 पीसीएस अफसरों के तबादले किए हैं। आईएएस अफसरों के ट्रांसफर के क्रम में मुख्यमंत्री के सचिव रहे राकेश कुमार सिंह-2 को मुख्य कार्यपालक अधिकारी यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण बनाया गया। साथ में मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का भी पदभार दिया गया। जितेंद्र कुमार रिटायर हो रहे हैं, उनका कार्यभार आलोक कुमार को दिया गया है। ट्रांसफर किए गए अधिकारियों को सोमवार से ही अपने नए पदों का कार्यभार संभालने के निर्देश हैं।

तबादलों की इस कड़ी में बीते दिनों प्रतीक्षारत किए गए भवानी सिंह खंगारौत को विशेष सचिव राजस्व बनाया गया है। तबादला सूची के अनुसार प्रमुख सचिव नियोजन तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग आलोक कुमार को वर्तमान पद के साथ प्रमुख सचिव, पुनर्गठन समय, भाषा, राष्ट्रीय एकीकरण तथा सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन एवं निदेशक, हिंदी संस्थान के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। गृह विभाग में विशेष सचिव रहे योगेश कुमार को प्रभारी आयुक्त एवं निबंधक, सहकारी समितियां जबकि आयुक्त एवं निबंधक, सहकारी समितियां रहे डॉ. हीरा लाल को सचिव राष्ट्रीय एकीकरण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

सचिव महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग रहीं अनामिका सिंह को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तर प्रदेश क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अथॉरिटी तथा सचिव, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का जिम्मा दिया गया है। प्रबंधक निदेशक उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम सान्या छाबड़ा को मुख्य विकास अधिकारी हरदोई और विशेष सचिव पर्यटन विभाग ईशा प्रिया को प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### 15 पीसीएस अधिकारियों को भी मिली नई जिम्मेदारी

**अमृत विचार :** पीसीएस अधिकारी दीप्ति देव यादव को लखनऊ मंडल में अपर आयुक्त नियुक्त किया गया है। राज बहादुर प्रथम को अपर जिलाधिकारी न्यायिक लखनऊ बनाया गया है। इसी क्रम में जय प्रकाश और अजय कुमार राय को अपर आयुक्त, गोरखपुर मंडल नियुक्त किया गया है। सहदेव कुमार मिश्र को अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गोरखपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, दशरथ कुमार को उप संचालक चकबंदी, गोरखपुर नियुक्त किया गया है, जबकि गजेंद्र कुमार को मुख्य राजस्व अधिकारी अयोध्या नियुक्त किया गया है। कल्पना जायसवाल को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) बदायूं बनाया गया है। रोशनी यादव को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) की कुर्सी दी गई है। उपजिलाधिकारी गोंडा रहे भारत को अपर नगर आयुक्त, नगर निगम अयोध्या नियुक्त किया गया है। वागीश कुमार शुक्ला को अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) सोनभद्र बनाया गया है। कुलदीप सिंह को नगर मजिस्ट्रेट सहारनपुर नियुक्त किया गया है। इसी तरह मनी अरोरा को सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ का प्रधान प्रबंधक बनाया गया है। उपजिलाधिकारी अंकित कुमार व रमेश कुमार को सहकारी चीनी मिल संघ लखनऊ का प्रधान प्रबंधक बनाया गया है।

### पांच आईपीएस अफसरों के भी तबादले

**अमृत विचार :** राज्य में पांच आईपीएस अधिकारियों को भी इधर से उधर किया गया है। आईपीएस एसबी शिरडकर पुलिस भर्ती बोर्ड के डीजी (अ) बनाए गए हैं। वह अभी तक पुलिस महानिदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ जोन के पद पर थे। अपर पुलिस महानिदेशक, पीएससी मुख्यालय रहे सुजीत पांडेय को अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन बनाया गया है। वहीं, एसपी सीआईडी आशीष तिवारी अब सहारनपुर संभालेंगे। उन्हें सहारनपुर का नया एसएसपी बनाया गया है। सहारनपुर के एसएसपी रोहित सजवान को हटाकर पुलिस मुख्यालय से संबद्ध किया गया है। अब तक अपर पुलिस महानिदेशक, एपीटीसी सीतापुर रहे आरके स्वर्णकार को बतौर अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी मुख्यालय लखनऊ भेजा गया है।

### कई अधिकारी आज होंगे सेवानिवृत्त

**अमृत विचार :** सोमवार यानी 30 जून को कई आईएएस व पीसीएस अधिकारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इस क्रम में 11 पीसीएस अफसरों का रिटायरमेंट आज हो रहा है। इनमें राम भरत तिवारी, कुंवर बहादुर सिंह, पुरुषोत्तम दास गुप्ता, सतीश कुमार त्रिपाठी, हरिओम शर्मा, राजीव पांडेय, राज नारायण, हनुमान प्रसाद, महेंद्र कुमार, सौरभ शुक्ला, सौरभ शुक्ला शामिल हैं। वहीं, कई आईएएस व आईपीएस अधिकारी भी रिटायर होंगे। इनमें आईएएस अधिकारी जितेंद्र कुमार, अखिलेश कुमार मिश्र, बृजराज सिंह यादव और सुरेन्द्र प्रताप सिंह शामिल हैं। आईपीएस अफसरों में आदित्य मिश्रा, विपिन कु. मिश्रा, राहुल राज और आकाश वर्मा हैं।



उप्र. विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने रविवार को नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की। इस दौरान उन्होंने विधान सभा अध्यक्ष के रूप में तीन वर्ष की कार्ययात्रा पर आधारित पुस्तक उन्हें भेंट की।

## समाजवाद व धर्मनिरपेक्षता को नासूर कहना शर्मनाक : कांग्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद व धर्मनिरपेक्षता को नासूर कहना शर्मनाक है। साथ ही, संविधान और देश की जनता का अपमान है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सीपी राय ने कहा है कि ये दोनों शब्द 1976 में 42वें संशोधन के जरिए पूरी संवैधानिक प्रक्रिया के साथ संसद और विधानसभाओं के समर्थन के बाद संपूर्ण प्रक्रिया के बाद जोड़े गए, जो भारत के सामाजिक न्याय और धार्मिक सद्भाव की नींव हैं। डॉ. राय ने कहा है कि देश के दूसरे सबसे बड़े संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति ने ऐसा बयान देकर न सिर्फ अपने पद की मर्यादा को तार-तार किया, बल्कि संविधान की आत्मा पर हमला किया है।

# केंद्रीय योजनाओं में बिना बिल नहीं मिलेगा बजट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 67 योजनाओं में बदलेगा मानक आज कार्यशाला में जानकारी देंगे केंद्र सरकार के अधिकारी

**अमृत विचार :** भारत सरकार की योजनाओं के बजट आवंटन में नए मानक से खलबली मची हुई है। अब कार्यदायी संस्था की ओर से बिल प्रस्तुत करने के बाद ही धनराशि मिलेगी। इस एसएनए स्पर्श प्रणाली के लागू होने से योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। इसे लेकर सोमवार को कार्यशाला में भारत सरकार के अधिकारी बजट आवंटन की इस नई व्यवस्था के बारे में विभागीय अधिकारियों को विस्तार से बताएंगे।

वित्त विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक भारत सरकार की 67 योजनाओं में से 28 योजनाओं के बजट आवंटन में नई व्यवस्था लागू कर दी गई है। शेष 39 योजनाओं में जल्द ही व्यवस्था लागू होनी है, जिसके लिए सोमवार को लखनऊ में कार्यशाला आयोजित की गई है।

भारत सरकार की एसएनए स्पर्श प्रणाली के तहत केंद्र प्रायोजित योजनाओं की धनराशि सही समय पर ही विभागों को हस्तांतरित की जाएगी। इसका उद्देश्य योजनाओं के कार्यान्वयन में दक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। नई व्यवस्था से केंद्रीय योजनाओं में विकास कार्यों का बजट विभागों के खाते में अनावश्यक नहीं पड़ा रहेगा। काम करने वाली कार्यदायी संस्था द्वारा बिल प्रस्तुत किए जाने पर ही धनराशि देने का नियम लागू किया गया है।


## पीलीभीत के घंटाघर का होगा जीर्णोद्धार

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीलीभीत स्थित घंटाघर का कायाकल्प होने जा रहा है। इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड इसका जीर्णोद्धार कराएगा, इसके लिए 20.35 लाख रुपये की परियोजना स्वीकृत हुई है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को दी। उन्होंने बताया कि ब्रिटिश शासनकाल में निर्मित यह घंटाघर समय के साथ अपनी पहचान खोता गया, जिसका अब जीर्णोद्धार किया जा रहा है। क्योंकि एक समय था जब छात्र हों या व्यापारी, बुजुर्ग हों या कामगार घंटाघर की आवाज से ही दिन की शुरुआत हुआ करती थी।

# महत्वपूर्ण पद खाली रहना स्वीकार्य नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आकांक्षात्मक जिलों और विकास खंडों की प्रगति की मुख्यमंत्री योगी ने की समीक्षा



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आकांक्षात्मक जिला और विकास खंड राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं। इन क्षेत्रों में किसी भी महत्वपूर्ण पद पर रिक्ति स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने निर्देश दिया कि जहां भी रिक्तियां हैं, वहां त्वरित नियुक्ति सुनिश्चित की जाए। किसी पद पर कार्यभार सौंपते समय यह अवश्य देखा जाए कि संबंधित प्रभारी अधिकारी दोनों स्थानों पर व्यावहारिक रूप से क्या उपलब्ध रह सकता है।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को प्रदेश के आकांक्षात्मक जिलों एवं विकास खंडों की प्रगति की गहन समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उनके निर्देशानुसार वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किए गए स्थलीय भ्रमण की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें जमीनी स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन, नवाचारों की उपलब्धि व आवश्यक सुधार बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। योगी ने जनभागीदारी, नवाचार, पारदर्शिता और समयबद्ध क्रियान्वयन को आकांक्षात्मक विकास खंड एवं आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम की सफलता का मूल आधार बताया। कहा कि सभी विभाग सामूहिक समन्वय और ठोस कार्ययोजना के साथ अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में आगे बढ़ें।

फील्ड विजिट रिपोर्ट के अनुसार, 108 आकांक्षात्मक विकास खंडों में कुल 272 विद्यालय, 301 आंगनबाड़ी केंद्र, 232 स्वास्थ्य इकाइयां, 229 ग्राम पंचायत सचिवालय एवं 275 अन्य संस्थानों का निरीक्षण किया गया। वर्तमान में 497 एफपीओ सक्रिय हैं और 6595 बीसी सखी वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। 106 विकास खंडों ने 'ब्लॉक डेवेलपमेंट स्ट्रेटजी' के अनुरूप अपने लक्ष्यों की प्राप्ति की है। इसी क्रम में प्रमुख सचिव व सचिव स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों ने राज्य के 8 आकांक्षात्मक जनपदों- बहराइच, बलरामपुर, चंदौली, चित्रकूट, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र और श्रावस्ती का भी गहन निरीक्षण किया।

# अलीगढ़ के विवि में एससी वर्ग के छात्रों की शिक्षा पर संकट : मायावती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** बसपा प्रमुख मायावती ने राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के छात्रवृत्ति के मामले को लेकर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में अनुसूचित वर्ग के छात्रों की शिक्षा पर संकट मंडरा रहा है।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा कि कई जिलों के दर्जनों कालेज इस विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। इनमें हजारों एससी-एसटी वर्ग के छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। इनके छात्रवृत्ति का सरकारी स्तर पर सही से व समय पर निपटारा नहीं हो सका है। इस कारण छात्र-छात्राओं के भविष्य के अधर में लटकने के खतरे से लोगों में बेचैनी व आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय व जिला प्रशासन की ओर से भी इस सम्बंध में बार-बार पत्राचार किया गया। इसके बावजूद लखनऊ स्थित समाज कल्याण विभाग स्तर पर असंवेदनशीलता व लापरवाही बरती गई।

# बिजली कर्मी करेंगे देशव्यापी प्रदर्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 9 को सांकेतिक हड़ताल, जेल भरो अभियान की तैयारी शुरू

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी आंदोलन तेज करेंगे। 2 जुलाई को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन होगा, जबकि 9 जुलाई को देशभर में एक दिन की सांकेतिक हड़ताल होगी। इस बीच, बिजली कर्मियों ने जेल भरो अभियान की तैयारी शुरू कर दी है।

नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर देश भर के 27 लाख बिजली कर्मी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी की ओर से केंद्रीय ऊर्जा मंत्री को भेजी गई नोटिस में कहा गया है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम व दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के तहत आने वाले प्रदेश के 42 जिलों में बिजली के निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उप्र. के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि प्रस्तावित आंदोलन के लिए संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों के जिलों व परियोजनाओं के दौरे शुरू हो रहे हैं। 30 जून को संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारी झांसी और परीक्षा ताप बिजलीघर में आम सभा करेंगे। 1 जुलाई को कानपुर, केस्को और पनकी ताप बिजली घर पर आम सभा होगी। 2 जुलाई को सभी जिलों व परियोजनाओं पर व्यापक विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मी सभी जिलों व परियोजनाओं पर विरोध सभा कर ऊर्जा निगमों में आपातकाल जैसे हालात की निंदा करेंगे।


## वर्ग पहेली-17

**बाएं से दाएं**

1. किसी को छीनने की क्रिया में प्रवृत्त करना, छीनने का काम दूसरे से कराना।
3. 1. छाला, झलका 2. जलने आदि से शरीर पर होने वाला उभार
5. 1. परिचारक, परिचारी, सेवक 2. भ्रमण करने वाला, टहलुआ 3. देवमंदिर का प्रबंधक 4. रोगी की सेवा करने वाला व्यक्ति।
8. (साहित्य) नायक या नायिका की विरहावस्था के दुख का वर्णन।

**ऊपर से नीचे**

2. किसी बड़े बरतन से तेल आदि निकालने का डंडीदार पात्र, बड़ी पली।
3. 1. नीचे-ऊपर या इधर-उधर इस प्रकार हिलना कि 'फड़-फड़' की ध्वनि हो 2. शरीर के किसी हिस्से का रुक-रुक कर या अचानक चलायमान होना
4. साढ़े चार गुना करते हुए पढ़ा जाने वाला पहाड़ा।
6. सेवा से अवकाश प्राप्त।
7. 1. अच्छी तरह दहन, अच्छी तरह जलना या जलाना 2. जलन, दाह 3. ईर्ष्या, डाह 4. आहत करना 5. निंदा करना 6. श्मशान।




### वर्ग पहेली -16 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 आ | ■ | 2 कू | ■ | ■ | 3 मे |
| 4 फ़े | लो | शि | प | ■ | ■ | ह |
| ■ | ड़ | ■ | मं | ■ | 5 चु | र |
| ■ | न | ■ | डू | ■ | ■ | बा |
| ■ | ■ | 6 ने | क | च | 7 ल | न |
| 8 पौ | ■ | ■ | ता | ■ | ति | ■ |
| 9 आ | रा | म | ■ | 10 म | का | म |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 जून, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, पंचमी-09.23 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व ऋतु- ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुम्भ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-मघा 07.20 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** — आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। आपकी सभी आवश्यताओं की पूर्ति बड़ी आसानी से हो जायेगी। विद्यार्थी नई शैक्षणिक योग्यता को विकसित करने की योजना बना सकते हैं। घुटनों और जोड़ों की पीड़ा बढ़ सकती है।

**वृष** — आज पर्यटन से जुड़े करियर में बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। दोस्तों और परिवार के साथ काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। इससे आपको खुशी और संतुष्टि प्राप्त होगी। मार्केटिंग से जुड़े कारोबार में सुअवसर प्राप्त होगा। दवाइयों के सेवन करने में सावधानी रखनी आवश्यक है।

**मिथुन** — आज आत्मविश्वास और साहसिक कार्यों में रुचि लेंगे। कमीशन और इंश्योरेंस में अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। रियल एस्टेट कारोबारियों को नए प्रकल्प मिल सकते हैं। आर्थिक समस्या दूर होगी। वैवाहिक कार्यक्रमों में व्यस्तता और सहभागिता बढ़ायेंगे।

**कर्क** — आज नौकरीपेशा लोगों के संपर्क का दायरा बड़ा हो सकता है। दाम्पत्य संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। आर्थिक लाभ की स्थिति प्रबल रहने वाली है। नई योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर पायेंगे। परीक्षाओं का परिणाम आपके पक्ष में आ सकता है।

**सिंह** — आज संपत्ति संबंधी मामले लाभकारी हो सकते हैं। युवा प्रेम संबंधों को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। पुराने मित्रों से संपर्क स्थापित होगा। गंभीर विषयों का अध्ययन कर सकते हैं। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कन्या** — आज अपनी इम्यून क्षमता को बढ़ाने के लिए योग और प्राणायाम अवश्य करें। अपने कर्म और भाग्य पर भरोसा रखें। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। कमीशन से संबंधित कार्यों में बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। बौद्धिक चर्चाओं में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

**तुला** — आज कार्यक्षेत्र में शानदार धन लाभ हो सकता है। टेक्सटाइल के व्यापार में काफी अच्छा लाभ प्राप्त होगा। शिक्षा संबंधी बाधा दूर होगी। विवेक और चतुराई से काम लें। तकनीकी संबंधी कार्यों में रुचि लेंगे। लोगों की अपेक्षाओं का दबाव रहेगा।

**वृश्चिक** — आज नौकरी में माहौल काफी अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अधिकारियों से काफी सम्मान मिलेगा। आपको कई जिम्मेदारियां एक साथ निभानी पड़ेगी। अधिकारों और सुख-साधनों में वृद्धि होगी। जीवन में ससुराल पक्ष का अतिरिक्त प्रभाव कठिनाई उत्पन्न कर सकता है।

**धनु** — आज सहकर्मियों से आपका तालमेल अच्छा रहेगा। आपको मेहनत का बेहतरीन परिणाम प्राप्त होगा। मित्रों के साथ संबंध मधुर रहेंगे। सभी आवश्यक कार्यों में अच्छी प्रगति होगी। पूर्व निर्धारित योजनाओं से लाभ प्राप्त होगा। सोशल मीडिया में अनावश्यक समय व्यर्थ न करें।

**मकर** — आज नई तकनीक का अभ्यास कर सकते हैं। महत्वपूर्ण लोगों से आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। शोध कार्यों से जुड़े लोगों को कुछ अच्छा सीखने को मिलेगा। छोटे निवेशों से बड़ा लाभ मिल सकता है। काम का अत्यधिक दबाव आपको निराशा के दलदल में धकेल सकता है।

**कुंभ** — आज आप दोस्तों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। स्वादिष्ट भोजन का आनन्द उठायेंगे। अचानक ऐसे लोगों से मुलाकात होगी जिनकी आपको बेहद आवश्यकता होगी। घर का वातवारण सुकून भरा रहेगा। जीवनसाथी को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है।

**मीन** — आज अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें। परिजनों का अच्छा सहयोग मिलेगा। धैर्य और सूझबूझ से काम करना बेहतर होगा। आपकी कोई मनोकामना पूरी हो सकती है। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहें। आंखों की सेहत का ध्यान रखें।

## सुडोकू -24

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | 2 | 6 | | 1 | |
| | | 5 | 1 | | | | 7 | |
| 4 | | | 9 | 7 | | 8 | | 3 |
| | | 6 | | | 7 | | 2 | |
| | 8 | | | | | | 9 | |
| | 1 | | 6 | | | 4 | | |
| 3 | | 2 | | 1 | 8 | | | 6 |
| | 4 | | | | 9 | 7 | | |
| | 6 | | 4 | 5 | | 1 | | |

### सुडोकू - 23 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 9 | 8 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 3 | 4 | 6 | 9 |
| 8 | 9 | 7 | 5 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 | 2 | 7 | 4 |
| 5 | 2 | 9 | 1 | 7 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 4 | 7 | 3 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 |

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर में बनेगा हर परिवार का पहचान पत्र

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार की सार्वजनिक सेवाओं की आपूर्ति को सुव्यवस्थित करने के लिए हर घर के लिए विशिष्ट पारिवारिक पहचान बनाने की योजना है। अधिकारियों ने कहा कि यह पहल लाभार्थियों तक पहुंच का दायरा भी बढ़ाएगी और सरकारी विभागों में नियोजन एवं निगरानी के लिए एकीकृत स्रोत के रूप में काम करेगी। मुख्य सचिव अटल डुल्लू ने शनिवार को इस सिलसिले में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

### प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट के 94,000 पैकेट जब्त, दो पकड़े

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में पुलिस ने गोदाम पर छापेमारी करके प्रतिबंधित विदेशी सिगरेट के 94,000 पैकेट जब्त किए और कर्नाटक निवासी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने रविवार को बताया, आरोपियों में स्थानीय निवासी परीक्षित (22) और कर्नाटक निवासी पीपी चेंगप्पा (40) है। पुलिस ने बताया कि आरोपी यूनान व संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों से सिगरेट आयात करके दिल्ली-एनसीआर सहित दक्षिण भारत में उसकी आपूर्ति करते थे।

### पूर्वी दिल्ली से पकड़े गए 83 बांग्लादेशी नागरिक

**नई दिल्ली।** पुलिस ने पूर्वी इलाकों से 33 नाबालिगों समेत 83 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध प्रवासियों की पहचान के लिए शुरू विशेष अभियान का हिस्सा है। अभियान के तहत कुल 120 बांग्लादेशियों को पकड़ा गया है। हिरासत में लिए गए 83 लोगों में 44 महिलाएं और 39 पुरुष हैं। ये लोग मंडावली, मयूर विहार, कल्याणपुरी, गाजीपुर तथा आनंद विहार में रहते रहे थे। गुप्त सूचना पर चिह्नित इलाकों में कई जगह छापेमारी की गई।

# जिनके हाथ में हथियार, उनसे बात नहीं : शाह

## तेलंगाना के निजामाबाद में हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय का किया उद्घाटन, ऑपरेशन सिंदूर पर राहुल गांधी को घेरा

**हैदराबाद, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने माओवादियों से किसी भी तरह की बातचीत से इनकार करते हुए रविवार को कहा कि प्रतिबंधित संगठन के कार्यकर्ताओं को हथियार छोड़ पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर देना चाहिए और मुख्यधारा में शामिल होना चाहिए। तेलंगाना के निजामाबाद में हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय का उद्घाटन करने के बाद रैली में कांग्रेस को घेरते हुए शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठा रहे राहुल गांधी को इसके प्रभाव को समझने के लिए पाकिस्तान की कमजोर हालत देखनी चाहिए।

शाह ने कहा कि कांग्रेस केंद्र से माओवादियों से बातचीत करने को कहती है। हमारी सरकार की हथियार रखने वालों से बात नहीं करने की नीति है। हथियार छोड़ दें, आत्मसमर्पण करें और मुख्यधारा में शामिल हों। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर में 10,000 लोगों ने हथियार छोड़े और मुख्यधारा में शामिल हुए। इन लोगों ने तालुक स्तर से लेकर राज्य विधानसभाओं तक के पदों के लिए हुए चुनावों में भी हिस्सा लिया। डेढ़ साल में 2,000 से ज्यादा माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। गृह मंत्री ने कहा, हमने तय किया है कि 31 मार्च 2026 से पहले देश से नक्सलवाद को मिटा दिया जाएगा। आदिवासी इलाकों में नक्सली हिंसा में पिछले 4 दशकों में 40,000 लोगों की जान जा चुकी है। शाह ने कहा कि उन्हें आशंका है कि कांग्रेस नक्सलियों को तेलंगाना में पनाह न दे दे। हालांकि, उन्होंने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है क्योंकि केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में है।



हल्दी बोर्ड के राष्ट्रीय मुख्यालय के उद्घाटन के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

### 1 अरब डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात का लक्ष्य

शाह ने कहा कि केंद्र ने 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात का लक्ष्य रखा है। निजामाबाद में एक सभा में उन्होंने कहा कि बोर्ड पैकिंग, ब्रांडिंग, विपणन और हल्दी के निर्यात पर ध्यान केंद्रित करेगा। उन्होंने कहा कि हल्दी बोर्ड किसानों के लिये लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने, उनके उत्पाद के निर्यात, साथ ही अनुसंधान और विकास के लिए कार्य करेगा। शाह ने कहा, आपको जानकर आश्चर्य होगा कि भारत सरकार ने 2030 तक एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के हल्दी निर्यात करने का लक्ष्य रखा है। हमने अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में एक अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य के (हल्दी) निर्यात के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी तैयारी भी कर ली है। जो (हल्दी) बोर्ड बनेगा, वह यह सुनिश्चित करने के लिए कार्य करेगा कि हल्दी का उच्चतम मूल्य किसानों तक पहुंचे। शाह ने कहा कि 2023 के विस चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना में हल्दी बोर्ड स्थापित का वादा किया था और इस संबंध में आदेश बाद में जारी हुए थे। इससे पहले, हैदराबाद के बेगमपेट हवाई अड्डे पर अमित शाह के पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी और अन्य नेताओं ने उनकी अगवानी की।

# बीएसएफ ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बढ़ाई सुरक्षा

**बोबिया, एजेंसी**

तीन जुलाई से शुरू हो रहे अमरनाथ यात्रा को लेकर अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ ने सुरक्षा बढ़ा दी है। साथ ही बीएसएफ की महिला सैनिकों के साथ ही पुरुषों की तैनाती कर सीमा पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

3 जुलाई से 38 दिनों तक चलने वाली यात्रा दो मार्गों से गुजरती है, जिनमें से एक अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किमी लंबा पहलगाम मार्ग है, वहीं दूसरा गांदरबल जिले का 14 किमी लंबा बालटाल मार्ग, जो छोटा लेकिन खड़ी चढ़ाई वाला है। ये दोनों रास्ते 3,880 मीटर ऊंचे अमरनाथ गुफा मंदिर तक जाते है। अमरनाथ यात्रा के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार व सेना काफी सतर्क है। वह यात्रा में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए पड़ोसी देश से सट रही देश की सीमा पर निगरानी गढ़ा दी गई है।

## अमरनाथ यात्रा

### सिन्हा ने की आधार शिविरों में तैयारियों की समीक्षा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने 3 जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा से जुड़ी तैयारियों की समीक्षा के लिए रविवार को नुनवान और चंदनवारी स्थित आधार शिविरों का दौरा किया। आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि नई सुविधा सुरक्षा जांच में दक्षता सुनिश्चित करेगी और श्रद्धालुओं के प्रतीक्षा समय को कम करेगी। सिन्हा ने अमरनाथ यात्रा के लिए प्रतिनियुक्त प्रशासनिक और सुरक्षा अधिकारियों के साथ बातचीत की।

# हिंदी विवाद : त्रि-भाषा नीति पर सरकारी आदेश रद्द

**मुंबई, एजेंसी**

- फडणवीस ने मामला सुझाने के लिए की समिति के गठन की घोषणा

महाराष्ट्र के स्कूलों में पहली कक्षा से हिंदी भाषा को शामिल करने के खिलाफ बढ़ते विरोध के बीच रविवार को राज्य मंत्रिमंडल ने त्रि-भाषा नीति पर सरकारी आदेश को रद्द कर दिया। राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भाषा नीति के कार्यान्वयन और आगे की राह सुझाने के लिए शिक्षाविद् नरेन्द्र जाधव की अध्यक्षता में एक समिति गठित करने की भी घोषणा की। समिति ने इस मुद्दे का अध्ययन और रिपोर्ट तैयार करने के लिए तीन महीने का समय मांगा है।

फडणवीस ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री पद पर रहने के दौरान उद्धव ठाकरे ने कक्षा 1 से 12 तक त्रि-भाषा नीति लागू करने के लिए डॉ. रघुनाथ माशेलकर समिति की सिफारिशों को स्वीकार किया था और नीति के कार्यान्वयन पर समिति गठित की थी। फडणवीस ने कहा, राज्य मंत्रिमंडल ने पहली कक्षा से त्रि-भाषा नीति के क्रियान्वयन के संबंध में अप्रैल और जून में जारी दो सरकारी आदेश वापस लेने का निर्णय लिया है। त्रि-भाषा नीति के क्रियान्वयन की सिफारिश के लिए डॉ. नरेन्द्र जाधव की अध्यक्षता में समिति गठित की जाएगी। सरकार (नीति आयोग की पूर्ववर्ती संस्था) योजना आयोग के पूर्व सदस्य और पूर्व कुलपति डॉ. जाधव की रिपोर्ट के आधार पर नया फैसला लेगी।

### हम हिंदी नहीं, सिर्फ उसे थोपे जाने के खिलाफ : उद्धव

**मुंबई।** शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी हिंदी का विरोध नहीं करती, बल्कि इसे थोपे जाने के खिलाफ है। दक्षिण मुंबई में विरोध-प्रदर्शन के बाद ठाकरे ने ये बात कही। इस विरोध-प्रदर्शन के दौरान 17 जून के उस सरकारी आदेश की प्रतियां जलाई गईं, जिसमें स्कूलों के लिए तीन भाषा नीति संबंधी निर्देश जारी किया गया था। इस विरोध-प्रदर्शन में कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल, कांग्रेस के पूर्व सांसद भालचंद्र मुंगेकर, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना नेता नितिन सरदेसाई, शिवसेना (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे और संजय राउत शामिल हुए।

## सांस्कृतिक समर्पण



पुणे में रविवार को रथ यात्रा पर इस्कॉन के आयोजित जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान श्रद्धालु विविध वेशभूषा में नजर आए। एजेंसी

# झारखंड में भारी बारिश, जलमग्न आवासीय विद्यालय से सुरक्षित निकाले गए 162 छात्र

**जमशेदपुर, एजेंसी**

झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में भारी बारिश से जलमग्न हुए निजी विद्यालय से 162 छात्रों को पुलिस और दमकल विभाग की टीमों ने रविवार को सुरक्षित निकाला। कोवाली थाना क्षेत्र के हल्दीपोखर-कोवाली रोड पर पांडरसोली स्थित स्कूल में भारी बारिश से पानी भर जाने से छात्र शनिवार रात से ही फंसे हुए थे।

एसपी (ग्रामीण) ऋषभ गर्ग ने बताया, भारी बारिश से जलमग्न हुए आवासीय विद्यालय में 162 छात्र फंस थे, जिसके बाद शिक्षकों ने सभी छात्रों को छत पर भेज दिया, जहां उन्होंने रात बिताई। सुबह साढ़े पांच बजे सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी और अग्निशमन दल पहुंचा और ग्रामीणों की मदद से एक-एक करके छात्रों को बचाया गया। अभियान में नौकाओं का प्रयोग हुआ। कोवाली थाना प्रभारी धनंजय पासवान ने बताया कि विद्यालय का एक मंजिला भवन जलमग्न हो गया था और इसे अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। छात्रों को उनके घरों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है।



बारिश के बाद विद्यालय में पानी भरने के बाद बचाए गए छात्र।

## विधायक विजय प्रताप सिंह 5 साल के लिए आप से निलंबित

**चंडीगढ़।** आप ने रविवार को अमृतसर उत्तर के विधायक एवं पूर्व आईपीएस कुंवर विजय प्रताप सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों पर पांच साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया। सिंह ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया के अमृतसर स्थित आवास पर सतर्कता ब्यूरो की छापेमारी पर सवाल उठाया था। सूत्रों ने बताया कि सिंह को निलंबित करने का फैसला आप की राजनीतिक मामलों की समिति ने लिया।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य पहुंचीं विधि कॉलेज, पुलिस से हुई तीखी बहस

**कानून की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला**

**कोलकाता, एजेंसी**

राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार रविवार को साउथ कोलकाता लॉ कॉलेज पहुंचीं। कॉलेज में कानून की छात्रा से पूर्व छात्र सहित तीन लोगों ने दुष्कर्म किया था। अर्चना ने दावा किया कि पुलिस उन्हें ये जानकारी नहीं दे सकी कि पीड़िता कहां है। वहीं कॉलेज में प्रवेश को लेकर उनकी पुलिस से बहस भी हुई।

उन्होंने कहा, आयोग छात्रा के साथ खड़ा है। आयोग का काम पीड़िता की तब तक सहायता करना है, जब तक वह चाहती है। विधि कॉलेज पहुंचीं अर्चना से कॉलेज में प्रवेश को लेकर पुलिस अधिकारियों से बहस करते देखा गया। कॉलेज में मौजूद एसीपी ने बताया कि आयोग की सदस्य के अलावा, उनके साथ आए दो अन्य लोगों को मोबाइल नंबर नोट करने के बाद प्रवेश की अनुमति दी गई। अंदर वीडियो या फोटोग्राफी की अनुमति नहीं होगी। बाद में अर्चना परिसर में दाखिल हुईं और गार्ड रूम में गईं।

### विरोध में निकाली गईं रैलियां

**कोलकाता।** भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने शहर के सरकारी विधि कॉलेज की प्रथम वर्ष की छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म के विरोध में रविवार को रैली का नेतृत्व किया और पश्चिम बंगाल में हर बेटी की सुरक्षा की मांग की। कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और नागरिक संस्था के सदस्यों द्वारा भी शहर और बाहरी इलाकों में रैलियां निकाली गईं।

## ईसी 2003 की बिहार की मतदाता सूची जल्द करेगा अपलोड

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग (ईसी) जल्द 2003 की बिहार की मतदाता सूची को वेबसाइट पर अपलोड करेगा, ताकि 4.96 करोड़ मतदाता जिनके नाम इसमें शामिल हैं, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए नामांकन प्रपत्र के साथ संलग्न करने के लिए प्रासंगिक हिस्से को निकाल सकें। ईसी द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, 4.96 करोड़ मतदाताओं- जो कुल मतदाताओं का 60% और जो 2003 की सूची में शामिल थे, उन्हें जन्म से जुड़े दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है।

## कारोबार/कृषि

# आईआईपी के आंकड़े पर बाजार की नजर

## अमेरिकी शुल्क से जुड़े घटनाक्रमों तथा वैश्विक रुझान तय करेंगे बाजार की चाल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की रहेगी निगाह

शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) जैसे वृहद आर्थिक आंकड़ों, अमेरिकी शुल्क से जुड़े घटनाक्रमों तथा अन्य वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि सप्ताह के दौरान विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और कच्चे तेल की कीमतों पर भी सभी की निगाह रहेगी।

बजाज ब्रोकिंग रिसर्च के अनुसार, इस सप्ताह भारत और अमेरिका से कई महत्वपूर्ण आर्थिक आंकड़े जारी होंगे, जो बाजार की धारणा और केंद्रीय बैंक के परिदृश्य को प्रभावित करेंगे। भारत में सप्ताह की शुरुआत 30 जून को मई के लिए औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों से होगी। 1 जुलाई को विनिर्माण पीएमआई के आंकड़े आएंगे, जिससे भारत के औद्योगिक क्षेत्र और ऑर्डर प्रवाह की स्थिति की जानकारी मिलेगी। 3 जुलाई को सेवा पीएमआई के आंकड़े जारी होंगे। प. एशिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट से पिछले सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार में तेज उछाल आया। पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 1,650.73 अंक या 2% चढ़ा। वहीं एनएसई का निफ्टी 525.4 अंक या 2% के लाभ में रहा।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, जैसे-जैसे पहली तिमाही के नतीजों का सत्र पास आ रहा है, निवेशक वृद्धि के रुझानों के शुरुआती संकेतकों के रूप में कंपनियों के प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। आने वाले सप्ताह में अमेरिका द्वारा प्रमुख वैश्विक भागीदारों के साथ अंतिम रूप दिए जाने वाले व्यापार समझौतों को लेकर भी उत्सुकता बढ़ गई है। बाजार भागीदार घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अर्थव्यवस्था में सुधार का आकलन करने के लिए अमेरिका के गैर-कृषि पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़ों के साथ भारत के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

### शीर्ष नौ कंपनियों की पूंजी 2.34 लाख करोड़ बढ़ी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से नौ की पूंजी (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह 2,34,565 .53 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। शेयर बाजार में तेजी के रुख के बीच सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई। शीर्ष सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर रही। उसके बाद क्रमश: एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का स्थान रहा।

## टाटा स्टील को इनपुट कर क्रेडिट पर कारण बताओ नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील ने रविवार को कहा कि उसे वित्त वर्ष 2018-19 और 2022-23 के बीच 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के इनपुट कर क्रेडिट के कथित अनियमित लाभ पर कर अधिकारियों से कारण बताओ एवं मांग (एससीएन) नोटिस मिला है।

टाटा स्टील ने शेयर बाजार को बताया कि शनिवार को मिले नोटिस के अनुसार, उसे 30 दिन में केंद्रीय जीएसटी और उत्पाद शुल्क, जमशेदपुर के अतिरिक्त/संयुक्त आयुक्त के सामने कारण बताना होगा जीएसटी उससे क्यों नहीं मांगा जाए। रांची स्थित केंद्रीय कर आयुक्त (लेखा परीक्षा) कार्यालय से 27 जून को जारी नोटिस में कहा गया कि इनपुट कर क्रेडिट का लाभ केंद्रीय कर अधिनियम के कुछ प्रावधानों का उल्लंघन करके लिया गया।

# कमोडिटी एक्सचेंज: निवेश का बेहतर मंच




कमोडिटी एक्सचेंज संगठित मंच है जहां विभिन्न वस्तुओं जैसे सोना, चांदी, तेल, गेहूं, कपास आदि की खरीद-बिक्री होती है। यह एक्सचेंज व्यापारियों और निवेशकों को सुरक्षित और पारदर्शी वातावरण देता है, जहां वे फ्यूचर्स या वास्तविक वस्तुओं का व्यापार कर सकते हैं। इसके माध्यम से कीमतें वैश्विक मांग-आपूर्ति के अनुसार तय होती हैं। निवेशक यहां मूल्य अस्थिरता से लाभ कमाने की कोशिश करते हैं। हालांकि इसमें लाभ के साथ जोखिम भी जुड़े होते हैं, जैसे कि कीमतों में गिरावट, सही रणनीति के बिना निवेश आदि। इसलिए जानकारी से किया गया निवेश ही सुरक्षित होता है।

### क्या है एक्सचेंज

कमोडिटी एक्सचेंज एक ऐसा वित्तीय मंच है, जहां कृषि उत्पाद, धातुएं, ऊर्जा संसाधन आदि जैसी वस्तुओं का व्यापार तय मानकों और अनुबंधों के तहत किया जाता है। भारत में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) और नेशनल कमोडिटी एंड डेरिवेटिव्स एक्सचेंज (एनसीडीईएक्स) प्रमुख हैं। ये प्लेटफॉर्म खरीदारों और विक्रेताओं को जोड़ते हैं और कीमतों में पारदर्शिता लाते हैं।

### निवेशकों को होने वाले फायदे

- **पारदर्शी मूल्य निर्धारण:** मांग-आपूर्ति पर कीमतें तय, धोखाधड़ी की संभावना कम।
- **हेजिंग:** किसान, व्यापारी और उद्योग अपनी कीमतों को भविष्य में लॉक कर सकते हैं।
- **लिक्विडिटी:** बड़ी संख्या में खरीदार और विक्रेता, जिससे व्यापार करना आसान।
- **विविध निवेश:** निवेशकों को विविध पोर्टफोलियो बनाने का मौका।

### निवेशक न लें जोखिम

- **अस्थिरता:** मौसम, राजनीतिक व वैश्विक घटनाओं से कीमतों में उतार-चढ़ाव।
- **जटिलता:** फ्यूचर्स और ऑप्शंस जैसे अनुबंधों को समझना निवेशकों के लिए कठिन।
- **लीवरेज का खतरा:** कम पूंजी से बड़ा सौदा करने पर घाटे का जोखिम बढ़ जाता है।

### अन्य महत्वपूर्ण बिंदु

- निवेश से पहले वस्तु के बाजार की गहराई से समझ जरूरी है।
- एक्सचेंज द्वारा तय नियमों और नियामक संस्था की निगरानी से व्यापार सुरक्षित।
- लॉन्ग और शॉर्ट टर्म, दोनों के निवेशकों के लिए उपयुक्त विकल्प उपलब्ध हैं।

# अनुषंगी इकाइयों में निवेश का मौद्रीकरण करें बैंक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आईपीओ या विनिवेश के लिए 15 अनुषंगी कंपनियां या संयुक्त उद्यम तैयार

वित्त मंत्रालय ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) से कहा है कि वे परिचालन बढ़ाने के बाद अनुषंगी कंपनियों में अपने निवेश के मौद्रीकरण लिए उन्हें एक्सचेंज में सूचीबद्ध करने पर विचार करें। इससे उन्हें अपने निवेश पर अच्छा प्रतिफल मिल सकेगा।

सूत्रों ने कहा कि मध्यम से दीर्घावधि में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) या विनिवेश के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में लगभग 15 अनुषंगी कंपनियां या संयुक्त उद्यम तैयार हैं। जहां भी आवश्यक हो बैंकों को अपनी अनुषंगी कंपनियों या संयुक्त उद्यम के परिचालन को बढ़ाने के लिए निवेश करना चाहिए और सही समय पर इस निवेश का मूल्य निकालने का प्रयास करना चाहिए।

सूत्रों ने कहा कि मौद्रीकरण से पहले बैंकों को कामकाज के संचालन, पेशेवर निर्णय की प्रक्रिया में सुधार करना चाहिए। इससे उनकी अनुषंगी कंपनियों की परिचालन दक्षता में सुधार होगा। उदाहरण के लिए, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) भविष्य में परिचालन बढ़ाने के बाद एसबीआई जनरल इंश्योरेंस और एसबीआई पेमेंट सर्विसेज को सूचीबद्ध करने पर विचार कर सकता है। 24 फरवरी, 2009 को गठित एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने मार्च, 2025 को समाप्त वित्त में 509 करोड़ का लाभ कमाया है।

एसबीआई की साधारण बीमा इकाई ने मार्च, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान 10 रुपये मूल्य के 3,71,693 इक्विटी शेयर आवंटित किए हैं। एसबीआई जनरल में एसबीआई की हिस्सेदारी 69.11से घटकर 68.99% रह गई है। एसबीआई पेमेंट का 74% स्वामित्व एसबीआई के पास है और बाकी हिताची पेमेंट सर्विसेज के पास है।

## महिंद्रा होलिडेज को 363 करोड़ रुपये का कर मांग नोटिस मिला

**नई दिल्ली।** महिंद्रा होलिडेज एंड रिजॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड ने रविवार को कहा कि उसे अपने क्लब सदस्यता सेवाओं पर एकीकृत माल और सेवा कर (आईजीएसटी) से संबंधित जुर्माने सहित 363 करोड़ रुपये से अधिक का कर मांग नोटिस मिला है। कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि वह इस संबंध में उचित प्राधिकारी के समक्ष कानूनी उपाय करने के लिए कदम उठा रही है। चेन्नई स्थित राज्य कर अधिकारी, अन्ना सलाई सेंट्रल-3 ने 28 जून, 2025 को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

# 12.5 किलो के सोने की ईट अपने भंडार में रखता है भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोने की अहमियत को समझते हुए 1991 के आर्थिक संकट के बाद से सोने का भंडार कई गुणा बढ़ाया है और वर्तमान में यह 870 टन है। केंद्रीय बैंक 12.5 किलो वजन की सोने की ईंट के रूप में विभिन्न जगहों पर यह स्वर्ण भंडार रखता है। आरबीआई पर बने एक वृत्त चित्र में यह जानकारी दी गई है।

आरबीआई ने अपने कामकाज और भूमिकाओं को को लेकर जारी वृत्तचित्र में बताया कि हमारा देश दुनिया में करेंसी नोट के सबसे बड़े उत्पादकों में से है। जहां अमेरिका में यह 5,000 करोड़ इकाई, यूरोप में 2,900 करोड़ इकाई है वहीं भारत में यह 13,000 करोड़ इकाई (दो मई, 2025 की स्थिति के अनुसार चलन में नोट का मूल्य 38.1 लाख करोड़ रुपये) है।



- आरबीआई अपनी भूमिकाओं को लेकर जारी किया वृत्तचित्र
- केंद्रीय बैंक ने स्वर्ण भंडार कई गुणा बढ़ाया, वर्तमान में 870 टन

आरबीआई अनलॉक्डः बियॉन्ड द रुपी शीर्षक से जारी पांच भाग वाली यह श्रृंखला जियो हॉटस्टार के साथ मिलकर शुरू की गई है। इसमें आरबीआई ने तिजोरी को दिखाया है। देश में स्वर्ण भंडार के संरक्षक के रूप में 870 टन सोना काफी सुरक्षित स्थानों पर रखा है। इस सोने को केंद्रीय बैंक 12.5 किलो की ईंट के रूप में रखता है।

केंद्रीय बैंक के अधिकारी कहते हैं, सोना केवल धातु नहीं बल्कि देश की ताकत है। देश की अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव होता रहेगा लेकिन सोना हमेशा अपना मूल्य बनाए रहेगा। आरबीआई के अनुसार, 20 जून को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 57.3 करोड़ डॉलर घटकर 85.74 अरब डॉलर रहा।

वहीं विदेशी मुद्रा भंडार इस दौरान 1.01 अरब डॉलर घटकर 697.93 अरब डॉलर रहा। वृत्त चित्र के अनुसार, आज करेंसी नोट की छपाई में इस्तेमाल होने वाली मशीन, इंक से लेकर सभी प्रकार की चीजों का विनिर्माण भारत में ही होता है।

# रोहित ने टी20 विश्व कप फाइनल के भावनात्मक पलों को याद किया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रोहित शर्मा ने अपनी कप्तानी में भारत की टी20 विश्व कप जीत को याद करते हुए कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल मैच से पहले वह बहुत घबराए हुए थे और पूरी रात सो नहीं पाए थे। इस मैच का दबाव ऐसा था कि उन्हें लगा कि उनका पैर सुन्न हो गया है। भारत पिछले साल 29 जून को टी20 विश्व कप चैंपियन बना था। इस जीत के साथ ही भारत ने विश्व कप खिताब के 13 साल के सूखे को खत्म किया था।

रोहित ने 'जियो हॉटस्टार' से कहा 13 साल लंबा समय होता है। ज्यादातर लोगों का करियर भी 13 साल का नहीं होता। विश्व कप जीतने के लिए इतना लंबा इंतजार करना, मैंने अपना पिछला विश्व कप 2007 में जीता था। मेरे लिए यह इससे बड़ा और कुछ नहीं हो सकता था।

**सूर्यकुमार यादव का यादगार कैच :** भारतीय कप्तान ने आखिरी ओवर में सूर्यकुमार यादव द्वारा डेविड मिलर के शानदार कैच को फाइनल का निर्णायक क्षण करार दिया। उन्होंने कहा सूर्यकुमार के कैच के बाद अंपायरों ने इस पर फैसले के लिए तीसरे अंपायर की मदद मांगी। इस समय सभी की धड़कनें तेज हो गई थीं। रोहित ने कहा मैं उस समय लॉन्ग ऑफ पर सूर्यकुमार के ठीक सामने था और शुरुआत में मुझे लगा कि गेंद छह रन के लिए चली गयी है। सूर्यकुमार ने बाउंड्री के पास क्षेत्ररक्षण करते समय सजगता दिखाते हुए शानदार कैच लपका। इस कैच से भारत की सात रन से जीत सुनिश्चित हुई। रोहित ने कहा मिलर ने जब शॉट मारा तब मुझे लगा कि अब दक्षिण अफ्रीका को पांच गेंद में 10 रन बनाने हैं लेकिन फिर मैंने देखा कि गेंद सूर्यकुमार के हाथों में चली गयी। उन्होंने कहा इस कैच को पकड़ना काफी मुश्किल था। उस कैच पकड़ने में बहुत मेहनत लगी होगी क्योंकि जब गेंद हवा में थी तो ऐसा लग रहा था कि वह आसानी से सीमा रेखा को पार कर जाएगी। शायद हवा ने गेंद को थोड़ा मैदान की ओर खींच लिया। जब तीसरे अंपायर कैच की जांच कर रहे थे तब उन्होंने सूर्याकुमार से इसके अच्छी तरह लपकने के बारे में पूछा जिस पर सूर्यकुमार ने कहा कि उन्हें लगता है कि उन्होंने कैच सही तरीके से पकड़ लिया है। स्क्रीन पर फैसला आने तक सबकी सांसें अटकी हुई थीं। तीसरे अंपायर ने कैच को वैध करार दिया, जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका की बल्लेबाजी ढह गई।



टी20 विश्व कप–2024 की ट्रॉफी के साथ रोहित शर्मा। ● एजेंसी

### मैं पूरी रात नहीं सो पाया

रोहित शर्मा ने कहा–मैं पूरी रात सो नहीं पाया। मैं सिर्फ विश्व कप के बारे में सोच रहा था। मैं घबराया हुआ था। मुझे अपने पैर महसूस नहीं हो रहे थे। उन्होंने कहा क्या मैं दबाव में था? मैं इसे जाहिर नहीं होने देना चाहता था, लेकिन अंदर से काफी 'नर्वस' था। हमें सुबह साढ़े आठ या नौ बजे स्टेडियम के लिए निकलना था। मैं सुबह सात बजे ही जग गया था। मैं अपने रूम से मैदान को देख सकता था। उन्होंने कहा मुझे याद है कि मैं सोच रहा था दो घंटे बाद मैं मैदान पर रहूंगा और लगभग चार घंटे के बाद मैच का परिणाम लगभग तय हो जाएगा।

**दक्षिण अफ्रीका को अंतिम ओवर में चाहिए थे 16 रन :** दक्षिण अफ्रीका को आखिरी ओवर में 16 रन की जरूरत थी लेकिन टीम हार्दिक पंड्या के इस ओवर में केवल आठ रन ही बना पाई।

**विराट कोहली की शानदार पारी :** इससे पहले विराट कोहली की 59 गेंदों पर 76 रन की पारी से भारत ने खराब शुरुआत से उबरते हुए सात विकेट पर 176 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था। केशव महाराज और कगिसो रबाडा ने रोहित, ऋषभ पंत और सूर्यकुमार को सस्ते में चलता कर दिया था जिसके बाद कोहली और अक्षर पटेल (31 गेंद में 47 रन) ने भारतीय पारी को संवारा। पंड्या ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाने के साथ तीन अहम विकेट भी चटकाये।

रोहित ने कहा जब हमने शुरुआत में तीन विकेट जल्दी गंवा दिए तो ड्रेसिंग रूम में जाहिर तौर पर बहुत घबराहट थी। मैं सहज नहीं था। मैं सोच रहा था कि हमने उन्हें मैच पर पकड़ बनाने का मौका दे दिया। मेरे दिमाग में हालांकि हमेशा यह बात थी कि हमारे निचले मध्य क्रम ने टूर्नामेंट में ज्यादा बल्लेबाजी नहीं की थी लेकिन जब भी उन्हें मौका मिला उन्होंने प्रभाव डाला। रोहित ने बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल की उपयोगी पारी और कोहली के साथ उनकी 72 रनों की साझेदारी को याद किया।

# पंत का पहला सवाल था क्या मैं दोबारा खेल पाऊंगा

● **दुर्घटना के बाद इलाज करने वाले आर्थोपेडिक सर्जन डॉ दिनशॉ पारदीवाला ने किया खुलासा**

**लंदन, एजेंसी**

भारत के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को दिसंबर 2022 में एक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद जब मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया तो उनका डॉक्टर से पहले सवाल यही था कि क्या वह फिर से खेल पाएंगे।



यह खुलासा प्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन डॉ दिनशॉ पारदीवाला ने किया, जिन्होंने इस भीषण दुर्घटना के बाद इस स्टार क्रिकेटर का इलाज किया था। पंत ने 30 दिसंबर, 2022 को दिल्ली से अपने गृहनगर रुड़की जाते समय अपनी कार पर नियंत्रण खो दिया, जिससे कार डिवाइडर से टकरा गई और उन्हें गंभीर चोटें आईं। पारदीवाला ने डेली टेलीग्राफ से कहा ऋषभ पंत बहुत भाग्यशाली थे कि वे जीवित बच गए। वह वास्तव में बहुत भाग्यशाली थे। उन्होंने कहा जब उन्हें अस्पताल लाया गया तो उनका दाहिना घुटना उखड़ गया था। उनके दाहिने टखने में भी चोट थी, शरीर पर कई अन्य छोटी-मोटी चोटें थीं। उनकी त्वचा का बहुत ज़्यादा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। पारदीवाला ने कहा, फिर कार से बाहर निकलते समय टूटे हुए कांच के कारण उनकी पीठ की त्वचा का काफी हिस्सा छिल गया। इस तरह की दुर्घटना में मौत का काफी जोखिम होता है। पंत ने हालांकि हार नहीं मानी और अपना जोश और जज्बा बनाए रखा।

## एक नजर

### दीक्षा जर्मन मास्टर्स में संयुक्त आठवें पायदान पर

**हैम्बर्ग (जर्मनी) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर अमुंडी जर्मन मास्टर्स के तीसरे दौर में एक ओवर 74 का कार्ड खेलने के बावजूद तालिका में संयुक्त रूप से आठवें पायदान पर बनी हुई है। शुरुआती दो दौर में 69 और 73 का कार्ड खेलने वाली दीक्षा तीसरे दौर में तीन बर्डी के मुकाबले चार बोगी कर बैठी। कट में प्रवेश पाने वाली अन्य भारतीयों में वाणी कपूर (76) संयुक्त 21वें और अवनि प्रशांत (74) संयुक्त 36वें स्थान पर हैं।

### टीवी अंपायर की आलोचना करने पर डैरेन सैमी पर जुर्माना

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस) :** वेस्टइंडीज के कोच डैरन सैमी पर बारबाडोस में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान टीवी अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक की सार्वजनिक रूप से आलोचना करने के कारण मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। सैमी ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद संवाददाता सम्मेलन में तीसरे अंपायर के फैसलों की आलोचना की थी और निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) के फैसलों में निरंतरता की मांग की थी। सैमी ने निराशा व्यक्त की थी कि होल्डस्टॉक का विकेट के पीछे कैच के लिए भेजे गए दो एक जैसे मामलों में फैसला अलग–अलग था। इसमें ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रैविस हेड को नॉट आउट दिया गया था, जबकि वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज शाई हॉप को आउट करार दिया गया था।

### महाराज 200 टेस्ट विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले स्पिनर बने

**बुलावायो :** कार्यवाहक कप्तान केशव महाराज रविवार को यहां जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरुआती मैच के दूसरे दिन 200 टेस्ट विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीका के पहले स्पिनर बन गए। पैंतीस वर्षीय महाराज पिछले नौ वर्षों से टेस्ट क्रिकेट खेल रहे हैं और धीरे धीरे टेस्ट प्रारूप में टीम के प्रमुख स्पिनर बन गए हैं। महाराज ने यह उपलब्धि 34वें ओवर में जिम्बाब्वे के क्रेग एर्विन को आउट करके हासिल की जिन्हें काइल वेरेने ने स्टंप किया। महाराज पूर्व ऑफ स्पिनर ह्यूग टेफील्ड के 170 विकेट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने के बाद दक्षिण अफ्रीका के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले स्पिनर हैं। बाएं हाथ के स्पिनर महाराज के नाम अब 59 टेस्ट मैच में 202 विकेट हैं।

### रोनाल्डो ने क्लब विश्व कप पर रिकॉर्ड छठे विश्व कप को दी प्राथमिकता

**लिस्बन :** स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो रिकॉर्ड छठे फीफा विश्व कप में खेलने के लिए क्लब विश्व कप का हिस्सा नहीं बने हैं। रोनाल्डो ने कहा कि उनके लिये यह लंबा सत्र है और वह आराम कर के खुद को फिट और तरोताजा रखना चाहते हैं। रोनाल्डो ने सऊदी अरब के अपने क्लब अल नासर द्वारा पोस्ट किए गए एक इंस्टाग्राम वीडियो में कहा मेरे पास (क्लब) विश्व कप खेलने के कुछ प्रस्ताव थे, लेकिन मुझे लगता है कि इसका कोई मतलब है क्योंकि मैं अच्छी तरह से आराम करना और बेहतर तैयारी करना पसंद करता हूं।

# टेस्ट क्रिकेट में बुमराह पर निर्भर है भारतीय टीम

## इंग्लैंड के पूर्व दिग्गल बल्लेबाज एलन लैम्ब भारतीय खिलाड़ियों के बारे में खुलकर बोले



जसप्रीत बुमराह।

**बर्मिंघम, एजेंसी :** दक्षिण अफ्रीका में जन्मे इंग्लैंड के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज एलन लैम्ब का मानना है कि भारत को टेस्ट मैच जीतने के लिए अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर काफी हद तक निर्भर रहना होगा। लेकिन उनकी प्रतिभा को देखते हुए वे 50 ओवर के मैचों में किसी भी टीम को हराने की क्षमता रखते हैं। इंग्लैंड की तरफ से 79 टेस्ट मैच के अलावा तीन बार वनडे विश्व कप में खेलने वाले 71 वर्षीय लैम्ब भारतीय क्रिकेट के विकास विशेषकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने जिस तरह से दुनिया भर के खिलाड़ियों का जीवन बदला उससे काफी खुश हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) जिस तरह से टेस्ट क्रिकेट को संचालित कर रही है उससे वह खुश नहीं दिखे। लैम्ब ने पीटीआई से बात करते हुए काउंटी क्रिकेट में कपिल देव के साथ खेलने के दिनों के बारे में भी बात की और बताया कि वह सचिन तेंदुलकर को सुनील गावस्कर और विराट कोहली से बेहतर क्यों मानते हैं। लैम्ब से इंटरव्यू के अंश :



**प्रश्न :** आपने 1984-85 की श्रृंखला में पहली बार भारत का दौरा किया था और इससे पहले 1982 में भारत के खिलाफ लॉर्ड्स में अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। आप भारतीय क्रिकेट के उदय को किस तरह से देखते हैं?

**उत्तर:** मेरा शुरू से मानना था कि भारतीय क्रिकेट आगे बढ़ेगा। यह धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। क्रिकेट भारत का नंबर एक खेल है और वह हमेशा शीर्ष पर रहेगा। आईपीएल ने भारत और दुनिया में क्रिकेट को बदल दिया है। 15 और 16 साल के इन युवाओं (वैभव सूर्यवंशी जैसे) को आगे बढ़ते हुए और अपनी विशिष्ट छाप छोड़ते हुए देखना अविश्वसनीय है। एक दिवसीय क्रिकेट में भारत को हर प्रतियोगिता जीतनी चाहिए। टेस्ट मैचों में आप बुमराह पर बहुत अधिक निर्भर रहने वाले हैं और आपको विराट कोहली की बहुत कमी खलेगी।

**प्रश्न:** क्या आप आईपीएल में खेलना पसंद करते और इसने एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के जीवन को किस तरह बदल दिया है?

**उत्तर :** आईपीएल ने वर्तमान समय के सभी क्रिकेटरों की ज़िंदगी बदल दी है। उन्हें टेस्ट क्रिकेट खेलने की ज़रूरत नहीं है। वे दुनिया भर में टी20 लीग के साथ अनुबंध कर सकते हैं और खूब पैसा कमा सकते हैं। मेरा मतलब है, जब हम खेलते थे तो हमें इतना पैसा नहीं मिलता था। लेकिन उनके लिए यह अच्छा है। वे लाखों डॉलर के हकदार हैं। और क्या मैंने आईपीएल का आनंद लिया होता। निश्चित तौर पर क्योंकि जब मैं खेलता था, तो मैं हमेशा आखिरी 20 ओवरों तक या अगर हम 50 ओवर का मैच खेलते थे तो आखिरी 10 ओवरों तक इंतजार करता था।

**प्रश्न:** आपने नॉर्थम्पटनशर में कपिल देव के साथ खेला है तथा सुनील गावस्कर और सचिन तेंदुलकर जैसे खिलाड़ियों के खिलाफ खेला है। आपका पसंदीदा भारतीय क्रिकेटर कौन है?

**उत्तर:** मुझे कपिल देव का खेलने का तरीका बहुत पसंद था। हम नॉर्थम्पटन में साथ-साथ खेले हैं। मुझे याद है कि वह मेरे पास आए और मैंने कहा, 'कपी, मैं बहुत खुश हूं कि तुम यहां आए हो। हमें अपनी गेंदबाजी को मजबूत करने की जरूरत है।' उन्होंने कहा, 'नहीं, मैं अपनी गेंदबाजी को नहीं अपनी बल्लेबाजी को बेहतर बनाने आया हूं। मैं यहां एक बल्लेबाज के तौर पर आया हूं, जिसका मैंने हमेशा आनंद लिया है।'

**प्रश्न:** गावस्कर, सचिन या कोहली?

**उत्तर:** इसका जवाब मेरे लिए आसान है सचिन तेंदुलकर। मैं उनके खिलाफ तब खेला था जब वह 18 साल के थे। मैंने स्लिप में उनका कैच टपका दिया था और उन्होंने इसका फायदा उठाकर शतक ठोक दिया था। इसलिए मैं उनसे हमेशा कहता रहता हूं कि मैंने उनकी मदद की। कोहली शानदार खिलाड़ी हैं। उनके पास सभी तरह के शॉट हैं, वे तेज़ी से रन बना सकते हैं। लेकिन अगर आप उन खिलाड़ियों की बात करें जिनके खिलाफ मैं खेला हूं तो मैं सचिन तेंदुलकर का नाम लूंगा। मैं उन्हें सुनील गावस्कर से भी आगे रखूंगा।

**प्रश्न:** आप विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के वर्तमान प्रारूप के प्रशंसक नहीं हैं। ऐसा क्यों?

**उत्तर:** आईसीसी को इस बारे में कुछ करना होगा, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैचों के लिए जो प्रारूप है, लोग निश्चित नहीं हैं कि इसमें क्या हो रहा है, क्योंकि यह दो वर्षों से चल रहा है। कुछ टीमें ऐसी हैं, जैसा कि सभी ने कहा, कि दक्षिण अफ्रीका ने इसलिए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया क्योंकि उसने कमजोर टीमों का सामना किया था।

# टी20 में शतक लगाना बहुत खास है : मंधाना

**नॉटिंघम, एजेंसी**

भारत की कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ यहां खेले गए पहले टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी टीम को 97 रन से जीत दिलाने के बाद कहा कि इस प्रारूप में शतक लगाना उनके लिए विशेष मायने रखता है क्योंकि वह नैसर्गिक तौर पर पावर हिटर नहीं हैं।

मंधाना ने अपने 149वें मैच में अपना पहला टी20 शतक लगाया। उन्होंने 62 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 112 रन बनाए, जिससे भारतीय टीम 210 रन बनाने में सफल रही। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 14.5 ओवर में 113 रन पर ढेर हो गई। मंधाना ने शनिवार को मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा यह अच्छा अहसास है, क्योंकि यह प्रारूप ऐसा है जिसमें एक बल्लेबाज के तौर पर मुझे लगातार प्रयास और सुधार करते रहना होगा। यह मेरे लिए बहुत नैसर्गिक प्रारूप नहीं है।

● **भारत की कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच में शतक लगाकर फैंस का दिल जीत लिया**



उन्होंने कहा मैं पावर हिटर नहीं हूं और मुझे अपनी टाइमिंग पर भरोसा रखकर शॉट मारना पसंद है लेकिन मैं अपनी पावर हिटिंग पर भी काम करने की कोशिश कर रही हूं। इस सलामी बल्लेबाज ने कहा इस प्रारूप में शतक बनाना वास्तव में खास है। मैंने टेस्ट क्रिकेट और एक दिवसीय क्रिकेट में भी शतक लगाए हैं, लेकिन यह दोनों प्रारूप मेरी बल्लेबाजी शैली के अधिक अनुकूल हैं। मंधाना ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं था कि वह यहां पहले मैच में शतक लगाने में सफल रहेगी। उन्होंने कहा मैंने नहीं सोचा था कि में पहले मैच में ही शतक लगाने में सफल रहूंगी। मैं इससे पहले कुछ अवसरों पर यहां तक पहुंचने से चूक गई थी और मैं बहुत खुश हूं कि आज मैं इसे हासिल करने में सफल रही। पिछले 10 वर्षों में 70 और 80 रन पर आउट होना निराशाजनक था।

## चेल्सी व पाल्मेरास क्वार्टर फाइनल में

**चार्लोट (अमेरिका) :** क्रिस्टोफर एनकुंकू ने अतिरिक्त समय में रिबाउंड पर गोल किया जिससे चेल्सी ने बेनफिका को 4-1 से हराकर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। खराब मौसम और बिजली कड़कने के कारण इस मैच में व्यवधान पड़ा और इसे पूरा होने में करीब पांच घंटे लगे। चेल्सी क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को फिलाडेल्फिया में पाल्मेरास से भिड़ेगा। पाल्मेरास ने शनिवार को खेले गए अंतिम 16 के एक अन्य मैच में बोटाफोगो को 1-0 से हराया।



नीदरलैंड के ग्रैंड प्रिक्स में मोटो 3 रेस जीतने के बाद जश्न मनाते हुए स्पेन के राइडर के जोस एंटोनियो। वह रेड बुल टीम के खिलाड़ी हैं। ● एजेंसी

# भारतीय शटलर तन्वी और आयुष अमेरिकी ओपन के फाइनल में

**आयोवा (अमेरिका), एजेंसी**

प्रतिभाशाली भारतीय शटलर तन्वी शर्मा और आयुष शेट्टी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। भारत की 16 वर्षीय गैरवरीयता प्राप्त खिलाड़ी तन्वी ने महिला एकल के सेमीफाइनल में यूक्रेन की सातवीं वरीयता प्राप्त पोलिना बुहरोवा को 34 मिनट में 21-14, 21-16 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। यह उनकी यूक्रेन की खिलाड़ी के खिलाफ करियर की दूसरी जीत थी।

फाइनल में तन्वी का मुकाबला अमेरिका की शीर्ष वरीयता प्राप्त बेइवेन झांग से होगा। पुरुष एकल में भारत के चौथी वरीयता प्राप्त आयुष ने शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व के छठे नंबर के चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन को एक घंटे से अधिक समय तक चले मुकाबले में 21-23, 21-15, 21-14 से हराकर बड़ा उलटफेर किया। अब आयुष का सामना कनाडा के तीसरे वरीय ब्रायन यांग से होगा। यांग ने चीनी ताइपे के लियाओ झूओ-फू को 21-10, 21-12 से हराया।



यूएस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में जीत के बाद जश्न मनाती हुईं तन्वी शर्मा। ● एजेंसी

# अल्काराज की लगातार तीसरे विंबलडन खिताब पर निगाहें

**लंदन, एजेंसी**

स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज सोमवार को यहां सेंटर कोर्ट पर विंबलडन के पहले दौर में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगे और उनकी निगाहें इस ग्रैंडस्लैम में लगातार तीसरा खिताब अपने नाम करने पर लगी होंगी।

ओपन युग में सिर्फ चार खिलाड़ी ही लगातार तीन बार विंबलडन ट्रॉफी जीत सके हैं जो 1968 में शुरू हुआ था जिसमें ब्योर्न बोर्ग, पीट सम्प्रास, रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच शामिल हैं। छह साल पहले 22 साल के अल्काराज ने यहां ग्रासकोर्ट पर पहला मैच खेला था। पिछले साल के पुरुष चैंपियन को ही सेंटर कोर्ट पर पहला मैच खेलने का मौका मिलता है।



● **स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज विंबलडन में फैबियो फोगनिनी के खिलाफ आज करेंगे अपने अभियान की शुरुआत**

ग्रैंडस्लैम फाइनल में अल्काराज का रिकॉर्ड 5-0 है जिसमें दो बार फ्रेंच ओपन खिताब शामिल हैं। अमेरिकी ओपन में भी एक दफा वह ट्रॉफी जीत चुके हैं। अल्काराज ने तीन हफ्ते पहले फ्रेंच ओपन के फाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से दो सेट पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए खिताब जीता था। पिछले साल दूसरी रैंकिंग पर काबिज अल्काराज किसी भी कोर्ट (ग्रास, क्ले और हार्ड कोर्ट) में मेजर ट्रॉफी जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए थे। लेकिन उन्हें ग्रासकोर्ट पर खेलना पसंद है। वह सोमवार को करियर में सर्वश्रेष्ठ लगातार 18 मैच जीतने की लय को जारी रखना चाहेंगे। अल्काराज ने कहा सबसे खूबसूरत टेनिस ग्रासकोर्ट पर देखने को मिलता है। गेंद की आवाज, सबकुछ ग्रासकोर्ट पर लोगों को लुभाता है।

लगातार तीन विंबलडन ट्रॉफी जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होने के बारे में अल्काराज का कहना है कि वह इसकी परवाह नहीं करते लेकिन वह यहां खिताब जीतना चाहते हैं। अल्काराज ने कहा मैं ट्रॉफी जीतना चाहता हूं। मैं अभी इस बारे में नहीं सोच रहा हूं कि अगर मैं लगातार तीन विम्बलडन ट्रॉफी जीतता हूं तो किन खिलाड़ियों के साथ शामिल हो जाऊंगा।

### रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सबसे अच्छा मौका : जोकोविच

**लंदन :** नोवाक जोकोविच से भले ही अब किसी टूर्नामेंट के शुरू होने पर अक्सर उनके संन्यास को लेकर सवाल किया जाता है लेकिन इस स्टार टेनिस खिलाड़ी की निगाह सोमवार से शुरू होने वाले विंबलडन पर टिकी हैं जिसे वह अपना रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का सर्वश्रेष्ठ मौका मानते हैं। जोकोविच अभी 38 साल के हैं और विंबलडन से पहले उनसे यही सवाल पूछा गया कि क्या वह आखिरी बार इस प्रतियोगिता में खेलेंगे। इस 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन का जवाब भी रटा रटाया था। जोकोविच ने कहा क्या यह मेरा आखिरी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट हो सकता है। इसको लेकर अभी मैं पक्के तौर पर कुछ नहीं कह सकता हूं।

